आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

नरौना में पुश्तैनी ज़मीन पर दबंगों का कब्ज़ा: चौकी में पीड़िता से...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 02 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 52

www.janexpresslive.com/epaper



राज्य निर्वाचन आयोग पर भड़के सीएम... 12

# सदन में ड्रामा नहीं, डिलीवरी चाहिए: पीएम मोदी

## खड़गे ने कहा, धनखड़ को फेयरवेल नहीं मिला, इसका दुख, नड्डा बोले, डॉक्टर को तकलीफ बताइए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। उन्होंने कहा, %विपक्ष हाल के चुनावों में पराजय की निराशा से बाहर निकले और सदन में मजबूत मुद्दे उठाए। अगर विपक्ष चाहे तो मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हैं कि कैसे परफॉर्म किया जाए। पीएम ने कहा- यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं। पीएम ने इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया और उनके अभिवादन में स्पीच दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का अभिवादन किया। खड़गे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला। खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा- आपको बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र की हार ने काफी तकलीफ पहुंचाई है। आपको अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताना चाहिए।



### चिराग पासवान बोले, हंगामा करना लोकतंत्र के खिलाफ

एलजेपी-आर सांसद और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि 2014 में जब वे संसद आए थे, तो एक दिन का भी स्थगन होने पर उन्हें दुख होता था क्योंकि वे अपने क्षेत्र के मुद्दे नहीं उठा पाते। उन्होंने कहा कि अगर कोई केवल हंगामा करने और अपनी छवि चमकाने के लिए ऐसा करता है, तो यह लोकतंत्र के खिलाफ है। सांसदों को अपने मुद्दे उठाने के लिए संसदीय प्रक्रिया का पालन करना चाहिए।

### लोकसभा की कार्यवाही 2 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित

एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही आज दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई है। अब सदन की कार्यवाही 2 दिसंबर को 11 बजे से शुरू होगी। लोकसभा में मणिपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स बिल (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 बिल पास हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में यह बिल पेश किया था। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 41,455 करोड़ रुपए के अतिरिक्त खर्च के लिए लोकसभा से मंजूरी मांगी है।

### सभापतिजी ने कभी प्रोटोकॉल की चिंता नहीं की: पीएम

पीएम ने कहा, सभापतिजी (सभापति सीपी राधाकृष्णन) देश के बहुत कम लोगों को ऐसा अवसर मिलता है। आप कई राज्यों के राज्यपाल रहे। झारखंड में आदिवासी समाज के बीच जिस तरह से आपने अपना नाता बनाया, जिस तरह से छोटे गावों का दौरा करते, वहां के सीएम बहुत गर्व के सात मुझसे मिलकर इसका जिक्र करते थे। हेलिकॉप्टर हो न हो, आप चले जाते थे। मैंने आपको कार्यकर्ता के रूप में, एक सहयोगी, एक सांसद, अलग-अलग पदों पर देखा है। मैंने देखा है कि लोगों प्रोटोकॉल के नीचे दब जाते हैं लेकिन आपका प्रोटोकॉल से कोई नाता ही नहीं रहा है।

### पीएम मोदी ने सीपी राधाकृष्णन का अभिवादन किया

राज्यसभा में सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद संसद का यह पहला सत्र है। सीपी राधाकृष्णन का बतौर राज्यसभा सभापति यह पहला दिन भी है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, सदन के माध्यम से देश को प्रगित पर ले जाने के लिए जरूरी मुद्दों पर चर्चा और आपका अमूल्य मार्गदर्शन हम सबके लिए है। आपको मैं (राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन) बहुत बधाई देता हूं। आपका अभिनंदन देता हूं। इस सदन में बैठे सभी सदस्य गरिमा बनाए रखेंगे, ये मैं आपको भरोसा दिलाता हूं। हमारे सभापति जी एक सामान्य परिवार से आते हैं। किसान परिवार से हैं। पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया है। समाजसेवा उनकी निरंतरता रही है। राजनीतिक क्षेत्र उसका एक पहलू रहा है। लेकिन मुख्यधारा समाज के लिए रही है। आपका यहां तक पहुंचना हम सबका मार्गदर्शन करता है।

### बीजेडी सांसद बोले, सत्र शांतिपूर्वक चलने की उम्मीद

बीजेडी सांसद सश्मित पात्रा ने कहा कि बीजेडी और उनके नेता नवीन पटनायक की ओर से उन्हें उम्मीद है कि यह संसद सत्र बहुत उपयोगी रहेगा। सत्र लगभग तीन हफ्ते का है, लेकिन ओडिशा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सत्र शांतिपूर्वक चलेगा और वे ओडिशा और देश के लिए काम कर पाएंगे।

### खड़गे ने सभापति से कहा, अपने आसन से उस तरफ ज्यादा न देखें, खतरा है

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का स्वागत कर कहा कि आप तो सीपी राधाकृष्णन के हमनाम हैं। आशा है, आप उनकी तरह ही व्यवहार करेंगे और विचार रखेंगे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने सभापति से कहा कि यह अपील करना चाहूंगा। आप अपने आसन से ज्यादा उस तरफ न देखें, उसमें खतरा है। आप इधर नहीं देखेंगे, तो भी खतरा है। आप दोनों तरफ संतुलन बनाए रखेंगे तो अच्छा होगा। खड़गे ने कहा, आप जिस बैकग्राउंड से आए हैं, प्रधानमंत्री ने जिक्र किया। ठीक है, हम मानते हैं, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आप कांग्रेस के घराने से आए हैं। प्रधानमंत्री जोरदार तकरीर करके बाहर आए हैं, इसका जवाब हम यहां देंगे। आपके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामना।

### सीतारमण ने तंबाकू-पान मसाला पर सेस लगाने वाले दो बिल पेश किए

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में दो अहम बिल पेश किया। दोनों बिल उन उत्पादों पर नई कर व्यवस्था से जुड़े हैं, जिन पर अभी जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस लगता है- जैसे सिगरेट, तंबाकू और पान मसाला। इसके जरिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क एक्ट, 1944 में संशोधन कर सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर क्षतिपूर्ति सेस खत्म होने के बाद एक्साइज ड्यूटी के जरिए राजस्व संग्रह जारी रखा जाएगा। इसे केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 नाम दिया गया है। वित्त मंत्री ने स्वास्थ्य सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025 भी पेश किया। नया सेस उन उत्पादों पर लगेगा जिनसे राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा जोखिम माना जाता है। पान मसाला जैसे उत्पादों पर यह सेस लगाया जाएगा। तंबाकू और पान मसाला जैसी हानिकारक उत्पादों पर अभी 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है। क्षतिपूर्ति सेस खत्म होने के बाद, तंबाकू और संबंधित उत्पादों की बिक्री पर 40 प्रतिशत जीएसटीऔर उत्पाद शुल्क लगेगा, जबकि पान मसाला पर 40 प्रतिशत जीएसटी और स्वास्थ्य सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सेस भी लगेगा। केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन बिल में सिगार/चुरूट/सिगरेट पर 5,000 रुपए से लेकर 1,000 स्टिक पर 11,000 रुपए तक उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, इसमें कच्चा तंबाकू पर 60-70 प्रतिशत और निकोटीन और सूंघने वाले उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव है। अभी सिगरेट पर कीमत के अनुसार 5 प्रतिशत क्षतिपूर्ति सेस और 1,000 स्टिक पर 2,076-3,668 रुपए का सेस लगता है।

### संसदीय समितियों को दो बिलों पर रिपोर्ट पेश करने के लिए और समय मिला

लोकसभा ने सोमवार को दो संसदीय समितियों को दिवाला कानून और जन विश्वास प्रावधान संशोधन बिल पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए और समय दिया। सदन ने दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संसदीय समिति को शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन तक का समय दिया है। यह बिल लोकसभा में पेश किए जाने के तुरंत बाद 12 अगस्त को समिति को भेज दिया गया था। यह बिल दिवाला कानून में संशोधन का प्रयास करता है, जिसमें कई संशोधनों का प्रस्ताव है, जिसमें वास्तविक व्यावसायिक विफलताओं, समूह और सीमा पार दिवालियेपन ढांचों को संबोधित करने के लिए एक अदालत के बाहर तंत्र शामिल है। लोकसभा ने एक अन्य संसदीय समिति को जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 पर अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए शीतकालीन सत्र के दूसरे सप्ताह के अंतिम दिन तक का समय दिया। सरकार ने 18 अगस्त को यह बिल पेश किया था, जिसे बाद में संसदीय समिति को भेज दिया गया था। इस बिल का मकसद जीवन को आसान बनाने और कारोबारी माहौल में सुधार लाने के लिए विभिन्न कानूनों के तहत छोटे अपराधों से संबंधित 288 प्रावधानों को अपराधमुक्त करना है। यह दूसरा जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) बिल है। इससे पहले 2023 में, सरकार ने एक समान कानून पारित किया था।

# सरकार ने संसद में किया स्वीकार, विमानों के जीपीएस सिग्नल के साथ हुई थी छेड़छाड़

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की समस्या हुई थी, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं।



### दिल्ली में क्या हुआ?

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किनजारापु ने बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई) के पास उड़ने वाले कुछ विमानों ने जीपीएस स्पूफिंग की सूचना दी। यह समस्या रनवे 10 पर जीपीएस आधारित लैंडिंग के दौरान दर्ज की गई। स्पूफिंग का पता लगते ही तुरंत वैकल्पिक प्रक्रियाएं अपनाई गईं, जिससे विमान सुरक्षित रूप से उतरे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि दूसरे रनवे पूरी तरह सुरक्षित रहे क्योंकि वहां पारंपरिक नेविगेशन सिस्टम उपलब्ध थे। उड़ान संचालनों पर कोई गंभीर असर नहीं पड़ा।

### समस्या सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं

सरकार के अनुसार, जीपीएस जामिंग/स्पूफिंग की रिपोर्ट नवंबर 2023 से अनिवार्य की गई है। इसके बाद देश के कई बड़े हवाईअड्डों से यह समस्या लगातार सामने आ रही है। इसमें कोलकाता, अमृतसर, मुंबई, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई एयरपोर्ट शामिल हैं। इन सभी जगहों पर जीएनएसएस इंटरफेरेंस की शिकायतें मिल रही हैं।

### क्या है जीपीएस स्पूफिंग?

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है।

### जांच और सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम

सरकार की ओर से इस समस्या की पहचान के बाद कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें डीजीसीए ने जीएनएसएस इंटरफेरेंस से निपटने के लिए एडवाइजरी जारी की। वहीं जीपीएस स्पूफिंग की रियल-टाइम रिपोर्टिंग के लिए नई एसओपी लागू की गई। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने डब्ल्यूएमओ को इंटरफेरेंस के स्रोत का पता लगाने को कहा और डब्ल्यूएमओ से संसाधन बढ़ाने और संदिग्ध स्थानों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए।

### साइबर सुरक्षा भी हुई मजबूत

एविएशन सेक्टर पर बढ़ते रैनसमवेयर और मैलवेयर जैसे साइबर खतरों को ध्यान में रखते हुए- एएआई ने आईटी नेटवर्क और इन्फ्रास्ट्रक्चर में उन्नत साइबर सिक्योरिटी लागू की है। सभी उपाय एनसीआईआईपीसी और सीईआरटी-आईएन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं। वहीं खतरे के प्रकार में बदलाव के साथ सुरक्षा सिस्टम लगातार अपग्रेड किए जा रहे हैं।

## दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण: सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर वायु प्रदूषण संकट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा- मेरे मित्र का कहना है कि मामले की सुनवाई केवल सूचीबद्ध होने से ही इसमें (वायु गुणवत्ता सूचकांक) सुधार हुआ है... यह जरूरी है कि हम इसे तीन-चार महीने बाद सूचीबद्ध करने के बजाय नियमित रूप से सुनें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि दीर्घकालिक योजनाएं भी सार्वजनिक हों, उन योजनाओं पर चर्चा और अंतिम रूप दिया जाना आवश्यक है। अब इस मामले पर 10 दिसंबर को सुनवाई होगी।



### पराली जलाने की घटनाओं पर भी चर्चा

इस दौरान एएसजी ने स्वीकार किया कि राज्यों का लक्ष्य शून्य पराली जलाना था, लेकिन उसे हासिल नहीं किया जा सका। इस पर सीजेआई ने कहा, पराली जलाना अकेला कारण नहीं है। कोविड के समय भी पराली जलाई जा रही थी, लेकिन तब आसमान बिल्कुल नीला और साफ था। सीजेआई ने यह भी कहा कि पराली के मुद्दे को राजनीतिक या अहं का विषय न बनाया जाए- किसान अगर पराली जला रहा है तो इसकी एक आर्थिक वजह है। वह एक संसाधन भी है और एक वस्तु भी।

### प्रदूषण के लिए कौन-कौन जिम्मेदार?

एएसजी भाटी ने आईआईटी की 2016 और 2023 रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा, इसमें सबसे बड़ा योगदान वाहनों का है। उसके बाद धूल और औद्योगिक इलाकों का प्रदूषण और पराली जलाना सिर्फ एक सीमित समय की समस्या है। अदालत ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह में रिपोर्ट दी जाए जिसमें पराली के अलावा अन्य कारण- जैसे वाहन, निर्माण, धूल - पर अब तक कितनी कार्रवाई हुई और उसका क्या असर पड़ा, इसकी विस्तृत जानकारी हो।

### सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ?

- एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने अल्पकालिक शॉर्ट टर्म योजनाओं का शपथपत्र दाखिल किया है और सभी राज्यों व एजेंसियों के साथ बैठकें की गई हैं।
- अदालत ने पूछा कि इन योजनाओं का वास्तव में कोई असर हुआ भी है या नहीं?
- सीजेआई ने कहा, आपने जो एक्शन प्लान बनाया था, उससे कितनी सकारात्मक प्रगति हुई? हमें यह जानना जरूरी है। पहले हमें ये भी पता नहीं कि कौन-से कदम उठाए गए।

# साइबर अपराध और अवैध ड्रग्स कारोबार पर त्वरित कार्रवाई हो, कैजुअल अप्रोच न रखें अधिकारी: योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सीएम योगी ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल, प्रभावी और सिटीजन सेंट्रिक पुलिस अधिकारी बनने के लिए संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता का मंत्र दिया है। सोमवार को 23 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ औपचारिक भेंट के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल राज्य पुलिस के लिए अनेक चुनौतियां लेकर आता है, इसलिए प्रशिक्षु अवधि को सीखने, समझने और अपने पुलिसिंग मॉडल को मजबूत बनाने का सुनहरा अवसर मानें। मुख्यमंत्री ने कहा, जनपदों में प्रशिक्षण के दौरान यह सीखना सबसे आवश्यक है कि वास्तविक समस्याओं का प्रभावी और संतुष्टिपरक समाधान कैसे किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस हमेशा फर्स्ट रिस्पांडर होती है। आपकी तत्परता, भाषा और प्राथमिकता पर ही पीड़ित का विश्वास टिका होता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को यह सलाह दी कि प्रशिक्षण अवधि में थाने का चार्ज, उसके प्रशासन, विवेचना, ड्यूटी मैनेजमेंट और स्थानीय विवादों की प्रकृति को बहुत बारीकी से समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि थाना पुलिसिंग की नींव है। ह्यूमन इंटेलिजेंस आज भी किसी भी पुलिस अधिकारी का सबसे बड़ा हथियार है। स्थानीय लोगों से संवाद, फील्ड में उपस्थिति और विश्वास ही आपको मजबूत बनाते हैं।



### सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया

मुख्यमंत्री ने थाना, सर्किल तथा पुलिस लाइन तीनों की कार्यप्रणाली, संसाधनों और चुनौतियों को समझने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों का सामंजस्य ही किसी जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करता है। जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवाद गरिमापूर्ण और संयत होना चाहिए। कैजुअल अप्रोच पुलिस अधिकारी के लिए उचित नहीं है। जनप्रतिनिधि जनता की आवाज होते हैं, उनके साथ तालमेल कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाता है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं के प्रति अपराध, साइबर क्राइम और अवैध ड्रग्स के नेटवर्क के खिलाफ सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए आपकी प्रतिक्रिया और तैयारी भी उतनी ही आधुनिक और त्वरित होनी चाहिए। डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर टूल्स और तकनीक का कुशल उपयोग सीखें। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि पुलिस सेवा में सत्यनिष्ठा, अनुशासन और मानवीय दृष्टि ही सबसे बड़ी पूंजी है। आपका आचरण आने वाले वर्षों में न केवल कानून-व्यवस्था को दिशा देगा, बल्कि प्रदेश की सुरक्षा और जनता के विश्वास को भी मजबूत करेगा।

## अलीगढ़ में बना पूर्व पीएम के करीबी पूर्व सांसद का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के बेहद करीबियों में शामिल रहे पूर्व राज्यसभा सदस्य स्व. वसीम अहमद का अलीगढ़ में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बन गया। इस मामले में उनकी पत्नी व साले पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। साथ में नगर निगम की भूमिका भी संदिग्ध है। इसकी शिकायत के आधार पर एक तरफ नगर निगम ने जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रारंभिक रूप में फर्जीवाड़ा स्पष्ट प्रतीत होने पर पुलिस ने पत्नी व साले पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट कराते हुए नगला रोड दोदपुर उमर अपार्टमेंट के भाजपा नेता सैय्यद अशहर इस्लाम राजा ने कराई है, जिसमें कहा है कि उनके मामा पूर्व सांसद वसीम अहमद का करीब 70 वर्ष की आयु में 26 अप्रैल 2021 को सिविल लाइंस स्थित अपने घर पर कोविड काल में हृदयाघात से देहांत हुआ था। उससे पहले उनके मामा ने जून 2014 में दिल्ली के अबुल फजल एंकलेब शाहीन बाग हाल जेद्दा सऊदी अरब निवासी शिक्षिका फराह बानो से 65 वर्ष की आयु में निकाह किया था।

# हरिद्वार में किसानों ने धामी का गन्ना मूल्य बढ़ाने पर जताया आभार

जन एक्सप्रेस। हरिद्वार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हरिद्वार पहुंचे, जहां किसानों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री का स्वागत गुरुकुल कांगड़ी स्थित हेलिपैड पर बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने किया। इस अवसर पर किसानों ने गन्ना मूल्य बढ़ाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री का विशेष आभार व्यक्त किया और उनकी प्रशंसा की। मुख्यमंत्री धामी ने किसानों के साथ संवाद में राज्य में कृषि विकास, किसानों की आय बढ़ाने और फसलों के बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसानों के हित को सर्वोपरि मानती है और हर संभव प्रयास कर रही है कि राज्य के किसान आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनें। मुख्यमंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार कृषि नीति में सुधार और फसल मूल्य निर्धारण को और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री से अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। उन्होंने मुख्य रूप से सिंचाई, उर्वरक, बीज और फसल बीमा जैसी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार इन मुद्दों को गंभीरता से ले रही है और जल्द ही किसानों की इन मांगों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। धामी ने कहा कि गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी का निर्णय किसानों के हित को ध्यान में रखकर लिया गया है। यह केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि यह उनके मेहनत और संघर्ष की सराहना भी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं और नीतियों का पूरा लाभ उठाएं और राज्य में कृषि को और अधिक उन्नत बनाएं। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की। हेलिपैड से मुख्यमंत्री का स्वागत करने आए किसानों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ देखा जा सकता था। किसान नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कदम उनके लिए प्रेरणादायक है और इससे उनकी मेहनत का सही मूल्य मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। मुख्यमंत्री धामी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में निरंतर सुधार कर रही है और किसानों को लाभकारी मूल्य, तकनीकी सहायता और बाजार उपलब्ध कराने के लिए कई पहल की जा रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी किसानों की समस्याओं और मांगों पर सरकार सतत ध्यान देगी। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और उन्हें कृषि के क्षेत्र में उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया। सीएम धामी का हरिद्वार दौरा किसानों के बीच विश्वास और संतोष का प्रतीक बन गया।



### हेलिपैड पर किसानों ने किया जोरदार स्वागत

हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी स्थित हेलिपैड पर बड़ी संख्या में किसानों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गर्मजोशी से स्वागत किया और गन्ना मूल्य बढ़ाने के निर्णय के लिए धन्यवाद दिया।

### कृषि सुधारों पर सीएम और किसानों के बीच संवाद

किसानों के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने कृषि विकास, आय बढ़ाने और पारदर्शी फसल मूल्य निर्धारण की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

### किसानों ने रखी समस्याएं और सुझाव

किसानों ने सिंचाई, उर्वरक, बीज और फसल बीमा जैसी सुविधाओं में सुधार की मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

# सदर कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, फरार चल रहे इक्कीस नामजद लोकेटरों में पांच ट्रक लोकेटरों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




अधिकारियों की पल-पल की लोकेशन देकर बड़े पैमाने पर मोरम का अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग कराकर शासन को करोड़ों के राजस्व का चूना लगाने वाले फरार चल रहे 21 नामजद ट्रक लोकेटरों में पांच और लोकेटरों को सदर कोतवाली पुलिस ने दो क्रेटा, एक स्कारपियो के साथ ही 53 हजार दो सौ रूपये की नगदी सहित दबोचकर अदालत में पेश किया गया। जहाँ से अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया है। जबकि दो लोकेटरों को को सदर कोतवाली पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि 16 नामजद सहित कई अज्ञात लोकेटरों की गिरफ्तारी अभी भी बाकी है। वहीं लोकेटरों की गिरफ्तारी से हमीरपुर, झांसी, उरई,कालपी, भोगनीपुर, घाटमपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, फतेहपुर, लखनऊ सहित बहराइच के लोकेशन माफियाओं में जबरदस्त हड़कंप मचा हुआ है। जबकि लोकेशन के इस अवैध कारोबार से जुड़े युवकों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं इस मामले में पहले से दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 243/2025 धारा 49/132/191(2)/191(3)/1 221/303(2)/318(4)/351( 2)/352/61 बी0एन0एस0 व 3/4 लोक संम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम सहित 4/21 खान और खनिज अधिनियम के पांच फरार चल रहे लोकेटरों को सदर कोतवाली के कालपी तिराहा से दो क्रेटा, एक स्कारपियो सहित 53 हजार दो सौ रुपये की नगदी,जबकि मोबाइल सिम के साथ गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। वही इस मामले में धारा 61 व 338 बी0एन0एस0 को और बढ़ाया गया है। जबकि लोकेटरों के पास से मिली दो क्रेटा सहित एक स्कारपियो को मोटर वाहन एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है। पकड़े गये लोकेटरों में 24 वर्षीय सईद उर्फ मुन्ना पुत्र नशीम, वही 38 वर्षीय नासीर पुत्र जमील खां, जबकि 30 वर्षीय दिलशाद उर्फ आमिर पुत्र अहमद बेग, वही कालपी के गौरी बगिया निवासी 37 वर्षीय फैयाज बेग पुत्र रजक बेग, जबकि उरई कोतवाली के बगोड़ा निवासी 20 वर्षीय अमन पुत्र नासिर शामिल हैं। वही लोकेटरों को गिरफ्तार करने वाली सदर कोतवाली पुलिस टीम में खासतौर से तेज तर्रार एस आई हर्षवीर सिंह, एस आई सुरेंद्र कुमार, महिला एस आई रश्मि देवी, हैड कांस्टेबल भोला सिंह, कांकांस्टेबल रजत कुमार सहित कांस्टेबल आशुतोष दूबे शामिल रहे।

# फर्जी कम्पनी बनाकर लोगों से पैसे ठगने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह ठग गैंग का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




उ0प्र0 शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रही ÷जीरों टॉलरेंस टू वर्ड फॉड्स्टर्स÷ नीति क्रम में दिनांक 01दिसम्बर दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा फर्जी कम्पनी चलाकर लोगो से झूठी पॉलिसी बताकर फर्जी लोन व कम्पनी से जुड़ने दुर्घटन/हेल्थ बीमा अनिवार्य कराने हेतु रुपये लेकर फरार होने वाले 03 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब हो कि दिनांक 26नवम्बर को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली आरती मिश्रा व 50 अन्य औरतों के समूह द्वारा बताया गया कि 03 लोगो द्वारा एक फर्जी समूह कम्पनी श्री रामनिधि फाइनेन्स खोलकर लोगों को 70 हजार रुपये का लोन देने की बात व प्रतिमाह 3500 रुपये किस्त देने की बात कही गई।साथ ही बताया गया कि लोन लेने से पूर्व हमारी कम्पनी से जुड़ने व दुर्घटना/हेल्थ बीमा कराने हेतु 3500 रुपये प्रति व्यक्ति लेकर फरार हो गए।इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।इसी क्रम में पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को बड़ा बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ कि गई तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग फर्जी कम्पनी श्री रामनिधि फाइनेन्स समूह जो कि जनपद के आर.टी.ओ. चौराहा के पास ऑफिस खोला गया था व अपना फर्जी नाम व फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग कर घटना को अंजाम दिए थे।साथ ही बताया कि लोगो से फर्जी लोन देने के बहाने से लोन देने से पहले कम्पनी से जुड़ना व दुर्घटना/हेल्थ बीमा कराने हेतु पहले ही 3500 रुपये जमा करने को कहते थे और जब पैसा आ जाता था तब रातों-रात कम्पनी आदि बंद कर स्थान बदल दिया करते थे और हमारे द्वारा पहले भी कई अन्य जनपदों में इस तरह की घटनाओ को अंजाम दिया गया है । अभियुक्तो के कब्जे से घटना में कारित 01 लाख 60 हजार 650 रुपये नकद बरामद हुये है।पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी जोड़कर अन्य जानकारी प्राप्त की जा रही है कि अभियुक्तों द्वारा और कहां- कहां इस प्रकार की घटनाओं को कारित किया गया व इसमें अन्य और कितने सदस्य शामिल है ।

# पुलिस लाइन में आयोजित हुआ यातायात जागरुकता माह का भव्य समापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस लाइन में ÷यातायात जागरुकता माह-2025÷ का भव्य, आकर्षक एवं जनजागरूकता से परिपूर्ण समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया । कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, अभिभावकों तथा नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की।
समारोह का शुभारम्भ कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।समापन समारोह के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ,सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, जनप्रतिनिधियों में भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार, क्षेत्राधिकरी अखिलेश राजन, क्षेत्राधिकारी प्रतिज्ञा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ,पीटीओ रामसुमेर यादव, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बेलास यादव, प्रभारी निरीक्षक यातायात संजय कुमार मिश्रा यातायात जागरुकता मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।मंच से मंत्रीजी, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने यातायात माह के उद्देश्य, सड़क सुरक्षा के महत्व तथा जन-सहभागिता की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी, माडल डिस्प्ले, तथा आन स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता व यातायात जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। यातायात सुरक्षा थीम पर आधारित स्कूली बच्चों द्वारा थीम आधारित प्रदर्शनी रोड सेफ्टी मॉडल डिस्प्ले सड़क सुरक्षा चार्ट प्रेजेंटेशन थ्री-डी ट्रैफिक सिग्नल मॉडल यातायात नियमों पर चित्रांकित पोस्टर्स लगाए गए, जिन्हें देख उपस्थित नागरिकों ने बच्चों की सराहना की।आयोजित प्रदर्शनी में पुलिस विभाग की ओर मिशन शक्ति, साइबर जागरुकता, फायर सर्विस,



डायल-112 का जागरुकता स्टॉल लगाकर लोगों को इनसे प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । अन्य विभागों की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग ने भी प्रदर्शनी में अपना स्टाल लगाया गया।कार्यक्रम में आ स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया,जिसमें 138 बच्चों ने सड़क सुरक्षा, हेलमेट, सीट बेल्ट, डाटेड लाइन, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीडिंग आदि विषयों पर उत्कृष्ट कला प्रस्तुत की।निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों के कार्य को सराहनीय बताया गया । जिसमें भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।नुक्कड़ नाटक, योग, नृत्य और संगीत कार्यक्रमकृ समारोह का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक, योग, नृत्य, संगीत तथा प्रशिक्षु आरटीसी रिक्रूटर्स द्वारा प्रस्तुत यातायात जागरूकता आधारित कार्यक्रम रहे,जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा ।इन नुक्कड़ नाटकों में बच्चों ने सड़क सुरक्षा के महत्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया बच्चों द्वारा अपने प्रदर्शन के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीड से बचने, सड़क नियमों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश जन-सामान्य तक पहुँचाए गए। यातायात माह के सफल समापन के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस द्वारा प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिन्ह,उपहार सामग्री,सरक्षा हेतु हेलमेट,वितरित किए गए।हेलमेट वितरण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से परिवारों तक सड़क सुरक्षा संदेश पहुँचाना था ।इस दौरान उपस्थित अभिभावकों तथा अन्य लोगों को भी हेलमेट वितरित किए गए ।कार्यक्रम में आए स्कूली बच्चों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों के लिए स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित खाने-पीने के स्टॉल लगाए गए थे,जहाँ स्नैक्स, जूस, पेय पदार्थ व अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई।यातायात नियमों का पालन करना केवल कानून का विषय नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का आधार है।बच्चे जब यातायात सीखते हैं, तो पूरा परिवार जागरूक होता है। ऐसी गतिविधियों से भविष्य की सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है। पूरा कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संचालित हुआ और यातायात माह 2025 का समापन सार्थक,सफल एवं प्रभावशाली रूप से सम्पन्न हुआ।अंत में अधिकारियों द्वारा समस्त प्रतिभागियों,अध्यापकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा गया कि÷यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## एपीके फाइल इन्वेस्टमेंट स्कैम के पीड़ितों को राहत, 2 लाख 59 हजार 775 रुपये साइबर सेल ने कराए वापस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने और आम नागरिकों को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य से जनपद की साइबर सेल टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एपीके फाइल इन्वेस्टमेंट स्कैम में ठगे गए सात व्यक्तियों के खातों में कुल 2 लाख 59 हजार 775 रुपये वापस कराए गए। साइबर ठगी के पीड़ितों ने धनराशि वापस पाने पर साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया है।
साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि व्हाट्सएप में आरटीओ चालान के नाम से भेजी गयी एपीके फाइल से सात पीड़ितों के साथ कुल 2 लाख 59 हजार 775 रुपये की ठगी की गयी थी। जिनके द्वारा ठगी की शिकायत साइबर सेल में की गयी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए उनकी टीम आरक्षी प्रशान्त कुमार व सर्वेश कुमार द्वारा सातों पीडितों के कुल 2 लाख 59 हजार 775 रुपये बरामद कर उनके खातों में वापस कराए गए। बताया कि वर्तमान में नागरिकों के जीवन में इंटरनेट, मेल एवं सोशल मीडिया ने बड़ी जगह बना ली है, ऐसे में दिनचर्या एवं ऑफिस के कार्यों में प्रतिदिन इसका उपयोग करने पर कुछ जालसाजों द्वारा अटैक कर आम नागरिकों के गूगल अकाउंट व जी-मेल आईडी हैक किये जा रहे हैं। हैकर द्वारा जी-मेल आईडी हैक करने के बाद मोबाइल नंबर और रिकवरी ई-मेल आईडी चेंज कर देने से पीड़ित अपने अकाउंट का पासवर्ड रीसेट नहीं कर पाते। साथ ही हैकर द्वारा पीड़ित के गूगल ड्राइव पर सेव फोटो, वीडियो कॉन्टेक्ट्स आदि का दुरुपयोग किया जाता है।

## भारतीय सिन्धु सभा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

**चित्रकूट।** भारतीय सिन्धु सभा द्वारा सोमवार को संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बांदा और चित्रकूट जिलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमें संगठन को सक्रिय करने और आगामी आयोजनों पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से आगामी 27 और 28 दिसंबर को कानपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाने, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव लगानी, अशोक अगनानी, साईं अमरलाल, प्रेमचंद आहूजा, नरेश कुमार, मोतीराम लालवानी, राजीव लखमानी, भास्कर आसवानी, मुनिराज ज्ञानचंदानी, दीपक अंशवानी, गिरधारी चंदानी, गोविंद खत्री समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कर्वी में विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा नकल-विहीन वातावरण में सम्पन्न, 136 परीक्षार्थियों ने लिया भाग

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित गंगाप्रसाद जन सेवा इण्टर कॉलिज शंकर बाजार में विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा दो चरणों में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। यह परीक्षा कक्षा छह में प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 136 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा ने बताया कि कक्षा छह में प्रवेश के आयोजित विद्या ज्ञान परीक्षा पूरी तरह शुचितापूर्ण और नकल-रहित वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा की प्रथम पाली बालिकाओं के लिए सुबह 10:30 से 12:30 तक आयोजित की गई, जिसमें 65 छात्राओं ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली दोपहर 2:30 से 4:30 तक आयोजित हुई, जिसमें 71 बालकों ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में कुल 136 विद्यार्थियों ने कक्षा छह में प्रवेश के लिए परीक्षा दी।

# लेखपालों का अपने उत्पीड़न व वेतन कटौती का बैठक कर प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बबेरू तहसील में लेखपाल संघ के द्वारा बैठक आहूत की गई, बैठक में अधिकारियों के द्वारा उत्पीड़न व वेतन कटौती को लेकर प्रदर्शन किया है।
बबेरू तहसील परिसर सोमवार की दोपहर से शाम पांच बजे से उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ इकाई बबेरू के तहसील अध्यक्ष नरसिंह नारायण हरिहर की अध्यक्षता पर तहसील परिसर में लेखपालों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न कार्यवाहियों व लेखपालों की वेतन कटौती तथा अत्यधिक कार्यों के लिए अधिकारियों के दबाव को लेकर बैठक की गई वहीं बैठक में अधिकारियों के खिलाफ लेखपालों के द्वारा प्रदर्शन भी किया गया है। वही कहा कि अधिकारियों के निर्देशन पर हम सभी लोग कार्य कर रहे हैं। लेकिन अधिकारियों के द्वारा उत्पीड़न कार्यवाही कर कार्य करने का दबाव बनाकर हमारे साथ उत्पीड़न किया जा रहा है। इस मौके पर महामंत्री अनिल कुमार पटेल, मनोज पाल, विकास द्विवेदी, अवधेश पाल, बाबूराम, जगनंदन, गोविंद लाल,पंकज कुमार, मानसिंह, सुजीत पटेल, राजेश कुमार, सत्यवीर, चिंताराम ,अंकित सिंह, शिवाकांत ,नरेंद्र कुमार, लखन लाल, चंद्रप्रकाश सिंह, शुभम गुप्ता, सहित अन्य तमाम लेखपाल मौजूद रहे।



# ब्राह्मण सभा ने मध्य प्रदेश के आईएएस के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बबेरू तहसील मे अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा एमपी के आईएएस अधिकारी के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही किए जानेबकी मांग किया है। बबेरू तहसील परिसर में सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के बबेरू प्रभारी विनोद पांडे के नेतृत्व में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर बबेरू तहसील पहुंचकर मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के संबंध में उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। और कहा है कि जिस तरह से हमारे ब्राह्मण सभा पर अभद्र टिप्पणी की गई है। बहुत ही आपत्तिजनक है। ब्राह्मण लोगों पर अपमानजनक शब्दों का



प्रयोग किया गया है। जिसमें सभी ब्राह्मण समाज के लोगों में आक्रोश है। जिसको लेकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है। कि ऐसे अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। इस मौके पर आदित्य स्वरूप पांडे, विशेषण पांडे, कृष्णकांत, उमाकांत तिवारी, संतोष तिवारी, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, नीरज पांडे,अमरीश कुमार द्विवेदी, अश्विनी चतुर्वेदी, राजू मिश्रा,श्याम जी मिश्रा, राम जी, उमाकांत तिवारी, अनिल तिवारी, विश्वनाथ मिश्र, कमल कुमार, नीरज पांडेय, देवानंद द्विवेदी सहित अन्य ब्राह्मण समुदाय के तमाम लोग मौजूद रहे।

# जनपद में 31 दिसम्बर तक आयोजित रहेगा टीका उत्सव

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिसम्बर माह में टीका उत्सव मनाया जाएगा। 01 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक मनाये जाने वाले टीका उत्सव में नियमित टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों को टीके लगाए जाएंगे, इसके लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजेन्द्र सिंह ने जनपद की जनता से मामरिक अपील करते हुए बताया कि टीकाकरण से वंचित बच्चों का पुनः टीकाकरण करवाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 01 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक टीका उत्सव मनाया जाएगा। अतः सभी लोग इस टीका उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें और एक स्वस्थ समाज और अपने बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए टीकाकरण कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अपने आसपास के ऐसे बच्चों को चिन्हित करें, जो टीकाकरण से छूट गए हैं, उनके अभिभावकों को टीका लगवाने के लिए प्ररित करें। टीकाकरण कई गम्भीर बीमारियों से बचाव की कुंजी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. विजय शंकर केसरवानी ने बताया कि टीकाकरण उत्सव के दौरान जनपद में माह दिसम्बर 2025 तक पेंटा-1 का लक्ष्य 43673 है जिसमें 19330 बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं, एम.आर.-1 का लक्ष्य 43673 है जिसमें 15050 बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं। इसी प्रकार एम. आर.-2 का लक्ष्य 41672 है जिसमें 18610 बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं। सभी छूटे हुए बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। टीका उत्सव में नियमित टीकाकरण सत्रों पर छूटे हुए बच्चों को टीके लगाकर आच्छादित किया जाएगा। सभी आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में ऐसे बच्चों की विशेष सूची बनाएंगी जिसमें टीकाकरण से छूटे बच्चों के नाम अंकित किये जाएंगे। सत्र से एक दिन पहले आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बुलावा पर्ची भेजेंगी और सत्र स्थल पर लाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण कराएंगी। इसके साथ ही आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करेंगी, जिसमें उन माताओं और अभिभावकों को बुलाया जाएगा जिनके बच्चे किसी न किसी टीके से वंचित हैं। इस बैठक में अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के लाभ से अवगत कराया जाएगा और अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका बाँदा द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वैन के माध्यम से टीका उत्सव और टीकाकरण कराने के लिए प्रचार करके सहयोग प्रदान करेगा।

## मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत पूरा हुआ एस.आई.आर. का कार्य

**चित्रकूट।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 237 मानिकपुर में एस.आई.आर. अभियान के तहत किए जा रहे मतदाता गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण व डिजिटाईजेशन कार्य के सम्बन्ध में सोमवार को मऊ उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बी.के. शर्मा ने क्षेत्र के बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 237 मानिकपुर में मतदाता गणना प्रपत्रों की ऑनलाइन फीडिंग का कार्य तेजी से जारी है। अब तक कुल 89.48 प्रतिशत गणना पत्रों की ऑनलाइन फीडिंग पूरी हो चुकी है। साथ ही कुल 98 बूथों पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। एसडीएम ने बीएलओ को गणना पत्रकों के गुणवत्तापूर्ण और शत-प्रतिशत निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी मतदाता गणना पत्रक भरने से छूटे नहीं पाए। कहा कि तहसील क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में बूथों पर पहुंचकर लोगों को इस सम्बन्ध में जागरूक करें तथा फॉर्म भरने का सही तरीका समझाते हुए फॉर्म भरकर दिखाएं।

# दिसम्बर में टीका उत्सव मनाया जाएगा, छूटे हुए बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश में मीजल्स-रूबेला मामलों में वृद्धि को देखते हुए दिसंबर माह में प्रत्येक बुधवार और शनिवार को टीकाकरण सत्रों को ÷टीका उत्सव÷ के रूप में मनाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना है, जिससे कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। अभियान से पहले आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां क्षेत्रवार सर्वे करके छूटे हुए बच्चों की सूची तैयार करेंगी और नियोजित कार्ययोजना के अनुसार उनका टीकाकरण कराया जाएगा। ताकि कोई भी लक्षित बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। बताया कि टीका उत्सव नियमित सत्रों के माध्यम से ही संचालित होगा तथा बच्चों को पेंटावैलेंट और मीजल्स-रूबेला की दोनों खुराकें लगाई जाएंगी। अभियान के तहत पर्याप्त वैक्सीन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं तथा विभिन्न संस्थानों और एजेंसियों का सहयोग भी प्राप्त किया जाएगा। टीका उत्सव की समस्त गतिविधियॉ यू-विन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जायेगी। सत्रों के आयोजन के पूर्व जनमानस को आशा, आगनबाडी एवं एएनएम द्वारा टीका उत्सव की जानकारी प्रदान की जायेगी, जिससे समस्त ब्लॉक चिकित्सा इकाईयों में माह दिसम्बर के प्रथम बुधवार को आयोजित टीकाकरण सत्र से ही टीका उत्सव की शुरूआत होगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी इकाईयो में प्रबन्धन के लिए सभी टीकाकरण सत्रों पर एनाफ्लेक्सिस किट की उपलब्धता के साथ पैरासिटामॉल सिरप की उपलब्धता सुनिश्चित करा दी गयी है।

# यातायात माह नवंबर का समापन, हेलमेट वितरण और सड़क सुरक्षा पुस्तिका का विमोचन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए चलाए जा रहे ÷यातायात माह नवम्बर 2025÷ का समापन सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर में आयोजित समारोह के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आम लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर ÷आओ सीखें सड़क सुरक्षा÷ लघु पुस्तिका का विमोचन भी किया गया और लॉटरी के माध्यम से बिना हेलमेट पकड़े गए चालकों को 25 हेलमेट वितरित किए गए।
समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद, पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी की उपस्थिति में बीना हेलमेट चालान किये गये चालकों को लॉटरी के माध्यम से 25 हेलमेट का वितरण किया गया। साथ ही यातायात जागरूकता अभियान में सहयोग प्रदान करने पर विकास सेवा संस्थान के संस्थापक डॉ प्रभाकर सिंह तथा समाजसेवी व सभासद शंकर यादव को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में पुलिस



अधीक्षक ने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। जिसके तहत विभिन्न थानों और यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए पंपलेट, हैंडबिल, स्टिकर वितरण किए गए। साथ ही ठंड और कोहरे के कारण दृश्यता कम होने पर दुर्घटना रोकने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली और मालवाहक वाहनों पर निःशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए तथा राजमार्गों के किनारे खड़ी अवैध गाड़ियों को हटाया गया। इसके साथ ही नियम न मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा शहर में जाम की समस्या उत्पन्न करने वाले वाहनों को हटाकर चेतावनी दी गई।
बताया कि यातायात माह के दौरान कुल 8473 वाहनों पर प्रवर्तन कार्रवाई की गई। जिसमें बिना हेलमेट वाले 5703, बिना सीट बेल्ट वाले 492, मोबाइल का उपयोग करने वाले 51, नशे में वाहन चलाने वाले 89 और अन्य उल्लंघन करने वाले 2139 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। साथ ही इस अवधि में 59 वाहन सीज किए गए और 1 करोड़ 96 लाख 86 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 02 दिसंबर, 2025






**प्रधानमंत्री सबसे बड़े ड्रामेबाज...**

कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने... पढ़ें पेज 12 पर...

# आंगनबाड़ी की जमीन पर संगठित कब्जा

- केड़ौरा नहीं, पाँच बाहरी दबंगों का गिरोह भी शामिल, गाटा–310 पर रातों–रात बाउंड्री आखिर किसके आदेश पर खड़ी हुई?
- राजस्व अफसर–राजनीतिक गठजोड़ का काला खेल उजागर, जन एक्सप्रेस के पास पूरे नेटवर्क की गुप्त फाइल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



**आंगनबाड़ी की जमीन पर बड़ा कब्जा कांड**
**केड़ौरा ही नहीं, कई और गांवों के दबंग शामिल**

**किसने रचा कब्जे का ब्लूप्रिंट? कौन है मास्टरमाइंड?**

**प्रशासन के सामने जन एक्सप्रेस की चुनौती, कार्रवाई करें, वरना नाम उजागर होंगे**

आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आरक्षित सरकारी ज़मीन पर कब्जे का मामला अब सीधे-सीधे एक संगठित भू-माफिया गठजोड़ का चेहरा दिखा रहा है। यह सिर्फ केड़ौरा गांव के चंद लोगों की चाल नहीं थी–इसके पीछे आसपास के गांवों से आए पेशेवर कब्जेदारों का मजबूत गैंग काम कर रहा था, जिसे सत्ता-प्रशासन के भीतर से 'ग्रीन सिग्नल' मिला हुआ था। जन एक्सप्रेस की विशेष जांच में सामने आया है कि गिरोह ने पहले पट्टे की जमीन गाटा-308 की एग्रीमेंट कराई, और फिर उसी को ढाल बनाकर उसके बगल की आंगनबाड़ी केंद्र हेतु प्रस्तावित सरकारी भूमि–गाटा-310 को रातोंरात बाउंड्री कर 'निजी जमीन' में बदलने की ताबड़तोड़ साजिश रची। यह वही जमीन थी जहां गांव की बच्चियों और महिलाओं के लिए केंद्र बनना था–लेकिन भू-माफियाओं ने इसे अपने कब्जे का शिकार समझ कर पूरा खेल पलट दिया।

### शिकायतें दबी रहीं, फाइलें गायब होती रहीं

क्या राजस्व विभाग के भीतर कोई बड़ा 'कवर' था? गांव वालों ने कई बार तहसील व थाना दोनों जगह शिकायतें दीं, लेकिन हर बार फाइलें या तो रोक ली गईं, या चुपचाप गायब कर दी गईं। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है क्या राजस्व विभाग के कुछ अफसर खुद कब्जेदारों के संरक्षक बन बैठे? क्या सरकारी जमीन पर कार्रवाई भी अब 'ऊपर की इजाजत' पर निर्भर हो गई है?

### जन एक्सप्रेस की दो-टूक चेतावनी

अब भी कार्रवाई न हुई तो अगला खुलासा पूरे गठजोड़ की कमर तोड़ देगा जन एक्सप्रेस टीम के पास राजस्व अभिलेख, बाउंड्री खड़ी कराने वालों की सूची और कार्रवाई रोकने वाले अफसरों के नाम सब कुछ दस्तावेज़ों सहित मौजूद है।

### सबसे बड़ा सवाल

गरीब बच्चों के लिए प्रस्तावित आंगनबाड़ी केंद्र की जमीन आखिर किसने गटक ली? और किसकी छत्रछाया में यह पूरा खेल खेला गया?

**पूरा मास्टरप्लान: 308 को वैधता की आड़ बनाकर 310 को हड़पने की गुप्त चाल**

जांच में खुलासा हुआ है कि यह मामला किसी एक व्यक्ति की 'हिम्मत' का नहीं था। राजस्व रिकॉर्ड को ठेंगा दिखाकर सरकारी जमीन पर बाउंड्री खड़ी करना तभी संभव है, जब अफसर–लेखपाल–पेशा ब्रोकर्स–और राजनीतिक संरक्षण एक लाइन में खड़े हों। 308 की रजिस्ट्री फिर उसका उपयोग 310 को भी कागज़ी वैधता दिलाने की कोशिश और रातोंरात दीवार खड़ी कर कब्जे को पक्का करने का प्रयास पूरा सिंडिकेट एक साथ काम कर रहा था। और अब बड़ा धमाका–कब्जे की सूची में 5 बाहरी दबंगों का नाम भी जुड़ा!

**जन एक्सप्रेस की जांच में अब जिन पाँच बाहरी दबंगों की सक्रिय भूमिका सामने आई है, उनके नाम हैं...**

- लाल यादव – नारायणपुर
- सुनील गौतम – सालेनगर
- सर्वेश रावत – रामनगर
- अनिल यादव – अटारी
- बबलू मल – (गांव/क्षेत्र)

सूत्रों के मुताबिक इन्होंने न सिर्फ मजदूर, ट्रैक्टर और निर्माण सामग्री पहुंचाई, बल्कि मौके पर खड़े रहकर पूरी बाउंड्री बनवाई। कहा जा रहा है कि इनको 'ऊपर' से सीधा सिग्नल मिला था इसी वजह से राजस्व व पुलिस की कार्रवाई वाली हर फाइल दबा दी गई।

**अब प्रशासन के पास सिर्फ दो विकल्प हैं–**

1. मजबूर बच्चों की जमीन तुरंत खाली कराएं और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करें या फिर तैयार रहें।

**अगले खुलासे में कई बड़े नाम पहली बार पूरे प्रदेश के सामने बेनकाब होंगे।**

# नरौना में पुश्तैनी ज़मीन पर दबंगों का कब्ज़ा: चौकी में पीड़िता से मारपीट, उमा देवी ने डीजीपी से लगाई गुहार

- पुश्तैनी जमीन पर कब्ज़ा, धमकियों से दहली पीड़िता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



पीड़िता 112 नंबर पुलिस के साथ घटना स्थल पर

काकोरी थाना क्षेत्र के नरौना गांव में पुश्तैनी भूमि पर जोर-जबरदस्ती से कब्ज़ा और जान से मारने की धमकी का मामला तूल पकड़ रहा है। पीड़िता उमा देवी पत्नी दिनेश शाहू ने डीजीपी से शिकायत कर आरोप लगाया है कि उनकी जेठानी, उसका पुत्र हिमांशु और प्रमोद नाम का व्यक्ति उनकी रजिस्टर्ड भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे हैं।

### रजिस्ट्री और नामांतरण के बावजूद कब्ज़ा जारी

उमा देवी के अनुसार उनके पति दिनेश शाहू के नाम गाटा संख्या 436, रकबा एक बीघा तीन बिस्वा की जमीन विधिवत रजिस्ट्री और एसडीएम कोर्ट में नामांतरण होने के बाद भी दबंगों ने कब्ज़ा कर लिया। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गईं।

### दबंगों की दबंगई, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की

पीड़िता का आरोप है कि शिकायत लेकर जैसे ही वह समदा चौकी पहुंचीं, आरोपित भी पीछे-पीछे पहुंच गए और वहां खुलकर गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की। उमा देवी बताती हैं कि चौकी परिसर में ही उन्हें अपमानित कर भगा दिया गया। चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप सुलह करो, नहीं तो गांजा-अफीम लगाकर जेल भेज देंगे सबसे गंभीर आरोप चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र गुप्ता पर लगाया गया है। पीड़िता के अनुसार उन्होंने दबंगों का पक्ष लेते हुए सुलह के लिए दबाव बनाया और धमकी दी कि सुलह नहीं करोगी तो गांजा-अफीम लगाकर जेल भेज दूंगा। पीड़िता का दावा है कि उनके पति दिनेश शाहू से जबरन समझौते पर हस्ताक्षर करा लिए गए, और जब उन्होंने हस्ताक्षर से मना किया तो चौकी प्रभारी ने गाली देते हुए लात मारकर बाहर भगा दिया।

**डीजीपी से जांच और कब्ज़ा मुक्त कराने की मांग**

उमा देवी ने डीजीपी को भेजे प्रार्थना पत्र में पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, आरोपी दबंगों और चौकी इंचार्ज पर कड़ी कार्रवाई, तथा उनकी पुश्तैनी भूमि को तत्काल कब्ज़ामुक्त कराने की मांग की है।

**ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश, कार्रवाई की प्रतीक्षा**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि समदा चौकी क्षेत्र में जमीन कब्ज़ा, पुलिसिया धौंस और दबंगई लगातार बढ़ रही है। उमा देवी के मामले ने ग्रामीणों में और आक्रोश बढ़ा दिया है। अब निगाहें डीजीपी कार्यालय की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# दिनदहाड़े अस्पताल के सामने कार तोड़कर 25,000 की चोरी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब अस्पताल के बाहर खड़ी गाड़ियां भी सुरक्षित नहीं रहीं। संकल्प हॉस्पिटल के सामने खड़ी कार को चोरों ने निशाना बनाते हुए दोनों साइड के शीशे तोड़ डाले और अंदर रखे 25,000 नकद उड़ा ले गए। पीड़ित गंगा सागर, निवासी नन्नू हैदरगंज, ने बताया कि उनकी सेलेरियो कार क्क32 ह्क्क3997 अस्पताल के सामने खड़ी थी। इसी दौरान एक अज्ञात चोर ने बड़ी सफाई से कार के दोनों शीशे तोड़कर पैसे निकाल लिए और फरार हो गया। कार को भी गंभीर नुकसान पहुँचा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि घटना का पूरा विवरण सीसीटीवी में दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं दिखता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पारा थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग नाम की चीज बची ही नहीं, इसी कारण चोरों के हौसले आसमान छू रहे हैं। लोगों ने खुलकर सवाल उठाए अगर अस्पताल के सामने खड़ी गाड़ी सुरक्षित नहीं, तो आम मोहल्लों में क्या हाल होगा? पीड़ित ने थाना प्रभारी से प्रकरण की तत्काल जांच, आरोपी की गिरफ्तारी और नुकसान की भरपाई की मांग की है। क्षेत्रवासी भी अब पारा पुलिस से सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस पर लगाम लगाया जा सके।

# ट्रेक्टर ट्रॉली से हो रहे मिट्टी खनन को इटौंजा पुलिस ने पकड़ा, ट्रैक्टर ट्राली सीज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र इटौंजा थाना अंतर्गत इन दिनों मिट्टी खनन धड़ल्ले से जारी है। वहीं सोमवार को बगहा गांव में निजी परमिशन के नाम पर मिट्टी खनन किया जा रहा था, तभी अज्ञात सूत्रों द्वारा इटौंजा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई, कि ट्रैक्टर ट्राली से अवैध मिट्टी खनन कर मिट्टी महंगे दामों पर बेची जा रहा हैं। इसी सूचना पर इटौंजा पुलिस हल्का दरोगा व सिपाही ने एक ट्रैक्टर ट्राली कों मिट्टी खनन करते पकड़ा और थाने पर लाकर चीज कर दिया। वहीं इटौंजा पुलिस के मुताबिक बगहा निवासी रघुवीर के नाम से निजी कार्य के लिए मिट्टी खनन की परमिशन थी,लेकिन मिट्टी खनन कर बगहा गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में डाल रहे थे, उसी समय इटौंजा पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को मिट्टी लदे ही पकड़ लिया और थाने पर लाकर सीज कर दिया। वहीं ट्रेक्टर ट्राली चालक पवन का कहना है कि निजी कार्य के लिए मिट्टी खनन की परमिशन बनवाया था, उसी पर काम कर रहा था पुलिस ने मौके पर आकर मिट्टी खनन बंद करके ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दिया। वहीं सूत्रों की माने तो बीकेटी तहसील क्षेत्र में कई थाना क्षेत्रों में अवैध तरीके से ट्रैक्टर ट्राली व डंपरों से अवैध तरीक़े से मिट्टी खनन किया जा रहा हैं, अगर स्थानीय पुलिस व प्रशासन कार्रवाई करें तो कई ट्रैक्टर-ट्रॉली डंपर अवैध मिट्टी खनन का काम करते पकड़े जायेंगे। मिट्टी खनन कर मिट्टी बेचने का कमाई का जरिया बन गया हैं और क्षेत्र में धड़ल्ले से मिट्टी खनन किया जा रहा है। वहीं इटौंजा की माल रोड से रायपुर राजा गांव को जोड़ने वाली सड़क के किनारे बनी नहर पुलिया की दिवार वहां से निकल रहे मिट्टी लदे डंपरों की चपेट में आ जाने से क्षतिग्रस्त हो कर टूट गई है और पुलिया की आधी दिवार टूट गई है, जिससे कि अगल बगल गांव के नागरिकों को रात में नहर में गिरने का खतरा भी बना रहता है। माल रोड नहर पुलिया के अगल-बगल के दुकानदारों ने बताया कि, मिट्टी खनन में लगे डंपरों से नहर पलिया की दिवार टकराई,जिससे कि दिवार के ईट का हिस्सा नीचे नहर में गिर गया,जो कि वहां पड़ा हुआ है?, लेकिन नहर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अभी तक इस पुलिया पर ध्यान नहीं दिया हैं। वहीं वहां से निकल रहे राहगीरों के वाहन नहर में गिरने का खतरा बना हुआ हैं।

# बिजली के दो तरह के उपभोक्ताओं को ही मूलधन पर 25 फीसदी की छूट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ में पावर कॉर्पोरेशन की बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत 100 फीसदी ब्याज माफ होने के बाद बकाया मूलधन पर 25 फीसदी की छूट सिर्फ दो तरह के उपभोक्ताओं को हासिल होगी। इस छूट को पाने के लिए पहले तो एक से दो किलोवाट के घरों एवं एक किलोवाट तक दुकानों के बिल का बकायेदार होना अनिवार्य है। साथ ही, बिजली बिल मूलधन पर 25 फीसदी की छूट पाने के लिए बकोयदार को ब्याज माफ होने के बाद बची रकम को एकमुश्त ही जमा करनी पड़ेगी। लखनऊ मध्य जोन के अधीक्षण अभियंता (वाणिज्य) मुकेश त्यागी ने सोमवार को बताया कि दो किलोवाट से ज्यादा लोड के घरों एवं एक किलोवाट लोड से ज्यादा के दुकानों के बकायेदारों मूलधन पर 25 फीसदी की छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने यह बताया कि इस योजना में वहीं बकायेदार छूट के हकदार होंगे, जिन्होंने 31 मार्च 2025 से पहले बिल जमा नहीं किए हैं। उन्होंने बकायेदारों से अपील की, कि जब भी राहत योजना के तहत पंजीकरण कराए जाएं तो केंद्र पर पूरी जानकारी जिससे छूट का सही फायदा हो सके।

**स्थायी विच्छेदन के बाकी बिल की किश्त नहीं**

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जिस बकायेदार का बिजली कनेक्शन बिल न जमा होने पर विच्छेदित (काट ) करके उसका खाता स्थायी रूप से बंद कर दिया गया, तो उस बिल की बाकी रकम की किश्त नहीं होगी। ऐसे बकायेदारों को ब्याज माफ होने के बाद जो रकम बचेगी उसका एकमुश्त पूरा जमा करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना में 25 फीसदी की तय छूट की शर्त को पूरा करने वाले बकायेदारों को उसका भी लाभ मिलेगा।

## हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता: मौर्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो।

# केजीएमयू के डॉक्टरों ने चुंबक से बनाई पित्त की नली

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के डॉक्टरों ने चुंबक का इस्तेमाल करके 32 वर्षीय महिला की पित्त की नली बनाने में सफलता हासिल की है। सुल्तानपुर निवासी इस महिला पित्त की नली निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी। दावा है कि किसी भी सरकारी संस्थान में इस तरह का यह पहला मामला है। केजीएमयू के मेडिसिन विभाग में हेपाटोबिलियरी डिवीजन के प्रमुख डॉक्टर डॉ. अजय कुमार पटवा ने बताया कि 32 वर्षीय महिला को पथरी की समस्या होने पर निजी अस्पताल में दिखाया गया था। वहां सर्जरी के दौरान पित्त की नली क्षतिग्रस्त हो गई थी। करीब पांच फीसदी मामलों में यह समस्या होने का खतरा रहता है। पित्त की नली क्षतिग्रस्त होने की वजह से पित्त पेट में फैलने लगा था। इसकी वजह से उसे पीलिया, पेट में संक्रमण और तेज दर्द की शिकायत थी। समस्या बढ़ने पर घरवाले उसे लेकर केजीएमयू आए। जांच करने पर पता चला कि पित्त की नली पूरी तरह क्षतिग्रस्त और बंद हो चुकी थी। ऐसे में बड़ी सर्जरी करने का विकल्प था। इसमें भी यह समस्या बार-बार पैदा होने की आशंका रहती है।इसको देखते हुए रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रमुख डॉ. अनित परिहार की निगरानी में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. सौरभ कुमार के सहयोग से नई तकनीक अपनाते हुए मैग्नेट से नली जोड़ने का फैसला किया गया।

**ऐसे बनी पित्त की नई नली**

प्रो. पटवा ने बताया कि सबसे पहले एंडोस्कोप का इस्तेमाल करके एक चुंबक पित्त की नली में डाला गया। इसके बाद अल्ट्रासाउंड का इस्तेमाल करके दूसरा चुंबक लिवर में सुई से डाला गया। दोनों चुंबक एक दूसरे को खींच रहे थे। इसकी वजह से दो सप्ताह में दोनों चुंबक आपस में चिपक गए। चिपकने की क्रिया के दौरान ही प्राकृतिक रूप से पित्त की नई नली का निर्माण भी हो गया। मेडिसिन विभाग और संकाय के प्रमुख और डीन डॉ. वीरेंद्र आतम, रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रमुख डॉ. अनित परिहार, केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह और विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी है।

# क्रय केंद्रों पर आने वाले हर किसान का खरीदा जाए धान, उठान की प्रक्रिया होगी सरल: सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि धान क्रय केंद्र पर आने वाले हर किसान का धान खरीदा जाए। भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सीधे उनके खाते में पहुंच जाए। उन्होंने सोमवार को धान खरीद की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीद की गति तेज हो और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कॉमन धान 2369 और ग्रेड-ए 2389 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जा रहा है। यह रेट पिछले वर्ष की तुलना में 69 रुपये अधिक है। अब तक 4227 खरीद केंद्र संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 5000 की जाए, ताकि किसानों को अपने गांव-कस्बे के पास ही धान बेचने की सुविधा उपलब्ध हो सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 30 नवंबर तक 151030 किसानों से 9.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। 1984 करोड़ से अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि भुगतान में देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए।

### फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए बढ़ेंगे वेंडर

उन्होंने कहा कि एफआरके (फोर्टिफाइड चावल) की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए वेंडरों की संख्या बढ़ाई जाए और तकनीकी अड़चनों का तत्काल समाधान किया जाए। बैठक में बताया गया कि अब तक करीब 2130 मीट्रिक टन एफआरके गुणवत्ता परीक्षण में पास हुआ है। मुख्यमंत्री ने खरीद केंद्रों पर आवश्यकता के अनुसार मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

**खाद–बीज की कमी न रहे**

सीएम ने कहा कि केंद्र पर भीड़ न लगे और किसानों को वापस न जाना पड़े, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने धान उठान, मिल–मैपिंग और अन्य प्रक्रियाओं को और सरल बनाने पर भी जोर दिया। बैठक में खाद और बीज की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी जिले में खाद या बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। किसानों को खाद–बीज आसानी से उपलब्ध हों। संबंधित विभाग स्टॉक और आपूर्ति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें।

# खादी महोत्सव में 3.20 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री, पिछले वर्ष से 42 प्रतिशत की वृद्धि

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 में इस बार बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। %धागे से धरोहर तक% थीम पर हुए आयोजन में कुल कारोबार ?3.20 करोड़ तक पहुंचा, जो पिछले वर्ष की ?2.25 करोड़ की तुलना में लगभग 42त्न अधिक है। अंतिम दिन खरीदारी का दबाव सबसे अधिक रहा और देर शाम तक स्टॉलों पर भीड़ बनी रही। खादी वस्त्र, हर्बल उत्पाद, जूट हस्तशिल्प और माटी कला इस बार ग्राहकों की पहली पसंद रहे। महोत्सव में खादी संस्थाओं के 32, ग्रामोद्योग के 120 और माटी कला के 08 स्टॉल सहित कुल 160 उद्यमियों ने भाग लिया। लखनऊ, मुजफ्फरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर सहित विभिन्न जिलों से आए कारीगरों ने बताया कि इस वर्ष न केवल भीड़ बढ़ी, बल्कि खरीदारी को लेकर उत्साह भी पहले की तुलना में ज्यादा देखा गया। स्वराज्य आश्रम के प्रेम कुमार, ग्राम सेवा संस्थान के सतेन्द्र कुमार, मुजफ्फरनगर के अब्बास अंसारी, जूट आर्टिज़न्स की अंजलि सिंह, बाराबंकी के प्रेमचन्द्र और रॉयल हनी के प्रो. नितिन सिंह के अनुसार इस बार युवा ग्राहकों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिसने बिक्री को नया आयाम दिया। पूरे आयोजन में युवाओं, छात्रों और महिलाओं की लगातार उपस्थिति रही। आगंतुकों ने बताया कि एक ही जगह पर खादी, स्थानीय शिल्प और प्राकृतिक उत्पादों की इतनी व्यापक रेंज मिलना एक दिलचस्प और भरोसेमंद अनुभव रहा। खादी अब केवल परिधान का विकल्प नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक उपभोक्ता दोनों की साझा पहचान बन चुकी है।

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में यूपी की भूमिका निर्णायक: ब्रजेश पाठक

- 25,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 81 मेडिकल कॉलेज, यूपी बना स्वास्थ्य सेवाओं का नया मॉडल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विकसित यूपी कॉन्क्लेव में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित विकसित भारत 2047 के विज़न को साकार करने में यूपी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इस कॉन्क्लेव में नीति आयोग, नियोजन विभाग, फिक्की तथा चौंबर ऑफ कॉमर्स के विशेषज्ञों ने भी भाग लिया।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। प्रदेश में 25,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 3500 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 200 से अधिक विशिष्ट अस्पताल, 81 मेडिकल कॉलेज सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। एंबुलेंस सेवा 102/108 का रेस्पॉन्स टाइम कम किया गया है, जिससे आपातकालीन सेवाओं की गति और दक्षता बढ़ी है। सरकार संस्थागत प्रसव दर को बढ़ाते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने पर निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी राहत मिली है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारा संकल्प है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को वही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, जो आज केवल महानगरों में मिलती हैं। हमारी कोशिश है कि एडवांस मेडिकल सुविधाएं जिले और तहसील स्तर तक पहुँचें।

# नन्दी ने पेश की बैंकिंग लीडरशिप समिट एंड अवाड्र्स में यूपी की औद्योगिक विकास की रूपरेखा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी सोमवार को होटल ताज लखनऊ में इंडियन इनवेस्टर्स फेडरेशन द्वारा आयोजित 10वें बैंकिंग लीडरशिप समिट एवं अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए जिसमें मंत्री नन्दी ने बैंकिंग सेवा और उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राष्ट्रीय बैंकों के अधिकारियों एवं प्रदेश में उद्योग को बढ़ावा देते हुए विभिन्न उद्योगों में हजारों करोड़ का निवेश करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में देश के प्रमुख बैंकर, नीति-निर्माता, उद्योगपति, वित्तीय विशेषज्ञ, वरिष्ठ नौकरशाह, शिक्षाविद् और उद्यमी एक मंच पर एकत्र हुए। कॉन्क्लेव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को अगले दौर की आर्थिक छलांग दिलाना तथा निवेश प्रवाह, एमएसएमई सशक्तीकरण, क्रेडिट सुधार, नई औद्योगिक रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श करना था। इस अवसर पर मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक उच्च-विश्वास और उच्च-दक्षता वाला औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है जो वैश्विक मानकों पर पूरी तरह खरा उतरेगा। मंत्री नन्दी ने निर्यात-उन्मुख उद्योगों के तीव्र विकास, एनआरआई निवेश को सुगम बनाने, विश्वस्तरीय मैन्युफैक्चरिंग जोन, लॉजिस्टिक्स हब के निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और हाई-टेक क्षेत्रों के लिएविशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की। उन्होंने राज्य की औद्योगिक विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र को टीजीआई एसएमई कैपिटल, मुंबई के सीईओ एवं मैनेजिंग पार्टनर अजय ठाकुर ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने एमएसएमई क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। राज्य का जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत तक पहुँच गया है, बारह कंपनियों का एसएमई लिस्टिंग हुआ है, पूँजी प्रवाह बढ़ा है और उद्यमियों में वित्तीय जागरूकता अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। इससे उत्तर प्रदेश देश के सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है।

# तेंदुए के हमले में मृत बच्चे के परिवार से मिले डीएम, संवेदना प्रगट कर हर संभव मदद का दिया भरोसा

## मानव वन्य जीव संघर्ष के रोकथाम हेतु डीएम ने जरूरी कदम उठाने के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



हरैया सतघरवा के बरहवां रेंज के ग्राम नेवलगंज में तेंदुवा द्वारा हमला कर डेढ़ साल के बच्चे को खाने की दुखद घटना के बाद जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।
जिलाधिकारी ने घटना स्थल तथा आसपास के वन क्षेत्रीय ग्रामों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन सर्वोपरि हैं, इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु हरसंभव कदम उठाए जाए। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वन विभाग को निगरानी प्रणाली और सुदृढ़ करते हुए ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद के संबंधित विभागों के साथ समन्वय मजबूत करते हुए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने वन्य क्षेत्रों के ग्रामों में गन्ना पर्चियों का शीघ्र वितरण तथा गन्ना कटान समयबद्ध रूप से कराए जाने के निर्देश दिए। इससे जोखिम कम होगा तथा मानव-वन्यजीव संपर्क की संभावना घटेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वन क्षेत्र में विशेष सतर्कता रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीव की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। इस दौरान एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता , खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान, वन विभाग के रेंजर उपस्थित रहें।

## दबिश में पकड़ी गई 54 लीटर अवैध शराब, तीन अभियोग दर्ज

अमेठी। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा सोमवार को विभिन्न गांवों में आकस्मिक दबिश दी गई ।जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्रामभीमी,राघीपुर, दादरा,हंसा का पुरवा में आकस्मिक दबिश के दौरान क्षेत्र तीन थाना मुसाफिरखाना के ग्राम हंसा का पुरवा से लगभग 54ली.अवैध कच्ची शराब बरामद की गई ।एवं लगभग तीनकुंतल लहन महुआ मौके पर नष्ट किया ।इस कार्यवाही मे तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए ।तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई7आबकारी दुकानों का सघन निरिक्षण किया गया ।इस कार्यवाही में चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# बीसीएम ने किया पेराई सत्र 2025-2026 के 25 नवंबर तक का भुगतान

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर की औद्योगिक इकाई बलरामपुर चीनी मिल ने वर्तमान पेराई क्षेत्र 2025 26 में 25 नवंबर तक खरीद किए गए गन्ना मूल्य का भुगतान सोमवार को किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है ।
जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 द्वारा नये पेराई सत्र 2025-2026 का दिनांक 22 नवंबर से 25 नवंबर 25 तक (4 दिन) खरीदे गये गन्ने का गन्ना मूल्य भुगतान 1916.23 लाख रूपये को किसानों के बैंक खाते में भेज दिया गया है। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष केके बाजपेई ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल किसानों की खुशहाली के लिये सदैव प्रतिबद्ध है । गन्ना मूल्य भुगतान में हमारी चीनी मिल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में अग्रणी रहेगी । उन्होंने बताया कि कृषक अच्छी पेड़ी के लिए खेतों में को0-15023, को0-0118 एवं को0लख0-14201 प्रजाति की द्वितीय पेड़ी अवश्य रखे, जिससे आपको कम लागत में अच्छी फसल व पैदावार प्राप्त हो । उन्होंने किसानों से अपील किया कि वह चीनी मिल को साफ-सुथरा, जड़-पत्ती, अगोला रहित एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें तथा अपनी पर्ची की बैधता तिथि में ही गन्ना पर्ति कर अपने बेसिक कोटा में वृद्धि करें।

# दैनिक निशुल्क योग शिविर-मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली के दैनिक निशुल्क योग शिविर में आज प्रातः गीता जयंती श्रद्धा, भक्ति और गरिमा के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर सभी उपस्थित साधकों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित की गई। आज के मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष भारत के सुप्रसिद्ध कथा वाचक आदरणीय डॉक्टर गोपाल शरण दास जी रहे, जिन्होंने गीता के महत्व, जीवन में उसकी उपयोगिता और वर्तमान समय में गीता के उपदेशों की आवश्यकता पर अत्यंत मार्मिक और प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। दीप प्रज्वलन में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अध्यक्ष के साथ संरक्षक डॉ. संजय सिंह, रामराज गिरी जी, महेंद्र अग्रवाल जी, राजेश पांडे जी, आर.के. द्विवेदी जी तथा सोनम गुप्ता जी ने सहयोग किया। इसके उपरांत सोनम गुप्ता जी द्वारा उपस्थित साधकों को थोड़ा सा सरल योगाभ्यास और प्राणायाम कराया गया। कार्यक्रम के उपरांत मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आदरणीय डॉक्टर गोपाल शरण दास जी को स्मृति चिन्ह एवं स्मृति चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कटैया अकादमी के अध्यक्ष आदरणीय सरवन पटेल जी को भी मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक उद्बोधन ÷जय श्री कृष्णा – जय श्री राधे÷ के मधुर उद्घोष के साथ हुआ। आए हुए सभी अतिथियों, साधकों और सहयोगियों के प्रति मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## किसानों को मिल रहे प्रमाणित बीज, 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी, कृषि विभाग ने शुरू की पहल, लक्ष्य उत्पादन बढ़ाना

अमेठी। अन्नदाता किसानों के लिए रबी सीजन में कृषि विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है ।विभाग द्वारा अब किसानों को प्रमाणित बीज 30न से 50न तक सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं ।उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य जिले में फसल उत्पादन बढ़ाना और किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज सुलभ कराना है ।जनपद की चारों तहसीलोंअमेठी,गौरीगंज,तिलोई और मुसाफिरखाना स्थित कृषि कल्याण केंद्रों और कृषि रक्षा इकाइयों पर किसान सब्सिडी वाले बीज प्राप्त कर सकते हैं। उपलब्ध बीजों में चना,मटर,सरसों, मसूर सहित गेहूं की विभिन्न प्रजातियाँ शामिल हैं ।बीज प्राप्त करने के लिए किसानों को अपने आधार कार्ड,खसरा-खतौनी और बैंक पासबुक के साथ संबंधित विकास खंड के कृषि विभाग कार्यालय या कृषि रक्षा केंद्र में आवेदन करना होगा ।दस्तावेजों की जाँच के बाद विभाग किसानों के बैंक खाते में सब्सिडी राशि भेजेगा,जिससे वे आसानी से बीज खरीद सकेंगे।

# विदेशी पक्षियों को भा रही रायबरेली पक्षी बिहार की आबोहवा, सात समंदर पार से आकर डाला डेरा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



कड़ाके की ठंड शुरू होते ही सलोंन समसपुर पक्षी विहार की सबसे बड़ी झील पर विदेशी परिंदों का विहंगम संसार एक बार फिर सज उठा है. सर्दियों की आहट के साथ जैसे ही धुंध ने धरती को स्पर्श किया, वैसे ही यूरोप, अफगानिस्तान, तुर्किस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश से हजारों किलोमीटर का आसमानी सफर तय करने वाले प्रवासी पक्षियों ने सलोन क्षेत्र की हाकगंज, गोडवा-हसनपुर, विसैइया, ममुनी, रोहिनिया और समसपुर झीलों को अपना मौसमी बसेरा बनाना शुरू कर दिया है. जनवरी और फरवरी के दो महीनों तक इन झीलों में परिंदों का कलरव चरम पर होगा, जिसे देखने दूर-दूर से पर्यटक जुटते हैं। सुबह की पहली किरण पड़ते ही झीलों पर तैरते ग्रेलैग गूज, बार-हेडेड गूज, रेड क्रेस्टेड पोचर्ड, मैलर्ड, पिन-टेल, कॉमन टील, रड्डी शेलडक और पेलिकन जैसे दुर्लभ विदेशी पक्षियों की आवाजाही प्रकृति के उस अद्भुत सौंदर्य देखते बनता है, जिसका इंतजार स्थानीय लोग पूरे वर्ष करते हैं. इनमें से कुछ प्रजातियाँ पाँच हजार किलोमीटर की दूरी और लगभग 8,500 मीटर की ऊँचाई पार कर इन शांत जलाशयों तक पहुँचती हैं. समसपुर पक्षी विहार को 1987 में संरक्षण क्षेत्र घोषित किया गया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष नवंबर से मार्च के बीच यहाँ प्रवासी पक्षियों की चहल-पहल बनी रहती है. जनवरी में झीलें अपने प्राकृतिक वैभव के चरम पर होती हैं, जब विदेशी मेहमानों के साथ स्पून बिल, ब्लैक आइबिस, डार्टर, सारस क्रेन, कॉम्ब डक, मोर, हुद्हुद, बुलबुल जैसे सैकड़ों स्थानीय परिंदे भी परिदृश्य को और रमणीय बना देते हैं. झीलों के आसपास मत्स्य-जीवों जैसे नैन, सिंधरी, मांगुर, केतला, पाढ़न और वन्य जीवों में नेवला, गिलहरी, खरगोश, सिवेट, नीलगाय, सेही तथा कछुआ, अजगर और विभिन्न प्रजातियों के सांपों की उपस्थिति इस पारिस्थितिक तंत्र को और समृद्ध बनाती है। वयम भारत के संवाददाता पक्षियों का नजारा देखने पक्षी विहार पहुंचे तो रेंजर प्रियंका पटेल ने बताया कि इस वर्ष विदेशी पक्षियों की वैज्ञानिक गणना के लिए विशेष टीमें गठित की जा रही हैं. झीलों की लगभग 80 प्रतिशत सफाई भी प्राथमिकता के आधार पर कराई जा रही है, ताकि पक्षियों को स्वच्छ और अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके. उन्होंने कहा कि सर्द हवाएँ तेज होते ही झीलों पर विदेशी पक्षियों की उपस्थिति और बढ़ेगी. इस बार रिकॉर्ड संख्या में प्रवासियों के आने की संभावना है, जिसकी विस्तृत सूची तैयार की जा रही है. समसपुर पक्षी विहार की झीलों पर इन परिंदों का सुबह-शाम का नृत्य, पंखों की फड़फड़ाहट और जल में तैरते रंग-बिरंगे झुंड एक ऐसा मनोहारी दृश्य रचते हैं, जिसे देखने के लिए प्रकृति-प्रेमी पर्यटक सर्दियों के मौसम में अवश्य पहुँचते हैं।

# यातायात माह के समापन अवसर पर प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में सोमवार को यातायात माह नवंबर 2025 के सफल समापन के अवसर पर आज थाना कोतवाली नगर परिसर में यातायात माह समापन समारोह का आयोजन किया गया। यातायात माह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं मे प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों के बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी यातायात डीके श्रीवास्तव, एआरटीओ बलरामपुर बृजेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं, मीडिया कर्मी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में यातायात माह नवंबर-2025 के समापन अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय द्वारा यातायात माह के अंतर्गत जनपद में आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों स्कूलों में गोष्ठियां, जागरूकता रैलियां, पंपलेट वितरण, निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद, क्विज प्रतियोगिताओं तथा हेलमेट एवं सीटबेल्ट जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की । उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का संकल्प है। यातायात माह नवम्बर 2025 जागरुकता अभियान के समापन समारोह पर थाना कोतवाली नगर प्रागण में फातिमा स्कूल, सिटी मांटेसरी गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पायनियर पब्लिक स्कूल व पार्वती इंटर कॉलेज हरिहरगंज के छात्र-छात्राएं शिक्षक तथा सम्भ्रान्त व्यक्ति एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने विस्तृत रूप से यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क पर हर व्यक्ति की सुरक्षा, उसकी सावधानी और नियमों के पालन पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि बढ़ते वाहन दबाव और परिवहन के विस्तार के साथ यातायात अनुशासन आज अत्यंत आवश्यक हो गया है । उन्होंने यातायात माह-2025 के दौरान भाषण, रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं तथा यातायात माह नवंबर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षक, उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी, पीआरडी व होमगार्ड के जवानों को मेडल तथा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया । उन्होंने यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात नियमों के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर यात्रा के दौरान उनका प्रति-दिन पालन करने हेतु सभी से अपील की गई। यातायात नियमों में प्रमुख रूप से दो-पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना, कभी भी शराब पीकर गाड़ी नही चलाना, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनना, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नही करना तथा कोई स्टंट नही भेजना व देखना, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना तथा अपने परिजनों से पालन करने हेतु बताना तथा सड़क दुर्घटना पीडितों की मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहना शामिल है ।

## लाखों के आरओ प्लांट खराब महीनों से बंद, जनता खरीद रही पीने का पानी

रायबरेली। के नसीराबाद नगर पंचायत में नगरीय पेयजल योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से लगाए गए कई आरओ प्लांट महीनों से खराब पड़े हैं। इन प्लांटों के शोपीस बनकर रह जाने से क्षेत्र की जनता को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है।
नसीराबाद रामलीला, चंद्रकम और नगर पंचायत कार्यालय को जाने वाले रास्ते पर लगे आरओ प्लांट विशेष रूप से प्रभावित हैं। स्वच्छ पेयजल जीवन की मूल आवश्यकता है, लेकिन इन प्लांटों के खराब होने से यह सुविधा बाधित हो गई है।
स्थानीय निवासियों का कहना है कि हैंडपंप का पानी भी पीने योग्य नहीं है, जिसके कारण उन्हें पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। साप्ताहिक बाजार के दिन यह समस्या और भी बढ़ जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।
इस संबंध में जब नगर पंचायत के ई.ओ. राजभान शुक्ला से बात की गई।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शुरू किया आंदोलन

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिले में ग्राम पंचायत सचिवों ने शासन द्वारा जारी पंचायत भवन पर ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश के खिलाफ सोमवार से विरोध शुरू कर दिया।सचिवों का कहना है,कि वे फील्ड में कार्यरत कर्मचारी हैं,जिनसे दिन-रात,छुट्टी व अवकाश के समय भी कार्य लिया जाता है।ऐसे में प्रतिदिन पंचायत भवन पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक नहीं है।सचिवों ने बताया कि अधिकांश के पास एक से अधिक ग्राम पंचायतों का प्रभार होता है।विभागीय कार्यों के साथ-साथ उन्हें गैर-विभागीय कई जिम्मेदारियां भी निभानी पड़ती हैं। जिससे मूल कार्य प्रभावित होता है।उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत स्तर पर अन्य विभागों के कर्मचारी भी तैनात हैं,लेकिन उपस्थिति सिर्फ सचिवों से ही ली जा रही है,जो भेदभाव पूर्ण है।सचिवों ने यह भी कहा कि शासन द्वारा न तो मोबाइल, न इंटरनेट डेटा और न ही कोई भत्ता उपलब्ध कराया गया है।ऐसे में निजी मोबाइल से उपस्थिति लगाने के निर्देश उनके अनुसार निजता का उल्लंघन हैं।सचिवों ने एक से चार दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य करने, पांच दिसंबर को सभी ब्लॉकों में धरना देने और सरकारी ग्रुपों से बाहर होने की घोषणा की है।6 से 14 दिसंबर तक सचिव साइकिल से ही शासकीय कार्य करेंगे।और निजी वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे।15 दिसंबर को सभी डोंगल ब्लॉक पर जमा कर दिए जाएंगे,जिससे सरकारी कार्य और भुगतान प्रभावित होने की आशंका है।सचिवों ने स्पष्ट कहा है,कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो 15 दिसंबर के बाद प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा।

# पेयजल ध्वस्त आवागमन के लिए आपात व्यवस्था भी बाधित

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर
बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर विगत 28 तारीख से स्थानीय हनुमानगढ़ी तिराहे पर हुए पाइपलाइन रिसाव को ठीक किए जाने हेतु खोदे गए सड़क से बाज़ार दो हिस्सों में बंट गया है, जिसे सोमवार को भी ठीक किए जाने की जल निगम व नगर पंचायत का संयुक्त प्रयास जारी रहा। उ0 प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने पेयजल आपूर्ति सुचारू कर सड़क से आवागमन बहाल किए जाने की मांग की है। अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि ने बताया कि पिछले चार दिनों से सड़क का रास्ता बाधित है जिसके कारण व्यापार पूरी तरह से चौपट होने के कगार पर है,शादी ब्याह का सीजन होने से पेयजल की दिक्कतों से आमजन के स्तिथि दयनीय हो रही है। महा मन्त्री रूप चन्द्र गुप्ता ने बताया कि जल निगम अवर अभियंता से फोन कर अवरुद्ध सड़क पर आवागमन बहाल होने के सवाल पर बताया कि हम लोग पूरी कोशिश कर रहे है लेकिन आज शाम तक का समय दीजिए पूरी तरह से सभी कुछ सामान्य हो जाएगा। कोषाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया,ओम प्रकाश अग्रहरि,जय सिंह,अरविंद गुप्ता,सरदार बबलू सिंह,विक्की गुप्ता,पवन गोयल ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी प्रवीण दुबे ने बताया कि पेयजल सहित सड़क की दुर्दशा के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि बीती शाम रविवार को मैं स्वयं निरीक्षण करने गया था । स्थिति काफी जटिल है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। परंतु मुझे जो दिखा उसमें चार लीकेज अभी तक इन्होंने दुरुस्त किया है उसके बावजूद भी समाधान जल निगम नहीं निकाल पा रहा है, 24 घंटे का मोहलत मैंने दिया है कि पूर्ण रूप से पेयजल बहाल करें तथा आवागमन के लिए सड़क को दुरुस्त करें ऐसा न होने पर शासन को जल निगम के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्र लिखा जाएगा।

## फांसी के फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव ;परिजन व गांव में शोक,पुलिस जांच में जुटी

अमेठी। जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुर बाजार में सोमवार सुबह एक नवविवाहिता का शव घर के कमरे के भीतर फांसी के फंदे से लटका पाया गया ।मृतका की पहचान सपना 25 वर्ष पत्नी रविंद्र के रूप में हुई है ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शादी दो साल पहले हुई थी ।और उसकी एक तीन माह की बेटी है ।जानकारी के अनुसार सुबह काफी देर तक घर से कोई हलचल न देख कर परिजन कमरे की ओर गए तो दरवाजा खुला मिला और अंदर सपना दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी हुई पाई गईं घटना की सूचना मिलने पर गाँव में सन्नाटा पसर गया। और स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए ।परिजनों की चीख-पुकार के बाद पीपरपुर थाना पुलिस पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को फंदे से उतार कर कब्जे में ले लिया ।पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।प्रारंभिक जांच में कमरे या दरवाजे पर किसी प्रकार के संघर्ष या जबरन प्रवेश के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं,लेकिन पुलिस पूरे मामले की तह तक जाने का दावा कर रही है।

# एमएलके कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज, में जूलोजी विभाग द्वारा सोमवार को एचआईवी एड्स के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान, सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक व्यापक और बौद्धिक रूप से आकर्षक विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । इस
जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बीमारी के जैविक, चिकित्सा, सामाजिक और निवारक आयामों के बारे में शिक्षित करना है । साथ ही उन्हें समाज में स्वास्थ्य जागरूकता के जिम्मेदार राजदूत बनने के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. जे पी पांडे के मार्गदर्शन में और प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया । उनकी निरंतर प्रेरणा और अकादमिक दृष्टि ने कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों के लिए एक सार्थक शिक्षण मंच में आकार देने में मदद की। प्रो. अशोक कुमार ने विश्व एड्स दिवस के वैश्विक महत्व, एचआईवी की खोज के इतिहास और जागरूकता अभियानों में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. सद्गुरु प्रकाश ने एचआईवी के जीव विज्ञान, इसके जीवन चक्र और यह प्रतिरक्षा प्रणाली, विशेष रूप से सीडी4+ टी कोशिकाओं को कैसे लक्षित करता है, इस पर चर्चा की। डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी ने संचरण के तरीकों, निवारक प्रथाओं और एचआईवी एड्स से जुड़ी आम गलत धारणाओं पर एक व्याख्यान दिया। डॉ. कमलेश कुमार ने एड्स के नैदानिक लक्षणों, संक्रमण के चरणों और एलिसा और वेस्टर्न ब्लॉट परीक्षणों सहित नैदानिक विधियों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. मानसी पटेल ने एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (एआरटी), आधुनिक उपचार विकल्पों और रोगी के अस्तित्व और जीवन की गुणवत्ता पर प्रारंभिक पहचान के प्रभाव पर प्रस्तुति दी। डॉ. आर.बी. त्रिपाठी ने जागरूकता कार्यक्रमों और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से भारत द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए वैश्विक और राष्ट्रीय आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. अल्पना परमार ने एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के सामने आने वाली मनोवैज्ञानिक और सामाजिक चुनौतियों का समाधान किया, करुणा और कलंक पर जोर दिया। डॉ. आनंद कुमार बाजपेयी ने निवारक रणनीतियों, सुरक्षित प्रथाओं और जागरूकता पैदा करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर व्यावहारिक व्याख्यान दिया। डॉ. संतोष तिवारी ने सामुदायिक आउटरीच, निरंतर जागरूकता की आवश्यकता और वैज्ञानिक ज्ञान को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ एकीकृत करने के महत्व के बारे में बात की। कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने एचआईवी/एड्स के विभिन्न पहलुओं पर सूचनात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किए।कल्पना मिश्रा ने विश्व एड्स दिवस के महत्व और युवाओं के नेतृत्व में जागरूकता के महत्व पर चर्चा की। सौम्या ने प्रभावित परिवारों और समुदायों पर एचआईवी/एड्स के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के बारे में बताया। मीनाक्षी जायसवाल ने कलंक का मुकाबला करने और सहानुभूति को बढ़ावा देने में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। नेहा कश्यप ने संक्रमण के जोखिम को कम करने वाले निवारक उपायों और स्वस्थ जीवन शैली प्रथाओं पर प्रस्तुति दी। उम्मे शाल्मा ने एचआईवी/एड्स के बारे में आम मिथकों और गलत धारणाओं और उनके वैज्ञानिक स्पष्टीकरण पर एक व्याख्यान दिया।

# पनकी नहर के जंगल में मिले एक दर्जन गोवंश के अवशेष





## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी नहर के समीप गोकशी की सूचना पर सोमवार दोपहर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। जानकारी मिलते ही एसीपी पनकी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्यकर्ताओं को शांत कराया। यहां जंगल में करीब एक दर्जन गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जंगल में लोडर के निशान, दो युवकों के देखे जाने की बात पर एक अपाचे गाड़ी भी पहचान में आई है। बजरंग दल कार्यकर्ता अनूप कुमार, आयुष शुक्ला, रामजी पांडे, अंबर दुबे और छोटू पंडित का आरोप है कि पिछले कई दिनों से इलाके में संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जा रही थीं। नवीन नगर वार्ड अध्यक्ष आयुष शुक्ला ने बताया कि दो युवक बाइक से लगातार इस रास्ते से आते-जाते देखे गए हैं, साथ ही जंगल के अंदर लोडर वाहन के निशान भी मिले हैं। इससे आशंका है कि यहां लंबे समय से गोकशी का काम जारी था। जेसीबी आते ही फिर शुरू हुआ हंगामा। पहले समझाने पर शांत हुए कार्यकर्ता कुछ देर बाद जेसीबी मशीन के पहुंचते ही फिर आक्रोशित हो उठे। कार्यकर्ताओं ने पहले रिपोर्ट दर्ज करने और उसके बाद ही अवशेषों को डीकंपोज किए जाने की मांग की। अवशेष दो माह पुराने~ पशु चिकित्सक की रिपोर्ट मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने जांच के बाद बताया कि मिले हुए गोवंश के अवशेष करीब दो माह पुराने प्रतीत हो रहे हैं। फिलहाल अवशेषों को सुरक्षित कर लिया गया है।

एसीपी पनकी शिखर ने कहा कि मौके से गोवंश अवशेष बरामद हुए हैं। पूरी जांच कराई जा रही है, जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

पनकी क्षेत्र में मिले अवशेषों ने सुरक्षा व्यवस्था और अवैध गतिविधियों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस टीमें आसपास के क्षेत्र में लगातार निगरानी बढ़ा रही हैं।

## ईगल सीसीटीवी कंट्रोल रुम का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद सीतापुर में स्थापित नवनिर्मित अत्याधुनिक ईगल सीसीटीवी कंट्रोल रुम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यह नवीन कंट्रोल रूम अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसका उद्देश्य जनपद में अपराध की रोकथाम, यातायात प्रबंधन तथा त्वरित पुलिस कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाना है। ईगल सीसीटीवी कंट्रोल रुम में कुल कैमरों की संख्या–155 है, जिसके माध्यम से शहर के विभिन्न प्रमुख चैराहोंध्बाजार क्षेत्रोंध्संवेदनशील स्थानों एवं भीड़–भाड़ वाले इलाकों की 24म7 हाई–रिजॉल्यूशन कैमरों से निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम में स्थापित उन्नत मॉनिटरिंग सिस्टम से पुलिस टीम वास्तविक समय में गतिविधियों पर नजर रख सकेगी तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित कर पाएगी। यह प्रणाली कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चोरीध्छेड़छाड़ध् दुर्घटनाध्ट्रैफिक जाम व अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में यह कंट्रोल रूम अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान, भाजपा की हेल्प डेस्क पर भरे गए 102 फॉर्म, घर-घर चला गहन जन-जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



तहसील की ग्राम पंचायत ददारपुर कटहा के बूथ संख्या 167 पर आज भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण मतदाता पुनरीक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व पार्टी के मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई तथा मोहम्मद नियाज़ (बूथ लेवल ऑफिसर) ने संयुक्त रूप से किया।निर्वाचन प्रक्रिया से नागरिकों को जोड़ने और मतदाता सूची को अद्यतन करने के उद्देश्य से बूथ पर एक विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की गई, जिसमें नाम जोड़ने, संशोधन, स्थानांतरण समेत सभी प्रक्रियाओं के लिए त्वरित सहायता उपलब्ध कराई गई। अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं और बीएलओ टीम ने ÷हर घर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान÷ के अंतर्गत घर-घर जाकर नागरिकों को पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

इस दौरान मौके पर ही फॉर्म भरवाकर जमा कराने की सुविधा दी गई, जिसमें युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय लोगों के सहयोग और सतत संवाद का परिणाम रहा कि कुल 102 फॉर्म भरकर जमा किए गए, जो अभियान की व्यापकता और बूथ की बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

भजपा मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई ने कहा, मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र का आधार है। यह केवल अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व भी है। भाजपा संगठन अधिकतम पात्र नागरिकों को प्रक्रिया से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। बीएलओ मोहम्मद नियाज़ ने इस अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए नागरिकों से समय पर आवेदन करने और दस्तावेज़ अपडेट रखने की अपील की।कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता रवि श्रीवास्तव, सूरज अग्निहोत्री, रमेश और अशोक पाल सहित अनेक सक्रिय सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने फॉर्म भरने, मार्गदर्शन देने और नागरिकों से संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक और योजनाबद्ध प्रयास बताया। पार्टी संगठन ने संकल्प लिया है कि भविष्य में भी बूथ स्तर पर ऐसे अभियान निरंतर संचालित किए जाएंगे ताकि अधिकाधिक नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ सकें।

# कानपुर में 4 महीने के बच्चे का अपहरण का खुलासा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर के पनकी में 4 महीने के बच्चे का अपहरण कर पनकी पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया मंदिर के बाहर ऑटो सवार जी दंपति ने बच्चों का अपहरण किया था पुलिस ने अपहरण करने वाले पति-पत्नी और 5 लाख में बच्चों को खरीदने वाले दंपति को गिरफ्तार कर लिया है बच्चे को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है इसके साथ ही चारों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। एडीसीपी वेस्ट कपिल देव ने बताया कि रावतपुर के थारू बस्ती में रहने वाले विनोद की पत्नी सोनी ने बताया कि वह मंदिरों के बाहर भीख मांग कर अपना गुजर बसर करते हैं रोज की तरह वह बीते 28 नवंबर को वह भी पनकी मंदिर के बाहर थी इस दौरान उसकी 10 साल की बेटी शिवानी अपने 4 महीने के बेटे को लेकर लोगों से भीख मांग रही थी इस दौरान पनकी मंदिर के निकासी द्वार के पास बाइक से खड़े दंपति उनके पास आए महिला 4 महीने के बच्चे को गोद में लेकर दुलारने लगी और मंदिर के गेट नंबर 4 की ओर पैदल बड़ी इसके बाद बच्चे को लेकर वहां पहले से तैयार खड़े ऑटो से भाग निकली। बच्चों का अपहरण करने वाले दंपति काकादेव के शास्त्री नगर निवासी गीता सिंह और उसके पति जितेंद्र सिंह को पुलिस ने दबोच लिया है दंपति पहले तो स्वीकार करने को तैयार नहीं हुई लेकिन सीसीटीवी दिखाई तो दंग रह गए। पुलिस ने शक्ति से पूछताछ की तो सामने आया कि सेन पश्चिम पर के एकदम पेट से 500000 में बच्चे का सोडत था और कई बार में रुपए भी लिए जा चुके इस वजह से इस बच्चे को पांच लाख में उन्हें भेज दिया गया है पुलिस ने दंपति से 66500 भी बरामद कर लिया है पूछताछ के बाद पुलिस ने बच्चा खरीदने वाले दंपति पनकी नहर के पास से गोपाल नगर निवासी सचिन सक्सेना और उसकी पत्नी गरिमा श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है इसके बाद बच्चे को भी बरामद कर लिया पुलिस ने बच्चों को परिवार के सपोर्ट करने के बाद चारों को जेल भेज दिया है।

# पार्टनरों के विवाद में अटकी पड़ी कमलापुर चीनी की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



सिधौली। वर्षों से बंद कमलापुर शुगर फैक्ट्री की नीलामी सुप्रीम कोर्ट के आदेश से संपन्न होने के बाद दो पार्टनरों के विवाद के कारण फैक्ट्री लंबे समय से निष्क्रिय बनी हुई थी। इस चुनौतीपूर्ण दौर में फैक्ट्री की मूल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी एडमिन स्टाफ के अधिकारी गौतम सिंह ने संभाली। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने सुरक्षा, अनुशासन, निगरानी और संरक्षा संबंधी कार्यों को सधे प्रबंधन कौशल के साथ संचालित किया। स्थानीय कर्मचारियों के बीच उनकी कार्यशैली की मिसाल देते हुए यह कहावत अक्सर सुनाई देती हैकृ ÷कुछ लोग सांचे में ढल जाते हैं, पर कुछ के आने से सांचे ही बदल जाते हैं। गौतम सिंह के प्रयासों से बंद फैक्ट्री में भी व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा का स्तर उल्लेखनीय रूप से बेहतर बना रहा, जिससे पुनः संचालन की संभावनाएं मजबूत दिखने लगी थीं। इसी बीच कंपनी मुख्यालय से आए अचानक आदेश में उन्हें तलब कर लिया गया, जिसे कर्मचारियों और स्थानीय जनता ने अत्यंत निराशाजनक माना। कई कर्मचारियों ने इसे फैक्ट्री की व्यवस्था के लिए ÷असमय और अनुचित÷ निर्णय बताया। गौतम सिंह के स्थानांतरण पर कर्मचारियों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। उनका मानना है कि फैक्ट्री को पुनर्जीवन की दिशा में ले जाने में उनकी निष्ठा और नेतृत्व ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों से निर्णय पर पुनर्विचार कर उन्हें पुनः जिम्मेदारी सौंपने की मांग की है।

## एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

नारी जागरण सेवा समिति टीआई द्वारा विष्व एड्स दिवस पर रैली निकाली गयी कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में समस्त पदाधिकारियों ने एड्स जागरूकता को लेकर रंगोली बनायी इस दौरान कार्यक्रम प्रबंधक सचिन त्रिपाठी जी ने बताया आज का दिन एड्स जैसी खतरनाक बिमारी खत्म करने की मुहिम है इसलिये इस दिन अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करना चाहिए, जागरूकता रैली घूरामऊ बंगला से प्रारम्भ होकर बड़ा डाकखाना चैराहा होते हुए वापस संस्था के कार्यालय में समाप्त हुई इस दौरान रैली में उपस्थित जनो ने एड्स जागरूकता के नारे भी लगाये इस दौरान नारी जागरण का समस्त स्टाफ तथा पीयर मौजूद रहे जिसमें- कार्यक्रम प्रबंधक सचिन त्रिपाठी, एमएंडई आफीसर दिलीप कुमार, परामर्षदाता गौरव कुमार त्रिपाठी, ओआरडब्ल्यू मोहित, जितेन्द्र, नगमा, ममता, अनीता, अमर आदि मौजूद रहै।

# बिल्हौर को मिली विकास की नई रफ्तार

## सांसद के प्रयास से 12.2 किमी सड़क चौड़ीकरण को मंजूरी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर। सांसद अशोक कुमार रावत के विशेष प्रयासों से बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को उत्तर प्रदेश शासन से औपचारिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है।यह विकास परियोजना कल्याणपुर-शिवली-शिवराजपुर मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग 78-ष्ट) के चैनेज 26.800 से 39.000 तक के हिस्से को कवर करेगी, जिसकी कुल लंबाई 12.200 किमी है। इस स्वीकृति से सड़क की क्षमता बढ़ेगी, यातायात अधिक सुगम होगा तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और सड़क सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। निर्माण कार्य की आगे की प्रक्रिया को जल्द शुरू किए जाने की पुष्टि लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश ने की है। विभाग द्वारा शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर सड़क निर्माण प्रारंभ कराने की तैयारी की जा रही है, जिससे यह परियोजना जमीन पर गति पकड़ सकेगी। इस महत्वपूर्ण मंजूरी के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने सांसद अशोक कुमार रावत के प्रयासों के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह सड़क अब क्षेत्र के लिए विकास, रोजगार और सुगम आवागमन की नई पहचान बनेगी। जनता का आभार संदेश, क्षेत्रवासियों ने एक स्वर में कहा सांसद जी का बहुत-बहुत धन्यवाद, यह मार्ग अब बिल्हौर के विकास की नई रीढ़ साबित होगा।

## शिकायत के बाद भी नहीं जागा विद्युत विभाग,किसान की तीन बीघा गन्ने की फसल जली

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विद्युत विभाग की लापरवाही ने किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया जी हां एक किसान खेत के ऊपर से निकली 11 हजार की विद्युत लाइन से निकली चिंगारी ने गन्ने की फसल को जलाकर खाक कर दिया!मिली जानकारी के अनुसार थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के निवासी मुशीर अहमद पुत्र निजामुद्दीन के खाते में गन्ने की फसल के ऊपर से 11 हजार की लाइन निकली हुई है जोकि काफी जर्जर है और उसके तार ढीले होने के कारण अकसर लाइन में स्पार्किंग होती रहती है जिसको लेकर किसान मुशीर ने विद्युत विभाग को शिकायत भी की लेकिन शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदार अंजान बने रहे जिनका खामियाजा सोमवार को किसान की गन्ने की तीन बीघा फसल जलकर हुई!गन्ने की फसल जलती देख स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास करने लगे और किसान को सूचना दी!सूचना पाकर किसान ट्रैक्टर लेकर खेत पहुंचा और जलती हुई गन्ने की आगे की फसल को बड़ी सूझबूझ से जुताई की तब जाकर आग पर काबू पाया लेकिन फिर भी करीब तीन बीघा गन्ना जल गया!पीड़ित किसान के पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के जिम्मेदारों पर शिकायत करने के बावजूद लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है और जांच कर कार्यवाही की मांग की है!

# कार्यवाही के नाम पर वन रक्षक से वापस करवा दी गई रिश्वत की रकम

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

एक सरकारी अफसर किसान से रिश्वत लेता है और इसका खुलासा होता है ऐसे अफसर के विरूद्ध कार्यवाही होने के लिये नियम औरे कानून क्या कहता है? जिस अफसर ने रिश्वत ली है उसके विरूद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही करना या फिर रिश्वत की रकम वापस करवाकर मामले को रफा दफा कर देना। अगर रिश्वत लेने वाले अफसर की रिश्वत का खुलासा हो जाये और रिश्वत वापस करना ही सजा है तो इसे न्याय संगत नही माना जा सकता है। ऐसे में वन रक्षक के विरूद्ध क्या कार्यवाही होनी चाहिए इसका जवाब तो जिम्मेदार ही दे सकते है। गौरतलब हो कि विधायक का एक अन्य वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह वन विभाग के महमूदाबाद क्षेत्राधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते दिख रहे हैं। समाचार पत्र वायरल वीडियों की पुष्टि नही करता है। दरअसल, एक वन रक्षक ने लकड़ी काटने पर किसान को धमका कर उससे साढ़े तीन हजार रुपये की रिश्वत ली थी। विधायक की नाराजगी के बाद वन रक्षक ने किसान को घर जाकर पैसे वापस किए हैं। थानाक्षेत्र के पाण्डेयपुरवा गांव निवासी बंशीधर ने अपने खेत से कुछ दिन पूर्व शीशम की सूखी लकड़ी काटी थी। वह लकड़ी आरा मशीन पर चिरवाने ले जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान रामपुर मथुरा कस्बे के पास वन रक्षक जितेंद्र ने उन्हें रोक लिया। वंशीधर को प्रतिबंधित लकड़ी चोरी से काटने के जुर्म में एफआईआर लिखवाने की धमकी दी। घबराकर किसान वंशीधर ने 3500 रुपये जितेंद्र को दे दिए, लेकिन इतने से वह संतुष्ट नहीं हुआ। वह 4500 रुपये और मांग रहा था। किसान पर दबाव बनाकर उसे बांसुरा कस्बे तक ले गया।

### रिश्वतीखोरी की घटना पर क्यो बोला डीएफओ कार्यालय

वन विभाग के वन रक्षक द्वारा किसान से रिश्वत ली जाती है इसका खुलासा होता है विधायक नाराज होते है और वर रक्षक किसान के घर रिश्वत लौटाने जाता है। इस पर जब डीएफओ सीतापुर के बात करने की कोशि की गई तो पता चला कि साहब हाई कोर्ट गये है इस कारण उनका स्वीच आफ है इसके बाद वन विभाग के लिपिक से बात की गई तो उन्होने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नही है जब उनसे पूछा गया कि आप के विभाग का अफसर रिश्वत लेता है और खुलासो होने पर रिश्वत वापस कर देने से मामला समाप्त हो जाता है या कोई विभागीय कार्यवाही होती है तो लिपिक का वही जवाब रहा कि हमारे संज्ञान में घटना नही है तो हम क्या बता सकते है।

### रिश्वत खोरी की घटना से अंजाम डीएफओ कार्यलय संभव कैसे

क्या डीएफओ कार्यालय का अंकुश अपने अफसरों पर नही रहा या अफसरों को मनमानी करने के लिये छोड़ दिया गया है। ऐसा इस लिये कहा जा सकता है क्योकि जब डीएफओ की अनुपस्थित में कार्यालय के बाबू के नम्बर 7839435268 पर बात की गई तो उन्होने बताया कि हमारे कार्यालीय में इस प्रकार कड़ी कोई जानकारी नही है इस की कोई घटना भी हमारे किसी अफसर ने की है। सवाल यह कि आखिर इस तरह का पक्ष रखने के पीछे लिपिक की मंशा क्या थी क्या वह अपने विभागीय अफसर को बचाने के लिये इस तरह का पक्ष रख रहा था क्योकि इस घटना को लेकर सोशल मीडिया में वीडियों वायरल होने की भरमार है जिले का बच्चा बच्चा जान गया है कि वन रक्षक रिश्वतखोर निकला फिर भी डीएफओ कार्यालय को इसकी जानकारी नही है यह संभव कैसे?

# शिक्षा विभाग में लम्बित फाइलों और गन्दगी देख डीएम गुस्साएं



■ तीन माह के अन्दर फाइलों का निस्तारण नही हुआ तो होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही–डीएम

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन सूचना अधिकारी कक्ष, बी0एस0ए0 कक्ष, एम0डी0एम0 कक्ष, कार्यवाही पटल, आई0जी0आर0एस0 पटल, प्रधान सहायक कक्ष, डाक डिस्पैच कक्ष, अवकाश तालिका कक्ष आदि को देखा। उन्होंने लिपिक राम सहारे को सूचना का अधिकार रजिस्टर अद्यतन न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने एवं कक्ष में सी0सी0टी0वी0 लगवाये जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने अभी तक निलम्बित हुये शिक्षकों के रजिस्टर एवं सूची को देखते हुये निर्देश दिये कि सभी निलम्बित हुये शिक्षकों की फाईलों का तीन माह की भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, यदि ऐसा नही हुआ तो अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। कार्यालय में साफ-सफाई न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द सम्पूर्ण कार्यालय की साफ-सफाई करायी जाये। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पटल को देखा, जहां लिपिक दिलीप त्रिवेदी अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिन का वेतन एवं अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 कक्ष में सी0सी0टी0वी कैमरे लगवाये जायें। प्रधान सहायक कक्ष पहुंचकर लम्बित जी0पी0एफ0, बी0ओ0 की सेवापुस्तिका देखी एवं वेतन वृद्धि के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मान्यता लेने वाले स्कूलों की 03 माह 20 दिन की लम्बित फाईलों को देखते हुये निर्देश दिये कि जो भी मान्यता के लिये आवेदन प्राप्त हुये हैं, उनका जल्द ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा कोई भी फाईल अधिक समय तक लम्बित न रखी जाये।

साथ ही उन्होंने मान्यता के लिये आवेदन की गयी फाईल के प्रबंधक से वार्ता की। डी0सी0 निर्माण पटल के निरीक्षण के दौरान लिपिक विकास अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि सभी ढंग से पटल पर उपस्थित रहकर कार्य करें। लेखाकार कक्ष पहुंचकर जिलाधिकारी ने विभिन्न दस्तावेजों का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये।निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एम.ओ.आई.सी का एक दिन व बीपीएम का 15 दिन वेतने रोकने के आदेश



देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसेण्डी का औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, एन0बी0एस0यू0 रूम, मातृ सुरक्षा केन्द्र आदि को देखा।

एम0ओ0आई0सी0 के अनुपस्थित होने पर एक दिन को वेतन रोकने, चिकित्सक सुनील का मातृ सुरक्षा केन्द्र संचालित न होने पर एक दिन का वेतन रोकने एवं नोटिस जारी एवं बी0पी0एम0 द्वारा रजिस्टर अद्यतन न करने पर 15 दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लगे सी0सी0टी0वी0 को देखा।जिलाधिकारी ने नर्स ड्यूटी कक्ष को देखते हुये रजिस्टर का अवलोकन किया एवं संबंधित को निर्देश दिये कि ड्यूटी का चार्ट चस्पा किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी को सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं व समुचित उपचार मिल सके इसके लिये हम सभी को एकजुट होकर अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडस दिवस पर किया गया परेड का आयोजन, सीएमओ ने दिखाई हरी झण्डी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

विश्व एड्स दिवस के अवसर जनपद सीतापुर में डा0 सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर की अध्यक्षता एवं डा0 मनोज कुमार देशमणि जिला क्षय रोग अधिकारी के दिशा निर्देशन, प्रभारी एन0एस0एस व प्रभारी एन0सी0सी0 आर0एम0पी0 डिग्री कालेज के मार्गदर्शन एवं दिशा क्लस्टर एन0टी0ई0पी0 के सहयोग से आर0 एम0पी0 डिग्री कालेज सीतापुर मे विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एच0आई0वी0 एड्स जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जन जागरूकता हेतु एक वृहद विश्व एड्स दिवस परेड का आयोजन किया गया है, जिसकी विषय वस्तु बाधाएं दरकिनार, एच0आई0वी पर सशक्त प्रहार रखा गया है। सर्वप्रथम मुख्य चिकित्साधिकारी का आर0एम0पी0 डिग्री कालेज के प्रभारी द्वारा स्वागत किया गया। उक्त परेड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ की गयी। परेड मे कुल 140, एन0एस0एस व एन0सी0सी के विद्यार्थी द्वारा प्रारम्भ की गयी, जिसका आयोजन एसो0प्रो0 विजय प्रकाश, प्रभारी एन0एस0एस आर0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रो0 पवन कुमार यादव, प्रभारी एन0सी0सी0 के मार्गदर्शन मे हुआ। उक्त कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा एड्स के बारे मे जागरूक किया गया एवं एड्स के चार कारण के बारे मे सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया, जिसमें दिशा क्लस्टर सीतापुर से पुष्कर सिंह सी0पी0एम0, अम्बरीश दुबे सी0एस0ओ, सौरभ श्रीवास्तव डी0एम0डी0ओ एवं टी0बी0 एच0आई0वी कोआर्डिनेटर रमेश चन्द्र मौर्या द्वारा समस्त कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में दीपू चम्याल सी0पी0ओ, टी0बी क्लिनिक एन0टी0ई0पी से आशीष दिक्षित, पी0पी0एम समन्वयक, जिला चिकित्सालय से उदय प्रताप आई0सी0टी0सी परामर्शदाता, पी0पी0टी0सी0टी0 परामर्शदाता बिन्नी मिश्रा, राजीव लैब टेक्निशियन शोभित शुक्ला एस0टी0आई परामर्शदाता, वन्दना आई0सी0टी0सी परामर्शदाता, पवन पाल लैब टेक्निशियन राखी व राकेश मौर्या लैब टेक्निशियन, सी0एल0एच0 सी0एस0सी0 2.0, लक्षित हस्तक्षेप नारी जागरण सेवा समीति से सचिन त्रिपाठी, गौरव व समस्त टीम एवं आदि उपस्थित रहें।

# प्रधान ने पुत्र की फर्म पर कराया भुगतान, शासनादेशों की उड़ी धज्जियाँ

जन एक्सप्रेस। सीतापुर




पिसावां। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था की बात तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर जिम्मेदारों की लापरवाही और मिलीभगत से शासनादेश बेअसर होते दिख रहे हैं। वर्ष 2022 में जारी शासनादेश में स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख तथा ग्राम प्रधान विकास कार्यों की निधि से अपने परिजनों, रिश्तेदारों या सगे-संबंधियों को किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं करेंगे। बावजूद इसके जनपद की कई ग्राम पंचायतों में प्रधान-सचिव गठजोड़ द्वारा नियमों की लगातार अनदेखी की जा रही है।इसी क्रम में विकास खंड पिसावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत जलालनगर का मामला गंभीर सवाल खड़ा करता है। आरोप है कि ग्राम प्रधान आशिफा बेगम पत्नी शाहिद अली ने अपने पुत्र मो0 राशिद के नाम समीर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर नाम से फर्म पंजीकृत कराई और ग्राम निधि से लाखों रुपये का भुगतान कर डाला। इतना ही नहीं, आरोप यह भी है कि प्रधान और तत्कालीन सचिवों की मिलीभगत से मो0 राशिद के व्यक्तिगत बैंक खाते में भी धनराशि भेजी गई।

सूत्रों के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में सचिव अमित कुमार शाहू द्वारा कई कार्यों पर कुल 5,68,036 रूपये का भुगतान किया गया, जिनमें जहूर के मकान से तालाब तक नाली निर्माण,रोड़ा-राबिस डालने का कार्य,अयोध्या के मकान से शौचालय तक सीसी रोड निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। बताया जाता है कि पिछले वित्तीय वर्ष में इससे भी कहीं अधिक राशि जारी की गई थी।जब इस मामले में पूर्व सचिव अमित कुमार शाहू से जानकारी ली गई तो पहले उन्होंने कहा कि गाँव का माहौल विवादित था, इसलिए उन्होंने गाँव छोड़ दिया, और उन्हें फर्म से संबंधित जानकारी नहीं है।

लेकिन कुछ देर बाद सचिव ने दोबारा फोन कर यह कहते हुए बयान बदल दिया कि फर्म किसी अन्य व्यक्ति की है, जो प्रधान के बेटे के नाम का इस्तेमाल करता है।

इससे सचिव के कथनों में विरोधाभास साफ दिखाई देता है।महत्वपूर्ण बात यह है कि फर्म के बिल पर दर्ज मोबाइल नंबर और प्रधान का मोबाइल नंबर एक ही पाया गया, जो पूरे प्रकरण को संदिग्ध बनाता है और जाँच की आवश्यकता दर्शाता है।ग्राम पंचायत में हुए इस कथित बड़े घोटाले ने शासन की जीरो-टॉलरेंस नीति और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# विचार एक्सप्रेस



 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# राज्यों के लोक सेवा आयोगों में पारदर्शिता का संकट

**राज्यों में क्षेत्रीय कोटा, क्षैतिज व ऊर्ध्वाधर आरक्षण, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, महिला आरक्षण आदि कई स्तर होते हैं। मैनुअल गणना में त्रुटियों की संभावना बहुत अधिक रहती है। छोटी-सी गलती भी पूरी चयन प्रक्रिया को संदिग्ध बना देती है, और कानूनी विवादों के कारण परिणाम अटक जाते हैं। राज्यों के आयोग परीक्षा कैलेंडर का पालन नहीं कर पाते। कुछ राज्यों में पाँच-पाँच वर्षों तक मुख्य परीक्षा आयोजित नहीं होती। तिथियों का बार-बार बदलना, परिणामों में अत्यधिक देरी और साक्षात्कार प्रक्रिया का अनिश्चित होना न केवल उम्मीदवारों के करियर को प्रभावित करता है।**

*राज्यों के लोक सेवा आयोगों की स्थापना संविधान ने इस उद्देश्य से की थी कि राज्य प्रशासन में प्रतिभा, ईमानदारी और योग्यता को प्राथमिकता मिले। विडंबना यह है कि जिन आयोगों पर निष्पक्षता को स्थापित करने की जिम्मेदारी थी, वे स्वयं वर्षों से पारदर्शिता के संकट से जूझ रहे हैं। अनेक राज्यों में पेपर लीक, भ्रष्टाचार, प्रश्नपत्र त्रुटियाँ, अस्पष्ट आरक्षण गणना और परिणामों की देरी जैसी घटनाओं ने आयोगों के प्रति जनता और युवाओं दोनों का भरोसा डगमगा दिया है। संविधान ने इन संस्थाओं को स्वतंत्र दर्जा दिया, परंतु व्यवहार में राजनीतिक दबाव, प्रशासनिक सीमाएँ और संस्थागत कमजोरियाँ इनके कार्यों को प्रभावित कर रही हैं। यही कारण है कि आयोगों की प्रक्रियाओं और संरचनाओं की गहन समीक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। सबसे बड़ी समस्या आयोगों की नियुक्तियों से शुरू होती है। अनेक राज्यों में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियाँ योग्यता, अनुभव और विशेषज्ञता के बजाय राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखकर की जाती हैं। सदस्य बनने के लिए आवश्यक योग्यता, आयु, अनुभव या पेशेवर पृष्ठभूमि को लेकर कोई स्पष्ट संवैधानिक मानदंड नहीं है। इसके कारण आयोगों पर पक्षपात व राजनीतिक पक्षधरता के आरोप लगते हैं। इसके विपरीत यूपीएससी नियुक्तियाँ पेशेवर, अनुभवी और विविध पृष्ठभूमि वाले वरिष्ठ अधिकारियों या शिक्षाविदों के हाथों में रहती हैं, जो उसकी विश्वसनीयता को मजबूत करती हैं। राज्यों में मानव संसाधन नियोजन भी कमजोर कड़ी है। कई बार वर्षों तक अधियाचन नहीं भेजा जाता, पद रिक्त पड़े रहते हैं, आर्थिक कारणों से भर्ती रोक दी जाती है या अधिसूचनाएँ अचानक जारी होकर फिर रद्द हो जाती हैं। यह अनियमितता पूरे चयन चक्र को बाधित कर देती है। इसके विपरीत केंद्र में 1985 में स्थापित कार्मिक मंत्रालय अधियाचन, सेवा शर्तें और भर्ती चक्र को व्यवस्थित रखता है। राज्यों में ऐसा कोई समर्पित ढाँचा न होने के कारण लोक सेवा आयोगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। अवसंरचना की कमी भी आयोगों के लिए गंभीर समस्या है। कई राज्यों में सुरक्षित प्रश्नपत्र भंडारण केंद्र, एन्क्रिप्टेड डिजिटल सिस्टम, केंद्रीयकृत परीक्षा केंद्र, आधुनिक स्कैनिंग व्यवस्था और डेटा सुरक्षा तंत्र तक उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण पेपर लीक, ओएमआर गुम होने, मूल्यांकन संबंधी त्रुटियों और तकनीकी विफलताओं जैसी घटनाएँ सामान्य बन गई हैं। उम्मीदवारों में भय व असंतोष का माहौल इसी अव्यवस्था से पैदा होता है। प्रश्नपत्र निर्माण और अनुवाद में त्रुटियाँ व्यापक विवादों को जन्म देती हैं। राज्य आयोग अक्सर स्थानीय शिक्षाविदों के सीमित पैनल पर निर्भर रहते हैं, जिससे प्रश्नों का स्तर, विविधता और सटीकता प्रभावित होती है। कई बार अनुवाद में तथ्यात्मक त्रुटियाँ या अस्पष्टता रहती है, जिससे प्रश्नपत्र रद्द करने तक की नौबत आ जाती है। राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की भागीदारी न होना आयोगों की गुणवत्ता को सीमित रखता है। मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी भी आयोगों की आलोचना का कारण है। कई राज्यों में उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन नहीं होता। अलग-अलग मूल्यांकनकर्ताओं के बीच समरूपता नहीं रहती, मॉडरेशन असमान होता है और अंकों का निर्धारण स्थिर मानकों पर आधारित नहीं होता। इसके कारण चयन सूची और कट-ऑफ बार-बार विवादों में घिर जाती है, जिससे मामले अदालत तक पहुँचते हैं और भर्ती वर्षों तक लंबित रहती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत में जिहाद का आधुनिक अर्थ उस ऐतिहासिक-आध्यात्मिक अर्थ से बहुत भिन्न नहीं समझा जाता जो किताबों में दर्ज है। यह वही अर्थ है जो आतंकी समूहों ने प्रचारित किया और कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी जिम्मेदार नेता का प्राथमिक दायित्व यही होना चाहिए कि वह इस शब्द के दुरुपयोग को पहचाने, न कि उसे पुनः पवित्रता का आवरण देकर सार्वजनिक विमर्श में पुनर्जीवित करते हुए ये कहे कि जब जब जुल्म होगा, तब तब जिहाद होगा। वास्तव में यदि जिहाद का अर्थ मदनी की दृष्टि में हिंसा नहीं है, तो उन्हें यह भी भरोसा देना चाहिए कि जो लोग जिहाद के नाम पर हिंसा करते हैं, वे इस्लाम और भारतीय मुसलमान, दोनों के दुश्मन हैं।**

# जिहाद, हिंसा, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और मौलाना मदनी



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**पुस्तक यह आलोचनात्मक दृष्टि प्रस्तुत करती है कि इस्लाम के मजहबी आदर्श और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मिश्रण ने इसे हिंसक दिशा की ओर मोड़ दिया। इसी तरह आधुनिक जिहादी आंदोलनों की जड़ें समझाती है और बताती है कि कैसे राजनीतिक इस्लाम ने जिहाद को वैचारिक हथियार की तरह उपयोग किया। पुस्तकों को भी एक बार जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी को अवश्य पढ़ लेना चाहिए।**

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिया गया वक्तव्य, जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा इसे वास्तव में सिर्फ एक टिप्पणी नहीं माना जा सकता है, यह एक ऐसा कथन है जिसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव दूर तक जाते हैं। खासकर इसलिए क्योंकि जिहाद शब्द आधुनिक समय में एक विवादित और अक्सर हिंसा से जुड़ी अवधारणा बन चुका है। मदनी मानते हैं कि जिहाद एक पवित्र कर्तव्य है, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का नाम है और हिंसा अथवा आतंक से उसका कोई संबंध नहीं, किंतु सवाल यह है कि यदि जिहाद वास्तव में इतना ही पवित्र और नैतिक अवधारणा है तो दुनिया के अनेक इस्लामिक, मजहबी हिंसक समूह उसे हत्याओं का औजार क्यों बनाते आए हैं और अब भी बना रहे हैं? सभी समझें कि यह प्रश्न भावनात्मक नहीं है, ऐतिहासिक और भू-राजनीतिक सच्चाइयों का परिणाम है क्योंकि इससे जुड़ा पूरा इतिहास आज मौजूद है। बीते चार दशकों में जितने बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकी आक्रमण हुए, न्यूयॉर्क से लेकर मुंबई, दिल्ली से लेकर पेरिस तक उनमें दोषियों ने अपने कृत्य को अक्सर जिहाद के नाम पर उचित ठहराया है। क्या वे सभी समूह किसी जुल्म का उत्तर दे रहे थे? क्या उन पर दुनिया अत्याचार कर रही थी? यदि नहीं तो फिर भारत एवं दुनिया भर में सभी इस्लामी नेतृत्व को इस पर खुलकर कहना चाहिए कि हिंसा का यह रूप इस्लाम नहीं है। दुखद यह है कि ऐसा स्पष्ट और साहसी प्रतिरोध 'इस्लाम समूह' के रूप में दिखाई नहीं देता है। अब तक जितने भी इस्लामिक आतंकवादी भारत में पकड़े गए हैं, उनमें अधिकांश से स्वयं से स्वीकार किया है कि वे गैर मुसलमानों के खिलाफ जिहाद एक पवित्र युद्ध कर रहे हैं! अब इसे कैसे नकारा जा सकता है? यह तथ्य तो तमाम जगह पुलिस और न्यायालयो के रिकार्ड में मौजूद है। पुस्तकों में दर्ज विस्तृत शोध यह दिखाता है कि जिहाद की ऐतिहासिक अवधारणा में आध्यात्मिक संघर्ष (नफ्स के खिलाफ), सामाजिक न्याय और अन्याय के विरोध का तत्व तो था, परंतु सदियों में राजसत्ता, राजनीति और कट्टरपंथी नेतृत्व ने इसे कई बार पवित्र युद्ध का रूप भी दिया और इस्लाम के बने रहने और उसके विस्तारवाद के लिए अब भी दे रहे हैं। पुस्तक यह आलोचनात्मक दृष्टि प्रस्तुत करती है कि इस्लाम के मजहबी आदर्श और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मिश्रण ने इसे हिंसक दिशा की ओर मोड़ दिया। इसी तरह आधुनिक जिहादी आंदोलनों की जड़ें समझाती है और बताती है कि कैसे राजनीतिक इस्लाम ने जिहाद को वैचारिक हथियार की तरह उपयोग किया। पुस्तकों को भी एक बार जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी को अवश्य पढ़ लेना चाहिए, जो यह विश्लेषण करती हैं कि आज की आतंकी मानसिकता जिहाद को नैतिक कर्तव्य बताकर आत्मघाती हिंसा का औचित्य तैयार करती है। वहीं, यह स्पष्ट करती है



**अब से वे ये सुनिश्चित करेंगे कि भारत में जिहाद शब्द का इस्तेमाल किसी भी राजनीतिक या मजहबी हिंसक आंदोलन में नहीं होगा। वस्तुत तभी माना जा सकता है कि जिहाद वाकई इस्लाम की एक पवित्र अवधारणा है, अन्यथा सभी को पता है कि जिहाद के मायने गैर मुसलमान के प्रति हिंसा और अत्याचार है।**

कि कट्टरपंथी समूहों ने जिहाद को धर्म से अधिक विचारधारात्मक युद्ध का रूप दे दिया है। दुनिया भर में इस्लाम का शासन और उम्मा की सोच ही इस जिहाद के केंद्र में है। इन सभी अध्ययनों से यह सामान्य निष्कर्ष उभरता है कि जिहाद का आध्यात्मिक अर्थ और उसका आधुनिक राजनीतिक-हिंसक अर्थ एक-दूसरे से बहुत भिन्न हैं। यदि मदनी और उनके समर्थक जिहाद को शुद्ध आध्यात्मिक व नैतिक सिद्धांत के रूप में मानते हैं, तो यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि आतंकवाद के नाम पर किया गया जिहाद इस्लाम के विरुद्ध अपराध है। लेकिन प्रश्न यह है कि भारत में यह स्पष्ट विभाजन कौन करेगा? भारत का मुसलमान समुदाय बहुसंख्यक रूप से शांतिप्रिय, लोकतांत्रिक व्यवस्था में आस्था रखने वाला और सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न हिस्सा है, पर कट्टरपंथियों द्वारा जिहाद शब्द के दुरुपयोग की जिम्मेदारी भी किसी न किसी को लेनी होगी। क्या यह जिम्मेदारी मौलाना मदनी जैसे प्रभावशाली धार्मिक नेताओं की नहीं है कि वे खुलकर, बिना किसी अस्पष्टता के, यह कहें कि भारतीय उपमहाद्वीप और विश्व स्तर पर सक्रिय कई इस्लामिक आतंकवादी संगठनों में प्रमुख रूप से इंडियन मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी, जमात-उद-दावा, अल-बदर, हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन और लश्कर-ए-झँगवी, हक्कानी नेटवर्क, अल-कायदा, अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट, आईएसआईएस, दाएश, अल-नुसरा फ्रंट और अंसार अल-शरिआ, अल-शबाब, बोको हराम और अंसार अल-इस्लाम जैसे संगठनों द्वारा किया गया कोई भी हिंसक 'जिहाद' इस्लाम विरोधी अपराध है। क्या इन जैसे इस्लामिक नेताओं को सभी आतंकवादी संगठनों से भारत के मुसलमानों को दूर रहने का आह्वान नहीं करना चाहिए? लेकिन जब एक बड़ा मजहबी (धार्मिक) नेता सार्वजनिक मंच से कहता है कि जुल्म होगा तो जिहाद होगा, तब यह कथन सहसा ही उन कट्टरपंथी समूहों के नैरेटिव से टकराने के बजाय, जाने-अनजाने, उससे मिलता-जुलता प्रतीत होने लगता है, उनका समर्थन करता दिखता है। यह बात अपने-आप में खतरनाक है, क्योंकि समाज में भय, संदेह और विभाजन की जमीन ऐसे ही बयानों से तैयार होती है। मदनी यह नहीं बताते कि ÷जुल्म÷ क्या है और इसका निर्धारण कौन करेगा। क्या किसी नीति से असहमति जुल्म है? क्या न्यायिक प्रक्रिया की आलोचना या समर्थन जुल्म है? क्या किसी राजनीतिक दल की बयानबाजी को जुल्म कहकर उसके विरुद्ध संघर्ष को जिहाद नाम दिया जा सकता है? इन मजहबी मौलानाओं द्वारा 'जुल्म' की परिभाषा अस्पष्ट छोड़ दी जाती है और यही अस्पष्टता कट्टरपंथियों द्वारा हिंसक नैरेटिव तैयार करने का औजार बनती है। यदि जिहाद केवल आत्म-सुधार, नैतिकता और अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष है तो क्या कारण है कि पिछले कई वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा हिस्सा उसे आतंक, हिंसा और हत्या से जोड़कर देखता है? यह छवि किसने और कैसे बनाई और इसे बदलने की जिम्मेदारी सबसे पहले किस पर आती है? भारत में जब कोई भी नेता चाहे वह धार्मिक, मजहबी हो या राजनीतिक इस तरह की भाषा इस्तेमाल करता है जो समाज के एक वर्ग को दूसरे वर्ग से अलग करती है तो अनायास ही सामाजिक अविश्वास बढ़ता है। मदनी का बयान इसी संदर्भ में चिंताजनक है, क्योंकि भारत में जिहाद का आधुनिक अर्थ उस ऐतिहासिक-आध्यात्मिक अर्थ से बहुत भिन्न नहीं समझा जाता जो किताबों में दर्ज है। यह वही अर्थ है जो आतंकी समूहों ने प्रचारित किया और कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी जिम्मेदार नेता का प्राथमिक दायित्व यही होना चाहिए कि वह इस शब्द के दुरुपयोग को पहचाने, न कि उसे पुनः पवित्रता का आवरण देकर सार्वजनिक विमर्श में पुनर्जीवित करते हुए ये कहे कि जब जब जुल्म होगा, तब तब जिहाद होगा। वास्तव में यदि जिहाद का अर्थ मदनी की दृष्टि में हिंसा नहीं है, तो उन्हें यह भी भरोसा देना चाहिए कि जो लोग जिहाद के नाम पर हिंसा करते हैं, वे इस्लाम और भारतीय मुसलमान, दोनों के दुश्मन हैं। अब से वे ये सुनिश्चित करेंगे कि भारत में जिहाद शब्द का इस्तेमाल किसी भी राजनीतिक या मजहबी हिंसक आंदोलन में नहीं होगा। वस्तुत तभी माना जा सकता है कि जिहाद वाकई इस्लाम की एक पवित्र अवधारणा है, अन्यथा सभी को पता है कि जिहाद के मायने गैर मुसलमान के प्रति हिंसा और अत्याचार है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वादशी 03:57 तक |
| नक्षत्र: | अश्विनी 08:51 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | वरीयान, 09:08 |
| सूर्योदय: | 06:57 |
| सूर्यास्त: | 17:24 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 02:47-04:06 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:45-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### इनके कुछ बयान !

*नरक मचा कर रख दिया।*
*इनके कुछ बयान ।।*
*हो जाती है पीड़ा।*
*कैसा स्वाभिमान ?*
*थक गये समझा कर।*
*जो समझाने वाले ।।*
*खेल है अभी है जारी।*
*इनके रंग निराले ।।*
*आखिरकार एड़ी चोटी।*
*जोर है लगाया ।।*
*मनमुताबिक उनके।*
*फल नहीं पर आया ।।*
*है प्रयास असफल।*
*काम नहीं बन पाया ।।*
*जितना जोर लगाया।*
*उतना ही सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शरीर दर्द में आयुर्वेदिक तेल से मालिश करें?

**शरीर** दर्द की दिक्कत सर्दियों में बढ़ जाती है। होता ये है कि सर्दियों में ब्लड सर्कुलेशन स्लो हो जाता है जिससे हड्डियों में खिंचाव बढ़ जाता है और जोड़ों की सेहत प्रभावित होती है। इसके अलावा ब्लड सर्कुलेशन कम होने की वजह से शरीर में रह-रहकर दर्द होने लगता है। ऐसी स्थिति में लाइफस्टाइल में बदलाव के साथ अगर आप कुछ देसी उपचार करें तो इस समस्या से बाहर आ सकते हैं जैसे कि शरीर की मालिश। दरअसल, शरीर की मालिश करने के साथ खून की गर्मी बढ़ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर हो जाता है। इससे दर्द में कमी आती है और बेहतर महसूस कर सकते हैं। डॉ. श्रेय शर्मा बताते हैं कि शरीर दर्द की समस्या होने पर आप कुछ आयुर्वेदिक तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं जो कि जोड़ों और मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद हैं। डॉ. श्रेय शर्मा की मानें तो इस मौसम में वात की समस्या बढ़ जाती है जिससे शरीर में दर्द बढ़ने लगता है। ऐसे मेंतिल का तेल इस स्थिति में बेहद कारगर साबित होता है। इसके इस्तेमाल से शरीर और जोड़ों का दर्द कम होने लगता है और



व्यक्ति बेहतर महसूस करता है। तिल के तेल की मालिश के फायदे कई हैं जैसे कि मांसपेशियों को आराम मिलता है, घुटनों के दर्द से राहत मिलती है और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है जिससे शरीर दर्द में कमी आती है।

**बॉडी ड्राईनेस के साथ दर्द हो तो लगाएं नारियल तेल:** अगर आपके शरीर में ड्राईनेस की समस्या है और इसी के साथ दर्द हो रहा है तो आपको नारियल तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। ये तेल ब्लड सर्कुलेशन को तेज करने के साथ आपके शरीर को नमी प्रदान कर सकता है जिससे स्किन की ड्राईनेस में कमी आती है, खुजली कम होती है और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इसके अलावा ये तेल एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है जो कि जोड़ों के दर्द को कम करने के साथ हड्डियों के काम काज को बेहतर बनाता है जो कि सर्दियों के इस मौसम के लिए परफेक्ट तेल बन जाता है।

**सरसों का तेल है फायदेमंद:** सरसों का तेल सर्दियों के मौसम में बेहद फायदेमंद माना जाता है। ये तेल जहां ड्राईनेस कम करने में मददगार है वहीं इस तेल से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे जोड़ों में गर्मी आती है और नमी भी बढ़ जाती है जिससे इनका कामकाज बेहतर होता है। इसके अलावा हद्वा के अनुसार ये तेल एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है जो सूजन कम करने के साथ जोड़ों की अकड़न व खिंचाव को कम करने में मददगार है। ऐसी स्थिति में आप ये कर सकते हैं सरसों का तेल गर्म करें और इसे अपने जोड़ों व हड्डियों पर लगाएं। हल्के हाथों से मालिश करें और दर्द व सूजन से छुटकारा पाएं। तो सर्दियों में अपने जोड़ों और हड्डियों की सेहत का ख्याल रखें। ज्यादा से ज्यादा उन चीजों का सेवन करें जिससे जोड़ों का दर्द कम हो और इसका काम काज बेहतर हो।

### एक्सप्रेस विशेष

# भारत का आर्थिक विकास : सहकारिता से समृद्धि की ओर



प्रहलाद सबनानी

**उक्त वर्णित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं।**

**भारत** एक कृषि प्रधान देश रहा है और हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक आपस में भाई-चारे के साथ मिलजुल कर रहते आए हैं। इस दृष्टि से देखा जाय तो सहकार की भावना हम भारतीयों के डीएनए में है। इसी विषय के दृष्टिगत एक बार पुनः आज भारत के प्रत्येक गांव को खुशहाल एवं समृद्ध बनाने की लिए समस्त गावों को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ÷सहकार से समृद्धि÷ का नारा भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर दिया गया है। भारत में आज सहकारी समितियों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि भारत में सहकारी समतियां, स्व-सहायता, स्व-जिम्मेदारी, लोकतंत्र, समानता, न्याय एवं एकजुटता जैसे भारतीय मूल्यों के आधार पर कार्य करती हुई दिखाई देती हैं। साथ ही, जिन 7 सिद्धांतों के आधार पर इन समितियों के कार्य करने की अपेक्षा रहती है, उससे इन समितियों के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। यह 7 सिद्धांत हैं - खुली और स्वैच्छिक सदस्यता; लोकतांत्रिक तरीके से सदस्यों की भागीदारी; सदस्यों की आर्थिक भागीदारी; स्वायत्तता और

**एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है।**

स्वतंत्रता; शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना कोआपरेटिव के बीच सहयोग; समुदाय के प्रति सरोकार। सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। समृद्धि केवल धन-संपत्ति से कहीं अधिक है, यह तब होती है जब सभी लोगों को फलने-फूलने का अवसर और स्वतंत्रता प्राप्त होती है। समृद्धि एक समावेशी समाज पर आधारित होती है, जिसमें एक मजबूत सामाजिक अनुबंध होता है जो प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करता है। सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है। भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र ही यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब ÷सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# महिलाओं व छोटे किसानों को प्राथमिकता पूरनपुर मिल में गन्ना पर्ची वितरण सुव्यवस्थित

## निरीक्षण में पेराई सत्र का संचालन संतोषजनक, किसानों की मौजूदगी में कराई गई ट्रॉली की तौल





जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** जिले में गन्ना पर्ची वितरण को पारदर्शी, समयबद्ध और किसान हित में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को पूरनपुर चीनी मिल गेट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव द्वारा किया गया, जिसमें पेराई सत्र की प्रगति, तौल की शुद्धता और किसानों को मिल रही सुविधाओं का प्रत्यक्ष मूल्यांकन किया गया।

### 2.30 लाख कुंतल गन्ने की पेराई पूरी, 4013 किसानों को जारी हुई पर्चियां

पूरनपुर चीनी मिल में 19 नवंबर से पेराई सत्र की शुरुआत की गई थी। मिल प्रशासन के अनुसार अब तक लगभग 2.30 लाख कुंतल गन्ने की पेराई पूरी की जा चुकी है। इसी के साथ 4013 किसानों को गन्ना पर्ची जारी हो चुकी है, जिनमें 2044 छोटे किसान शामिल हैं। वर्तमान समय में मिल गेट पर दूसरे पक्ष के 12वें कॉलम की पर्चियों के आधार पर तौल का कार्य जारी है।

### किसानों के सामने तौल, 5 कुंतल के बाट से जांची गई मशीन की शुद्धता

निरीक्षण के दौरान किसान महेश कुमार अपनी ट्रॉली तौल कराने पहुंचे। जिला गन्ना अधिकारी ने तौल प्रक्रिया को किसानों के समक्ष ही प्रारंभ करवाया। वेब्रिज पर 5 कुंतल के मानक बाट रखकर मशीन की शुद्धता की जांच की गई। सही वजन प्रदर्शित होने पर किसान संतुष्ट नजर आए। अधिकारियों ने बताया कि तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### छोटे और महिला किसानों को विशेष प्राथमिकता

जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मिल शुरू होने के पहले 45 दिन में छोटे किसानों को पेड़ी गन्ने की पर्ची जारी की जानी है। सट्टा नीति के मुताबिक लघु महिला गन्ना किसानों को पहली से तीसरी पक्ष तक शत-प्रतिशत पेड़ी पर्चियां जारी होंगी। पौधा गन्ना वाले किसानों की पर्चियां सातवें से नौवें पक्ष में अंकित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिन किसानों का बेसिक कोटा 81 कुंतल तक है, उन्हें छोटे किसान श्रेणी में शामिल किया गया है। यह व्यवस्था छोटे और सीमांत किसानों को राहत देने और उनकी आय सुरक्षित करने हेतु बनाई गई है।

### अधिकारी व मिल प्रबंधन रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर, सचिव गन्ना समिति, प्रधान प्रबंधक पूरनपुर, मुख्य गन्ना अधिकारी, मिल कर्मचारियों और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

### किसानों से ताजा व गुणवत्तापूर्ण गन्ना लाने की अपील

निरीक्षण दल ने मौके पर उपस्थित किसानों से अपील की कि वे ताजा और बेहतर गुणवत्ता वाला गन्ना लेकर मिल गेट पर पहुंचे, ताकि पेराई प्रक्रिया सुचारू और तेज गति से चल सके। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि मिल प्रशासन किसानों के हित में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखेगा।

# प्रगाढ़ पुनरीक्षण को गति देने के लिए प्रशासन सक्रिय, डीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को तेज़, संतुलित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को अटल सभागार में खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने डिजिटाइजेशन की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया और उन मतदेय स्थलों पर विशेष रणनीति बनाने को कहा, जहां प्रगति 65 फ़ीसदी से कम रही। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने किया।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों की कार्ययोजना तत्काल तैयार की जाए और आज रात तक न्यूनतम 80 फ़ीसदी डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पुनः समीक्षा की जाएगी।

### बीएलओ के सपोर्ट पर विशेष ध्यान

बैठक के दौरान डीएम ने सभी बीईओ को निर्देशित किया कि वे अगले एक घंटे में अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ को 80 फ़ीसदी लक्ष्य आवंटित करें, और यह सुनिश्चित करें कि बीएलओ पर अनावश्यक दबाव न पड़े। उन्होंने कहा कि बीएलओ इस अभियान की रीढ़ हैं, इसलिए उनकी सुविधा, सहयोग और स्ट्रेस में कमी प्रशासन की प्राथमिकता है।डीएम ने कहा कि जहाँ भी कार्यभार अधिक है, वहां तुरंत अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती की जाए, ताकि बीएलओ पर पड़ने वाला भार कम हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि बीईओ स्वयं फील्ड में सक्रिय रहकर बीएलओ की आवश्यकताओं की निगरानी करें और उन्हें हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि हर बीएलओ के कार्य की प्रगति की समीक्षा सिर्फ लक्ष्य संख्या से नहीं, बल्कि इस आधार पर भी की जाए कि उन्हें कितना सहयोग मिला और वे बिना तनाव के कार्य कर पा रहे हैं या नहीं।डीएम ने कहा कि स्ढ्ढक्र संबंधी कार्य अत्यंत संवेदनशील और प्राथमिकता आधारित हैं। निर्धारित समयसीमा में ठोस परिणाम लाना आवश्यक है, परंतु साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि फील्ड में कार्य कर रहे बीएलओ को पर्याप्त सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि प्रशासन मिशन मोड में कार्यरत है और कार्य की वास्तविक प्रगति ही आगामी समीक्षा का आधार बनेगी।

# बाल श्रम उन्मूलन अभियान में तीन बाल श्रमिक मुक्त



## विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

- मैकेनिक शॉप, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, किराना स्टोर और स्टील वर्क्स सहित कई प्रतिष्ठानों पर हुई जांच, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बाल श्रम उन्मूलन के तहत एक विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जिला अधिकारी के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी के निर्देशन में शहर क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान मैकेनिक शॉप, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, किराना स्टोर और स्टील वर्क्स सहित कई प्रतिष्ठानों पर जांच की गई। अभियान में कुल तीन बाल श्रमिकों को चिन्हित कर बाल श्रम कार्य से मुक्त कराया गया। बाद में सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम 2016 के अनुसार खतरनाक कार्यों में बच्चों को रोजगार देने पर दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों को एक वर्ष तक की सजा या 50,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इसके अलावा प्रति बाल श्रमिक 20,000 रुपये चाइल्ड लेबर वेलफेयर फंड के लिए अलग से वसूले जाएंगे।चेतावनी के बावजूद यदि माता-पिता दोबारा बच्चों को श्रम कार्य में संलग्न करते पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला, संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, थाना एएचटी के प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह एवं कॉन्स्टेबल भानुप्रताप उपस्थित रहे।

# मुंबई में 20 दिन से लापता पूरनमल: परिजन परेशान, पुलिस की निष्क्रियता पर जताया रोष

- गुड़-चावल की सप्लाई लेकर गए थे व्यापारी, बांद्रा टर्मिनस तक मिले थे ष्टष्टञ्जङ्क में—फिर हो गए गायब

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



मुंबई में गुड़ और चावल की सप्लाई लेकर गए पीलीभीत के व्यापारी पूरनमल को लापता हुए 20 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लगा है। थकहारकर परिजन अब प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। सोमवार को व्यापारी के परिजन कलक्ट्रेट पहुंचे और मुंबई व माधोटांडा पुलिस पर सक्रियता न दिखाने का गंभीर आरोप लगाया। जनपद के गांव सुखदासपुर नवदिया निवासी पूरनमल पेशे से व्यापारी हैं। उनके भाई शंकरलाल ने बताया कि 3 नवंबर को पूरनमल दो क्विंटल गुड़, पांच क्विंटल चावल, एक लाख रुपये नकद और अपनी लूना बाइक लेकर मुंबई के लिए रवाना हुए थे। 4 नवंबर को वे बांद्रा टर्मिनस पहुंचे और सामान वहां के गोदाम में रखवा दिया। इसके बाद वे कल्याण-मुंबई में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर चले गए। करीब चार-पांच दिनों तक उन्होंने वहां स्थानीय व्यापारियों से संपर्क भी किया।

### 10 नवंबर से लापता, ष्टष्टञ्जङ्क में अंतिम बार स्टेशन पर दिखे

शंकरलाल के अनुसार, 10 नवंबर से पूरनमल का फोन बंद आना शुरू हो गया और उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला।परिजन मुंबई भी गए, जहां पुलिस से मदद लेने की कोशिश की। बांद्रा टर्मिनस की ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज में पूरनमल अंतिम बार दिखाई दिए, लेकिन उसके बाद उनका कोई सुराग नहीं मिला।

### गुमशुदगी दर्ज, परिजनों का आरोप पुलिस ने नहीं की सुनवाई

निराश परिवार ने माधोटांडा थाने में भी गुमशुदगी दर्ज कराई, लेकिन परिजनों का कहना है कि न मुंबई पुलिस और न ही स्थानीय पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। शंकरलाल ने आरोप लगाया÷हम तीन बार मुंबई गए, पुलिस से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। माधोटांडा पुलिस भी सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित है।

### कलक्ट्रेट में पहुंचकर जताया विरोध, ग्रामीण भी साथ में

सोमवार को पूरनमल के परिजन कलक्ट्रेट पहुंचे और अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की मांग की। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।अधिकांश ग्रामीणों ने अपने हाथों में लापता व्यापारी की तस्वीर वाली तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और पुलिस पर कार्रवाई तेज करने का दबाव बनाया।

### परिजनों की मांग विशेष टीम गठित कर तलाश तेज की जाए

परिवार ने जिलाधिकारी व पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच टीम बनाई जाए, मुंबई पुलिस से समन्वय बढ़ाया जाए, टर्मिनस और आसपास के क्षेत्रों के सभी ष्टष्टञ्जङ्क खंगाले जाएं और पूरनमल की सुरक्षा को देखते हुए हर संभावित दिशा में तलाश की जाए। साथ ही इसके ग्रामीणों व परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई में तेजी नहीं आई, तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## श्रद्धालुओं से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी, 35 यात्री जख्मी



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव मछेछा के पास श्रद्धालुओं को लेकर प्राइवेट बस मनोना धाम के लिए जाते समय अनियंत्रित होकर पलट गई जिस चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने बचाव कर शुरू कर सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल कर एंबुलेंस से मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया है ।पुलिस के अनुसार रात्रि 11 बजे करीब बहराइच थाना रुपईडीहा से ओहरावासें निवासी रुपईडीहा प्राइवेट बस में क्षेत्र के विभिन्न गांव से 35 श्रद्धालुओं को लेकर बरेली के पास स्थित मनोना धाम दर्शन के लिए 6-30 बजे निकले थे जिसमें 35 पुरुष और 14 महिलाएं सवार होकर जा रही थी अचानक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई जिससे सभी श्रद्धालु नीचे दब गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बचाव कार्य शुरू किया जिसमें सभी श्रद्धालुओं को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था प्राइवेट और सरकारी एंबुलेंसो से घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के बाद यात्रियों की छुट्टी कर दी गई है। पुलिस ने क्रेन की सहायता से बस को खाई से बाहर निकाल कर कब्जे में लिया है।

# दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर खिला उजाला, 229 उपकरणों ने बढ़ाया हौसला



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार का दिन खास रहा। समेकित शिक्षा के सहयोग से संविलियन विद्यालय महाराज नगर रिसोर्स सेंटर परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए भव्य उपकरण वितरण कैंप आयोजित हुआ। कैंप का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार और बीएसए प्रवीण तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।शुभारंभ के साथ ही कार्यक्रम में उत्साह की रंगत दिखाई दी। अतिथियों ने बच्चों और अभिभावकों से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया। दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास की चमक साफ झलक रही थी। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को उपकरण उपलब्ध कराना सिर्फ सहायता नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को नया आसमान देने का संकल्प है। ये बच्चे किसी से कम नहीं हैं, जरूरत बस सही सहयोग और अवसर की है। सरकार हर कदम पर इनके साथ खड़ी है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह सिर्फ उपकरणों का वितरण नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को नई दिशा देने का प्रयास है। हर दिव्यांग बच्चे के भीतर एक अनोखी क्षमता है। हमारे यह छोटे-छोटे प्रयास उनके आत्मविश्वास को बड़ा बनाते हैं। बच्चे आगे बढ़ें, यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कैंप में 188 दिव्यांग बच्चों को कुल 229 उपकरण प्रदान किए गए। जिनमें ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, टीएलएम किट, श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण शामिल रहे। इन संसाधनों ने बच्चों और अभिभावकों को नई उम्मीद दी है। कार्यक्रम में सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, विशेष शिक्षक और फिजियोथैरेपिस्ट भी मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

### बिजली का तार टूटकर गन्ने के खेत में गिरा, गन्ना जला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बिजली तारों में स्पार्किंग होकर तार टूटने से एक किसान का करीब ढाई बीघा गन्ना जलने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया। ढीले तारों में आए दिन स्पार्किंग होने से किसानों में रोष व्याप्त है। माधोटांडा बिजली उपकेंद्र के गांव अमरैयाकलां में बिजली लाइन के ढीले तारों से स्पार्किंग होकर तार टूटने से खेत में खड़े गन्ने में अपरान्ह करीब तीन बजे आग लगने से किसान बिरसा सिंह का करीब ढाई बीघा गन्ना जल गया। जिसमें बिजली के तारों से स्पार्किंग होने से किसान का हजारों रुपये का नुकसान हो गया। घटना की सूचना बिजली उपकेंद्र माधोटांडा को दी गई। सूचना पर मुश्किल से बहुत देर बाद केवल बिजली सप्लाई बंद की गई। मगर समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग का कोई भी कर्मचारी देखने तक नहीं आया। जबकि बिजली लाइन में ढीले तारों को बदलने को लेकर किसान कई बार शिकायत कर चुके है। मगर बिजली विभाग किसानों की समस्याओं को निरन्तर टाल मटोल करता रहा है। जिसको लेकर किसानों में रोष व्याप्त है।

### बिजली बिल राहत योजना के तहत लगाए गए कैंप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बिजली बिल राहत योजना एक दिसंबर से शुरू हो गई है। इस योजना के तहत सोमवार को तहसील क्षेत्र के सभी बिजली उपकेंद्र पर कैंप के आयोजन किए गए। इस योजना में बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में सौ प्रतिशत और मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। कैंप लगने की सूचना मिलने पर उपभोक्ता अपना बिल,मीटर आदि कि समस्याओं को लेकर कैंप में पहुंचे,उपभोक्ताओं ने बकाया को लेकर अपना बिल जमा किया। विभाग द्वारा लगातार उपभोक्ताओं को बिजली बिल राहत योजना के तहत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। कई उपभोक्ताओं ने वताया कि उनके बिल जमा किए हुए है। उसके वावजूद बिभाग की ओर से अधिक बिल दिखाया जा रहा है। बिल ठीक कराने के लिए लोग चक्कर लगाने को मजवूर हो रहे है। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अधिकारी सुन नही रहे है।कैंप में मुख्य अभियंता हेड ऑफिस लखनऊ, एसडीओ, जेई सौरभ सहित कई अधिकारी कैंप में मौजूद रहे। सभी उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए बकाया बिजली बिल जमा करने की अपील की। बताया योजना एक दिसंबर से शुरू हो गई है। जो लगातार जारी रहेगी।

### बच्चे को उठाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बच्चे का अपहरण कर ले जा रहे व्यक्ति को पकड लिया। थाने लाने के बाद पुलिस को सौंप दिया।पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई क्षेत्र के गांव बौठा निवासी हरमैन सिंह पुत्र करनैल सिंह अपने छह वर्षीय पोते तरनवीर सिंह को साथ लेकर मजदूरी (लेबर) की तलाश में ग्राम घुंघचाई आया था। मजदूरी से संबंधित बात करने के लिए घर के अंदर गए थे। बच्चे को बाहर मोटरसाइकिल के पास बैठा दिया था। कुछ देर बाद जब वे बाहर लौटे तो उन्होंने देखा कि उनका छह वर्षीय पोता एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ जा रहा है। जिसको लोगों ने पकड लिया। इसके बाद उसको पकड कर थाने लाया गया।

## बीसलपुर क्षेत्र में पूर्व में सम्पन्न हुए बाल विवाह का पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर में दर्ज शिकायत के आधार पर महिला कल्याण विभाग की टीम ने थाना बीसलपुर क्षेत्र के एक गांव में पूर्व में सम्पन्न हो चुके बाल विवाह की जांच की।जांच में पता चला कि लगभग 14 वर्षीय एक बालिका का विवाह नंबर माह में जनपद शाहजहांपुर के एक युवक से कर दिया गया था। शादी शाहजहांपुर के एक बारात घर में सम्पन्न हुई थी। जानकारी में यह भी सामने आया कि बालिका गांव के सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत थी।टीम द्वारा पूछताछ करने पर परिजनों ने बताया कि विवाह के बाद बालिका वर्तमान में अपनी ससुराल में रह रही है। टीम ने बालिका की आयु संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर लिए हैं। विधिक कार्रवाई के लिए बालिका को बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। संयुक्त जांच टीम में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, मनोसामाजिक परामर्शदाता मृदुला शर्मा, थाना एएचटी प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह एवं कॉन्स्टेबल भानुप्रताप शामिल रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर पीलीभीत में जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और शहरवासियों को एड्स के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को उन लोगों को याद करने और एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है, जिनकी जान इस बीमारी से चली गई। उन्होंने कहा कि यह दिवस समाज में नए संक्रमण को रोकने और एड्स को समाप्त करने के वैश्विक प्रयासों के समर्थन का संदेश भी देता है।

रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने शहर के मुख्य मार्गों पर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने वाले नारे लगाए। पोस्टर और बैनर के जरिए एचआईवी संक्रमण से बचाव, जांच और उपचार के संदेश दिए गए। लोगों को सुरक्षित व्यवहार अपनाने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह भी दी गई।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आलोक कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनमानस को एड्स से बचाव संबंधी जानकारी देने के लिए विशेष प्रचार सामग्री भी वितरित की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में एड्स जागरूकता को बढ़ाने के लिए आगामी दिनों में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के हर वर्ग तक सही संदेश पहुंचे और संक्रमण को रोकने में सामूहिक प्रयास सफल हो सकें।

# सैनिक सम्मेलन एवं विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन





जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में दिनांक - 01 दिसम्बर 2025 सैनिक सम्मेलन एवं विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन।

70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में आज दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों—सैनिक सम्मेलन और विश्व एड्स दिवस जागरूकता अभियान—का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य जवानों के प्रशासनिक, स्वास्थ्य, फिटनेस और जागरूकता स्तर को सुदृढ़ बनाना और उन्हें स्वच्छता एवं अनुशासन के महत्व के प्रति जागरूक करना था। सैनिक सम्मेलन सैनिक सम्मेलन के दौरान श्री मुकेश कुमार गौतम (द्वितीय कमान अधिकारी) ने सभी जवानों को प्रशासनिक, परिचालनिक और कल्याण संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने जवानों में अनुशासन, समर्पण, टीमवर्क और कर्तव्यपरायणता की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। इसके पश्चात डॉ.दिनेश कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी - चिकित्सा) द्वारा जवानों को दैनिक क्क्ष, शारीरिक फिटनेस, वजन नियंत्रण, संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या के महत्व पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जवानों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय बताए। मुख्य बिंदु- फिटनेस मार्गदर्शन स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता प्रशासनिक और परिचालनिक निर्देश विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम -उच्च मुख्यालय द्वारा जारी वार्षिक कार्ययोजना संदिक्षा कैलेंडर के अनुसार विश्व एड्स दिवस के अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी - चिकित्सा) द्वारा जवानों को ॥द्बङ्क/ द्बष्ठस् के कारण, संक्रमण, रोकथाम और सुरक्षित जीवनशैली पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने जवानों में जागरूकता बढ़ाने, भ्रांतियों को दूर करने और सुरक्षा उपायों को अपनाने पर विशेष जोर दिया। मुख्य बिंदु- एड्स जागरूकता और रोकथाम सुरक्षित व्यवहार और स्वास्थ्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं मार्गदर्शन संदेश- जागरूकता ही सुरक्षित जीवन का आधार है।

### कृषक समाज इंटर कॉलेज मे एड्स जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में एड्स दिवस का आयोजन किया गया ।प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी ही इस बीमारी से लड़ने में हमारा सबसे बड़ा हथियार है। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉअनिल कुमार एवं ओमप्रकाश के दिशा निर्देश एन एस एस के विद्यार्थियों ने लाल रिबन बांधकर कॉलेज जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान एड्स से डरो नहीं, बचाव करो और हम सबका यही हो सपना, एड्स मुक्त हो भारत अपना जैसे नारे लगाए गए।



# डीएम ने डीआईओएस कार्यालय का किया निरीक्षण, लापरवाही पर दिया कड़ा निर्देश

## अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका, अव्यवस्थित पत्रावलियों पर लगाई फटकार 14 विद्यालयों का वेतन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक अमित कुमार द्विवेदी एवं वाहन चालक ब्रजेश कुमार अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब पाई गई। जिलाधिकारी ने पाया कि फाइलों पर धूल, मकड़ी के जाले लगे हुए हैं और कई महत्वपूर्ण पत्रावलियाँ गैलरी में जमीन पर फैली हुई थीं। उन्होंने पत्रावलियों के अव्यवस्थित रखरखाव पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए संबंधित अधिकारी को लताड़ लगाई और कार्यालय में स्वच्छता एवं दस्तावेजों के बेहतर संरक्षण के लिए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। लेखाकार अरविंद कुमार के पटल की समीक्षा में जिलाधिकारी ने पाया कि 49 विद्यालयों का वेतन आरक्षित किया जा चुका है, जबकि 14 विद्यालयों का वेतन अब भी लंबित है। इस पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष सभी विद्यालयों का वेतन शीघ्र आरंभ किया जाए। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी शिक्षक को अवकाश स्वीकृति होने के पश्चात वेतन के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। निरीक्षण के दौरान नोटिस बोर्ड पर भी गंभीर लापरवाही पाई गई। कई महीनों से कोई सूचना चस्पा नहीं की गई थी, जिससे सूचना प्रसार की व्यवस्था पूर्णतः प्रभावित थी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों पर कड़ी फटकार लगाई और निर्देशित किया कि विभिन्न आवश्यक सूचनाओं को नियमित रूप से प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालयीय व्यवस्थाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके पालन में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा गंभीर

उरई। कुठौंद थाना क्षेत्र में औरैया स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज जारी है। ग्राम पंचायत मुरलीपुर निवासी गुड्डू 50 वर्ष पुत्र उजागर लाल और रामबाबू 35 वर्ष पुत्र हरीशचंद्र एक बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही स्टेट बैंक के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना से वहां अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत कुठौंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर मौजूद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत जिला अस्पताल औरैया के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में गुड्डू पुत्र उजागर लाल ने दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे घायल रामबाबू का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# शहीद पार्क निर्माण में लापरवाही पर डीएम की फटकार

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को शहीद पार्क उरई तथा कौंच बस अड्डा एवं रेलवे स्टेशन स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण किया। शहीद पार्क के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य में मानक अनुरूप ईंटों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने पार्क निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए दो माह के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पार्क का विकास शहर के सुदृणीकरण और जनसुविधा से जुड़ा कार्य है, इसलिए गुणवत्ता एवं समयबद्धता दोनों अनिवार्य हैं। इसके बाद जिलाधिकारी रैन बसेरा कौंच बस अड्डा तथा रेलवे स्टेशन पहुंचे। बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने रैन बसेरों की समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रैन बसेरों में ठहरने आने वाले लोगों को गर्म बिस्तर, पेयजल एवं साफ-सफाई की पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने दोनों रैन बसेरों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, परिसर में मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराने तथा रैन बसेरों के बाहर सुस्पष्ट व सुंदर बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को स्थान का पता आसानी से हो सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि रैन बसेरों में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का विवरण दर्ज करने के लिए आगंतुक रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाया जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और व्यवस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में रैन बसेरों का उपयोग बढ़ जाता है, इसलिए सभी सुविधाएँ समय पर और सही ढंग से उपलब्ध रहनी चाहिए।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी निर्देशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण में लापरवाही पर डीएम सख्त, बेस सही न मिलने पर निर्माण कार्य रुकवाया

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को वार्ड नंबर 22 स्थित गांधी महाविद्यालय के पास बन रही 150 मीटर लंबाई एवं 5.28 लाख रुपये लागत की सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएँ पाईं।जिलाधिकारी ने देखा कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। बेस को ठीक से साफ किए बिना ही मिट्टी के ऊपर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना मजबूत और साफ बेस तैयार किए सड़क निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बेस को पूरी तरह मानक के अनुरूप दुरुस्त कराने के बाद ही आगे का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीएम ने महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

- जच्चा-बच्चा वार्ड में जन्मी 12 कन्याओं को दी शुभकामनाएं
- जननी सुरक्षा योजना के 1500 लंबित प्रपत्र एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार सुविधाओं के बारे में प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने पूछा कि क्या इलाज के नाम पर किसी प्रकार की अवैध वसूली की गई या बाहर की दवाइयाँ लिखी गई हैं। उन्होंने बताया किसी भी प्रकार का पैसा नहीं दिया गया और ना ही बाहर से दवाइयां लिखी गई है मरीज का उपचार पर कर के अंदर से ही किया गया है। जच्चा-बच्चा वार्ड पहुँचकर जिलाधिकारी ने बीते 24 घंटे में जन्मी 12 बच्चियों के परिजनों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सभी नवजात कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित फॉर्म तुरंत भरवाकर लाभ समय से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा भी की, जिसमें लगभग 1500 आवेदन लंबित पाए गए। इस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रपत्रों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने लैब, पैथोलॉजी, पर्चा काउंटर, पंजीकरण कक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी, प्रभावी और मरीजों के प्रति संवेदनशील बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विवाह समारोह के दौरान डीजे पर मनपसंद गाने को लेकर वर-वधू पक्ष में चटकी लाठी

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के विजय विक्रम पैलेस में रविवार की रात विवाह समारोह के दौरान वर-वधू पक्ष के लोग शराब के नशे में डीजे पर गाना बजाने को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गए, और मारपीट की पूरी घटना गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

शहर के राठ रोड स्थित विजय विक्रम पैलेस में शादी समारोह में डीजे पर गाना बजाने को लेकर दूल्हे के बुआ के लड़के और लड़की पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी हो गई।कुछ ही देर में बहसबाजी हाथापाई में बदल गई और देखते ही देखते दोनों तरफ से दर्जनों लोग लाठी -डंडों के साथ एक-दूसरे पर टूट पड़े। अचानक हुए इस बवाल से समारोह में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे।

हंगामा बढ़ने पर दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। गेस्ट हाउस प्रबंधन ने बताया कि मारपीट के बाद दोनों परिवार तनाव में वहां से निकल गए। विवाद इतना बढ़ गया कि रात में ही शादी की सभी रस्में रोक दी गई और कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। बताया गया कि लड़का पक्ष उरई के तुलसी नगर का निवासी है, जबकि लड़की पक्ष इंदिरा नगर का रहने वाला है। घटना के बाद दोनों पक्ष बिना किसी बातचीत के अपने-अपने घर लौट गए, बाद में लड़की पक्ष के घर में रस्में हुए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### मथुरा से आई टीम ने 160 बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ा

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद नगर पालिका परिषद द्वारा बंदरों को पकड़ने का कार्य तीव्र गति के साथ चल रहा है। सोमवार को सुबह 7ः00 से पूर्वाह्न 11ः30 बजे तक बंदरों को पकड़ने का कार्य युद्धस्तर पर मथुरा से आई हुई टीम ने किया। सोमवार को 60 बंदरों को पकड़ा गया जबकि रविवार को 90 बंदर पकड़े गए थे। इन सभी बंदरो को गोला गोकर्णनाथ के जंगलों में छोड़ दिया गया। शाहाबाद नगर क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण नगर पालिका परिषद द्वारा एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। बंदरों को पकड़ने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। दो दिन से मथुरा से आई बंदर पकड़ने की टीम बंदरों को पकड़ने का कार्य कर रही है। बंदरों को पकड़ने का कार्य नगर पालिका कैंपस से किया गया। नगर पालिका कर्मचारी रंजीत सिंह की देखरेख में बंदरों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। 160 बंदर पड़ जाने के बाद नागरिकों को काफी राहत मिली है सबसे ज्यादा रहता स्कूली बच्चों को मिली है जो आए दिन बंदरों के हमले से घायल हो रहे थे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध कुमार गौतम ने सोमवार को मल्लावां कोतवाली का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों का रखरखाव व मालखाना,कंप्यूटर रुम की व्यवस्थाओं को परखा।उन्होंने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की तथा शस्त्रागार में रखे असलहों के बारे में विस्तृत जानकारियां लीं।एएसपी ने निरीक्षण के दौरान बैरक, मेस तथा हेल्प डेस्क का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जानकारी ली। शस्त्रागार में रखे असलहों के बारे में आरक्षियों से उनके नाम और किस काम में आते है और उनको चलाने के बारे में भी जानकारी ली।

# अब पुलिस चौकियों पर भी होगी जनसुनवाई: सीओ

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहाबाद सर्किल के अंदर की पुलिस चौकियों पर भी जन सुनवाई की जाएगी।पीड़ितों को अपनी समस्या बताने के लिए अब थाने जाने की जरूरत पड़ेगी। सहायक पुलिस अधीक्षक / सीओ आलोक राज नारायण ने पत्रकारों को बताया कि एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर सर्किल क्षेत्र में जल्द ही ग्राम चौपाल लगाकर जनता से संवाद स्थापित किया जाएगा। जिसमें सीओ,प्रभारी निरीक्षक,बीट प्रभारी,क्षेत्रीय पुलिस,चौकीदार,ग्राम प्रधान और संभ्रांत नागरिक के अलावा आम जनता उपस्थित रहेगी। ग्राम चौपाल में चर्चा कर अपराध की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 के लिए गांव की महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों के मन में पुलिस को लेकर जो भय है उसको दूर करने के लिए बच्चों से संवाद किया जाएगा। हर गांव में जाने के लिए तीन या चार रास्ते होते हैं इंट्रेंस पर सीसीटीवी कैमरे कैमरे लगाने से काफी हद तक अपराधों को रोका जा सकेगा।सर्किल की सरदारगंज,जामा मस्जिद, आलम नगर,पाली कस्बा चौकी और उधरनपुर पुलिस सहायता केंद्र पर जल्द ही जनसुनवाई प्रारंभ करवाई जायेगी।

### मसूड़ों की बीमारियों को न करें अनदेखा, इसके पीछे छिपे खतरे को पहचानें

**आगरा।** डॉ. सोनिया दत्ता, एमडीएस, पीएचडी, प्रोफेसर, पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री के अनुसार, मसूड़ों की बीमारियां आम हैं लेकिन अक्सर हम इनको अनदेखा करते हैं, जिसकी वजह से मुंह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं जैसे दांत खराब होना, डायबिटीज़ और गर्भावस्था में जटिलताएं। मसूड़ों की बीमारियों से जुड़े कारणों को समझना ज़रूरी है, ताकि इसकी रोकथाम और उपचार के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं। मसूड़ों की बीमारियों को जल्द से पहचान कर जटिलताओं की संभावना को कम किया जा सकता है। मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए दांतों का मजबूत होना ज़रूरी है। लौंग और नीम जैसे प्राकृतिक इन्ग्रीडिएन्ट्स से बना डाबर रैड पेस्ट मसूड़ों को बनाए रखता है, यह बैक्टीरिया को दूर कर ओरल हाइजीन बनाए रखने में मदद करता है। इसे अपनी दिनचर्या में अपनाएं और मजबूत दांत एवं स्वस्थ मसूड़े पाएं। मसूड़ों की बीमारियों के कारण और जोखिम- प्लॉक जमना मसूड़ों की बीमारियों का मुख्य कारण है। अगर इसका इलाज न किया जाए तो यह सख्त होकर टार्टर में बदल जाता है और जिंजिवाइटिस एवं पेरिडोंटिटिस का कारण बन सकता है।

# साहित्यकार डॉक्टर मिथिलेश कुमारी की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



श्री सरस्वती सदन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित बहुभाषाविद साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र, पूर्व निदेशक-बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना की जयन्ती पर जनपद के रचनाकारों और हिन्दी-संस्कृत की नवोदित प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय, विशेष जज, सीबीआई, पटना स्मृतिचिह्न सहित अँगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया. साथ ही कवयित्री श्रीमती सुधा मिश्र की काव्यकृति ÷भाव वेणु÷ का विमोचन किया. वक्ताओं ने राष्ट्रभाषा के संवर्धन के लिये सदन की रचनात्मक गतिविधियों को सराहा।

दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कवयित्री पल्लवी मिश्र की वाणी वन्दना से शुरू हुए समारोह में प्रशासनिक अधिकारी रहे वरिष्ठ साहित्यकार ब्रजराज सिंह तोमर को मिश्रबन्धु साहित्य सम्मान से मुख्य अतिथि न्यायाधीश अविनाश पाण्डेय ने सम्मानित किया। साथ ही काव्यकृति ÷भाव वेणु÷ की रचनाकार श्रीमती सुधा मिश्र को डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र साहित्य सम्मान से अलंकृत किया. सीएसएन महाविद्यालय, हरदोई में स्नात्तकोत्तर हिन्दी में सर्वोच्च अँक प्राप्त करने वाली छात्रा सुश्री अँजलि सिंह और स्नात्तकोत्तर संस्कृत में सर्वाधिक अँक प्राप्त छात्रा सुश्री गीता दुबे को डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र प्रतिभा सम्मान से न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि न्यायाधीश श्री अविनाश पाण्डेय ने साहित्य को समाज का दर्पण बताया।कहा हिन्दी, संस्कृत सहित कई भाषाओं का रचना संसार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के वैश्विक साहित्यिक व्यक्तित्व को रेखाँकित करता है।मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करने की पहल को साहित्य और संस्कृति का संवर्धन व संरक्षण बताया. कहा बहुभाषाविद साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र जैसी साहित्य, समाज और विभिन्न क्षेत्रों की विभूतिओं की स्मृतियों को सँजोकर उनके जीवन दर्शन को विस्तार देना सभी की समेकित जिम्मेदारी है।जिससे नयी पीढी भी नये सृजन के प्रति प्रेरित हो सके।नवोदित कवयित्री पल्लवी मिश्र व कंचन मिश्र को अँगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया गया।मुख्य वक्ता कवि एवं समीक्षक श्री अरुणेश मिश्र ने कहा मिश्रबन्धु साहित्य सम्मान हरदोई के भगवन्तनगर मल्लावाँ की जडों से जुडा होने से उसकी साहित्यिक उर्वरता को रेखाँकित करता है. कहा 1913 में मिश्रबन्धु हिन्दी इतिहास के तुलनात्मक अध्ययन के जनक के रूप में जाने गये. जो लखनऊ इंटौजा के साथ हरदोई के लिए गौरव की बात है. उन्होंने डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र को हिन्दी और संस्कृत की अनन्य साधिका बताया. श्री मिश्र के साथ कवयित्री पल्लवी ने भी काव्यपाठ से चेतना जगायी।सदन की सदस्य कवयित्री कंचन वाजपेयी ने विदुषी डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला. सदन अध्यक्ष एवं कवि श्रवण कुमार मिश्र ने अध्यक्षता की और मन्त्री मनीष कुमार मिश्र ने स्वागत किया. संचालन महेश मिश्र ने किया. पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा मिश्र ने व्यवस्था सँभाली।समारोह में सुरेन्द्रनाथ अग्निहोत्री, डॉ. नरेशचन्द्र शुक्ल, रत्ना मिश्र, आलम रब्बानी, कमलेश पाठक, ओपी सिंह, आरडी वर्मा, कुमुदनी तिवारी, हरिवंश सिंह, अवनिकांत वाजपेयी, राजीव दुबे, डॉ. अलका गुप्ता, नीता श्रीवास्तव सहित साहित्यकार व सदन सदस्य उपस्थित रहे।

# समरसेबिल चलाते समय करेंट लगने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



अरवल थाना क्षेत्र के पंचमपुरवा गांव में लिंटर डालने के लिए समरसेबिल चलाकर पानी भरने गए युवक की करेंट लगने से मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के पंचमपुरवा गांव निवासी राजाराम के घर मे सोमवार की दोपहर नवनिर्मित मकान की छत डालने के लिए समरसेबिल से पानी भरने गया राजाराम का लगभग 22 वर्षीय पुत्र विद्युत करंट की चपेट में आ गया।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक युवक अविवाहित था तथा तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।अरवल थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया गया हैं।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# आरसीएम की रूपांतरण यात्रा में नवोद्यमियों की सहभागिता: आगरा में मिला जबरदस्त जनसमर्थन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा के शुभारंभ के बाद से अब तक लाखों नवोद्यमी इससे जुड़ चुके हैं, जो कंपनी की जन-आधारित विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यात्रा का नवीनतम पड़ाव आगरा रहा, जहां हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।

आगरा और इससे पहले आयोजित कई शहरों में लाखों लोगों की भागीदारी को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 75 शहरों की इस यात्रा के 23 दिसंबर 2025 को समापन तक इसकी पहुँच लगभग एक मिलियन लोगों तक हो सकती है।

आगरा कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने रक्तदान किया और स्वस्थ जीवनशैली व आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी प्राप्त की। लोगों का सामूहिक उत्साह इस बात का प्रमाण था कि वे केवल उपस्थित होने के लिए नहीं, बल्कि निःस्वार्थ योगदान देने के लिए आगे आए-यह दर्शाता है कि यात्रा किस प्रकार लोगों को स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार के तीन मूल स्तंभों पर कार्य करने के लिए प्रेरित कर रही है।

उत्तर प्रदेश आरसीएम की विकास यात्रा में एक विशेष स्थान रखता है। राज्य ने हमेशा आरसीएम की पहलों के प्रति मजबूत जुड़ाव दिखाया है, जो यहां के लोगों के विश्वास और सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 16 सितंबर 2025 को रूपांतरण यात्रा की शुरुआत के बाद से अब तक 20,000 से अधिक लोग आरसीएम परिवार से जुड़ चुके हैं, जिससे कंपनी के दो मिलियन से अधिक सक्रिय एसोसिएट बायर्स के नेटवर्क को और मजबूती मिली है। जैसे-जैसे यात्रा अन्य शहरों की ओर अग्रसर है, यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के नेटवर्क का यह विस्तार न केवल सस्ते और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों पर लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है, बल्कि महिलाओं, युवाओं और नवोद्यमियों को स्थायी स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में आरसीएम के प्रयासों को भी प्रतिबिंबित करता है।

विशेष रक्तदान शिविर में लोगों की भारी भागीदारी रही, जिससे अब तक यात्रा के दौरान 2,000 से अधिक दाताओं का आंकड़ा पार हो चुका है।

कार्यक्रम में नागरिकों को स्वस्थ और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने वाली जन-जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

आगरा के लोगों ने इस यात्रा का भव्य स्वागत किया और हजारों लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

इस यात्रा का प्रभाव प्रतिभागियों की साझा कहानियों में झलकता है।

# ऑनलाइन हाजिरी का सचिवों ने काली पट्टी बांध कर विरोध किया

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहाबाद विकासखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को सचिवों ने काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन उपस्थिति व गैर विभागीय कार्यों के विरोध में शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। ग्राम पंचायत अधिकारी मोहित पाठक ने बताया ग्राम पंचायत अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डा. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर यूपी के 826 विकास खंडों में तैनात सभी सचिवों को ऑनलाइन उपस्थिति व सचिवों से कराये जा रहे जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आन्दोलन किया जायेगा। जिसमें 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक सभी सचिव काली पट्टी बांध कर शासकीय कार्य करेंगे। 5 दिसंबर को जनपद मुख्यालय पर सभी सचिवों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा और विभागीय व्हाट्सएप ग्रुपों को छोड़ देंगे।10 दिसंबर को सभी सचिव अपने निजी वाहनों का प्रयोग बन्द करके भत्ते के अनुसार वाहन का प्रयोग करेंगे। वहीं 15 दिसंबर को सभी सचिव भुगतान डोंगल विकास खंड कार्यालय में सहायक विकास अधिकारी को सौंप देंगे।अगर इसके बाद भी मांगे ना पूरी हुई तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

# डीएम ने देवदह स्तूप व पर्यटन परियोजनाओं को देखा

## उत्खनन के दूसरे चरण की तैयारी तेज, विपश्यना केंद्र संचालन व सरोवर सौंदर्यीकरण पर दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को बनरसिया कला स्थित देवदह स्तूप और आसपास की पर्यटन परियोजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्खनन कार्य, अवशेषों के संरक्षण, विपश्यना केंद्र और सरोवर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम देवदह स्तूप के चल रहे उत्खनन कार्य का जायजा लिया। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी श्री कृष्ण मोहन दुबे ने बताया कि 88 एकड़ क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया गया है। अभी तक की खुदाई में शुंग, कुषाण और मौर्यकालीन अवशेष, गुप्तकालीन मृदभांड, मनके, ताम्र सिक्के तथा समुद्रगुप्त कालीन स्वर्ण सिक्का प्राप्त हुआ है। कुषाणकालीन संरचनाओं में पक्की ईंटों के घर, रिंगवेल, मिट्टी के उपकरण और स्टोरेज जार जैसी महत्वपूर्ण खोजें शामिल हैं। प्रथम चरण के उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए दूसरे चरण के उत्खनन की तैयारी चल रही है। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी से आवश्यक सर्वे तत्काल कराने को कहा।

इसके बाद जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित विपश्यना केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र का सोलर सिस्टम खराब मिलने पर उन्होंने यूपीपीसीएल को इसे तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उपनिदेशक पर्यटन ने बताया कि केंद्र पुरातत्व विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है, किंतु संचालन शुरू नहीं हो सका है। जिलाधिकारी ने इसे जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद में उठाकर संचालन व अनुरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पूरी परियोजना को नेचुरोपैथी एवं वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देवदह सरोवर के सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा कर कार्यदाई संस्था को समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरोवर में जल संचयन और निकासी की प्रणाली को बेहतर बनाने तथा नियमित सफाई पर जोर दिया।

परियोजना के एकीकृत विकास हेतु आवश्यकतानुसार भूमि क्रय का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही परियोजना स्थल पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापना के लिए राज्य ललित कला अकादमी को पत्र भेजने को कहा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद, उपनिदेशक पर्यटन राजेंद्र प्रसाद, सहायक पर्यटक अधिकार प्रभाकर मणि त्रिपाठी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बेकाबू कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के अंतू थाना इलाके के पावर हाउस के समीप हुई सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत।



मिली जानकारी के अनुसार अंतू थाना इलाके के गड़वारा बाजार निवासी कामता प्रसाद वर्मा एक बीमा कंपनी में अभिकर्ता थे। रविवार को वह स्कूटी से गड़वारा बाजार की तरफ जा रहे थे। जैसे ही पावर हाउस के समीप पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी थी। स्कूटी समेत वो सड़क पर गिर पड़े और गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा दुर्घटना की जांच करने के साथ ही अन्य कार्रवाई की जा रही है।

# ऑनलाइन हाजिरी: सचिवों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले के विकासखण्ड मंगरौरा में सोमवार को प्रदेश स्तरीय पंचायत सचिव संगठन के आह्वान पर ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली एवं अन्य विभागों का कार्य जबरन ग्राम सचिवों से कराने के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। उ. प्र. ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिये बताया है कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों की कार्यप्रणाली के अनुकूल नहीं है और इससे फील्ड वर्क तथा पंचायत के नियमित कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही प्रदेश संगठन के दोनों नेताओं ने कहा कि पूरे प्रदेश में क्षेत्रीय ग्राम सचिव से उनके मूल कार्य के अलावां अन्य विभागों का कार्य भी कराया जा रहा है जिससे वो अपना कार्य नियमित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। उसी क्रम में पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग के सचिवों की पीड़ा को देखकर केंद्रीय नेतृत्व ने एक दिसम्बर से चार दिसम्बर तक विकास खंडों में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। पांच दिसम्बर को पूरे प्रदेश के समस्त 826 विकास खंडों में प्रदेश के समस्त सचिव एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन करेंगे तथा मुख्यमंत्री को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रेषित करेंगे इसके बाद प्रदेश के समस्त सचिव अपने व्यक्तिगत मोबाइल से जनपद के समस्त शासकीय व्हाट्सएप ग्रुपों से अपने को विरत कर लेंगे। दस दिसम्बर से प्रदेश के सभी सचिव अतिअल्प साइकिल भत्ते के स्थान पर मोटरसाइकिल भत्ता दिए जाने की माँग के लिए अपने निजी वाहनों से सरकारी कार्य नहीं करेंगे। पन्द्रह दिसंबर को समस्त सचिव अपने डोंगल को विकासखंडों पर जमा कर देंगे। ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, मंगरौरा ने अवगत कराया है कि अगर शासन प्रशासन द्वारा समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास नहीं किया गया तो प्रदेश के संपूर्ण सचिव भविष्य में संपूर्ण कार्य बहिष्कार एवं अनवरत धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो सकते हैं जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गयी रैली व संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सीएमओ कार्यालय से एक जागरूकता रैली का अयोजन किया गया। एड्स जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ए एन प्रसाद ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश कुमार, डा. मनोज खत्री नोडल एआरटी व एसएसके डा. राकेश त्रिपाठी चिकित्सा अधिकारी एआरटी केन्द्र, आईसीटीसी परामर्शदाता, लैब टेकनीशियन, एआरटी स्टाफ, एनटीईपी स्टाफ एवं जिले में संचालित हो रहे स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह रैली श्रीराम चौराहा, चौक घण्टा घर होते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर समाप्त हुयी। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के शास्त्री सभागार में किया गया जिसमें इस वर्ष के कार्यक्रम का थीम ÷बाधाएं होगी दरकिनार एचआईवी और एड्स पर होगा सशक्त प्रहार÷ विषय पर चर्चा हुयी। संगोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सही जानकारी एवं बचाव के द्वारा एड्स जैसी भयावह बीमारी से बचा जा सकता है एवं जिले में संचालित हो रहे एड्स कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। संगोष्ठी में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरूष चिकित्सालय डा. शैलेन्द्र कुशवाहा एवं एआरटी चिकित्सा अधिकारी डा0 राकेश त्रिपाठी द्वारा एड्स विषय पर जानकारी दी गयी।

## ऊर्जा मंत्री ने बिजली बिल राहत योजना का किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में सोमवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने ऊर्जा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को व्यापक राहत देने वाली सरकारी योजना बिजली बिल राहत योजना का विद्युत उपकेंन्द्र कुंडा में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह योजना ऊर्जा उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक राहत प्रदान करने तथा बकाया बिलों के निस्तारण को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। प्रदेश सरकार ने सदैव आम जनता के हितों को प्राथमिकता में रखते हुए विकास एवं ऊर्जा क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया है। प्रदेश के ऊर्जा उपभोक्ताओं को सीधी राहत देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होने कहा कि यह योजना 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी तक तीन चरणों में लागू रहेगी, प्रथम चरण 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, द्वितीय चरण 01 जनवरी से 31 जनवरी व तृतीय चरण 01 फरवरी से 28 फरवरी तक रहेगी।

# मासूम के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के अंतू थाना क्षेत्र में एक बारात से लापता हुए सात वर्षीय मासूम बालक का शव अगले दिन सुबह बारात स्थल से थोड़ी दूर पर झाड़ियों में बरामद हुआ। मिली जानकारी के अनुसार अंतू थाना इलाके के चौबेपुर गांव निवासी बाबूलाल वर्मा का सात वर्षीय पुत्र यश कुमार रविवार शाम अपने पिता और दादा के साथ बारात में शामिल होने गया था। काफी देर तक वह परिजनों के साथ ही था। इस दौरान वह चाउमीन और टिकिया खाने के लिए रुका और कुछ देर बाद अचानक लापता हो गया। काफी देर तक परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्चे की खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जिसके बाद डायल- 112 व अंतू पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने भी देर रात तक बच्चे की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बारात स्थल से लगभग पांच सौ मीटर दूर मासूम बालक का शव बरामद हुआ। परिजन उसे तत्काल सड़वा चंडिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम का हाँथ टूटा हुआ था। शरीर पर चोट के निशान व खून देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शव देखते ही परिजनों में रोना बिलखना मच गया। मासूम के दादा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। वहीं सूचना पर एसपी दीपक भूकर, एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय और सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशांत राज घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद परिस्थितियों और साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन किया और संबंधित पुलिस टीम को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई तथा विस्तृत जांच के निर्देश दिए। पुलिस मासूम के हत्या की वजह तलाश करने के लिए हर पहलुओं का बारीकी से जांच कर रही है। फिलहाल मासूम की हत्या रंजिश में हुई है या फिर कुछ और कारण है। यही गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज ने बताया कि मृतक बच्चे के दादा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हर पहलुओं से घटना की जांच की जा रही है। दोषी जल्द ही सलाखों के पीछे होगा।

# पीएम आवास में बड़ा खेल अपात्रों को मिला आवास, प्रधान को नोटिस जारी

- शिकायतकर्ता के शिकायत पर डीएम के निर्देश पर हुई जांच में उजागर हुआ खेल
- जियो टैगिंग व भौतिक सत्यापन के बावजूद अपात्रों को जारी हुई तीनों किश्तें

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अनियमितताओं की शिकायत पर महराजगंज प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। ग्राम पंचायत हरखोड़ा में कथित धांधली की जांच में चार अपात्र व्यक्तियों को आवास स्वीकृति मिलने की पुष्टि होने पर महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने ग्राम प्रधान अनीता को कारण-बताओ नोटिस जारी किया है। डीएम ने 15 दिनों के भीतर जिला पंचायतराज अधिकारी के माध्यम से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

शिकायत पर गठित हुई थी जांच टीम~

ग्राम निवासी मेराजुद्दीन और अन्य ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया था। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि लाभार्थियों सुमन वर्मा, अमरावती, त्रिभुवन और रमनी को योजना के पात्रता मानकों के विपरीत आवास आवंटित किए गए। इतना ही नहीं, इन चारों अपात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की सभी तीनों किश्तों की धनराशि भी जारी कर दी गई थी।

### भौतिक सत्यापन के बाद भी जारी हुई किश्तें

जांच में यह भी सामने आया कि लाभार्थियों के चयन के लिए ग्राम प्रधान अनीता की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित की गई थी। सचिव द्वारा पात्रता का भौतिक सत्यापन, रजिस्ट्रेशन और जियो-टैगिंग की औपचारिकता पूरी करने के बाद प्रथम किश्त निर्गत कराई गई। हालांकि जांच अधिकारी ने इन प्रक्रियाओं में गंभीर लापरवाही और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि की है।




### डीएम का सख्त रुख, कार्रवाई की तैयारी

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा जारी नोटिस में ग्राम प्रधान से 卐एक पक्ष卐 के भीतर जवाब देने को कहा गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी है। मामले को लेकर गांव में भी खासा तनाव और नाराज़गी देखी जा रही है, क्योंकि स्थानीय लोग लंबे समय से योजना में अनियमितता का आरोप लगाते रहे हैं। वही जिला प्रशासन के इस कदम को ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित और कठोर कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। अब सबकी नजर ग्राम प्रधान के जवाब और आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## माध्यमिक विद्यालयों में आज से होगी प्री बोर्ड परीक्षा, परखी विद्यार्थियों की तैयारी

**देवरिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए 11 से 25 जनवरी के बीच जिले के माध्यमिक विद्यालयों में प्री बोर्ड की परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए प्रश्न पत्रों के माध्यम से परीक्षा के लिए उनकी तैयारी को जांचा जाएगा। जनपद में हाई स्कूल व इंटर को मिलाकर इस बार 1.26 लाख परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार किए जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले होने वाली प्री बोर्ड परीक्षा जिला स्तर पर 11 से 25 जनवरी के बीच आयोजित की जाएगी। जनपद के सभी माध्यमिक स्कूलों में प्री बोर्ड की परीक्षा होगी, जिससे बोर्ड परीक्षा में बैठने से पहले छात्र मानसिक रूप से तैयार हो सकें और बोर्ड परीक्षा के समय उनको किसी भी प्रकार की समस्या न हो। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होनी हैं।

# चेयरमैन ने कैंपों का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



स्थानीय स्तर पर आयोजित विभिन्न कैंपों का चेयरमैन डॉ. पुष्पलता मंगल ने सोमवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंपों में जारी गतिविधियों, नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

डॉ. मंगल ने मौके पर मौजूद बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) से स्क्रै से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अभिलेख और विवरण समय पर तथा पूर्णतः सटीक रूप से अपडेट किए जाएं, ताकि योजनाओं के लाभार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

चेयरमैन ने कहा कि ऐसे कैंप सरकार की योजनाओं को जनता तक सुचारू रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कैंपों की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए और आम जनता को कोई असुविधा न हो।

अंत में डॉ. मंगल ने कैंप कर्मियों की मेहनत की सराहना की और कहा कि टीम भविष्य में भी और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करे।

# एसपी ने जन सुनवाई कर दिया निस्तारण का निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में सोमवार को एसपी दीपक भूकर ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें। प्रत्येक शिकायत पर तथ्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख हो। उन्होंने थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना और कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो। कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एसपी दीपक भूकर के साथ सीओ लाइन शिवनारायण वैस भी मौजूद रहे।

## तस्करी की आठ बोरी खाद बरामद

**ठूठीबारी/महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सक्रिय तस्करों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ बोरी खाद बरामद की है। बरामद खाद दो मोटरसाइकिलों पर लदी हुई थी, जिसे पुलिस ने लावारिस हालत में पकड़कर कस्टम विभाग को सौंप दिया। कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि एसएसबी रोड स्थित भरवलियां पुल के पास दो बाइक सवार तस्कर खाद लेकर नेपाल की ओर जा रहे थे। पुलिस जवानों को अपनी ओर आते देख दोनों तस्कर मोटरसाइकिलों पर लदे खाद के बोरे छोड़कर मौके से फरार हो गए। जांच में एक बाइक से चार बोरी डीएपी व दूसरी बाइक से तीन बोरी डीएपी और एक बोरी यूरिया खाद बरामद हुई। पुलिस ने सभी आठ बोरी खाद को आवश्यक कार्रवाई के लिए ठूठीबारी कस्टम कार्यालय के सुपुर्द कर दिया है।

# डीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में सोमवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। डीएम ने विपणन शाखा केन्द्र मण्डी प्रथम व द्वितीय, पीसीएफ-बी. पैक्स फेनहा एट क्रय विक्रय महुली, विपणन शाखा केन्द्र बाबा बेलखरनाथ धाम व विपणन शाखा केन्द्र बाबाबेलखरनाथ धाम करमाही का निरीक्षण किया। विपणन शाखा केन्द्र मण्डी प्रथम के निरीक्षण के समय मौके पर केन्द्र प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी उपस्थित मिले। 78 कृषकों से 378 मीट्रिक टन धान क्रय किया गया है। कृषक रविदत्त पाण्डेय ग्राम सोनबरसा पट्टी की अस्सी से नब्बे कुन्तल धान की तौल चल रही थी। धान प्रेषण शून्य है। डीएम ने खरीदे गये धान का सुरक्षित भण्डारण करते हुये, शीघ्र सम्बद्ध मिलों पर जीपीएस युक्त वाहनों से धान का प्रेषण प्राथमिकता पर किये जाने हेतु निर्देशित किया और कहा कि किसानों की संख्या बढ़ायी जाये, सीमान्त कृषकों का धान अधिक से अधिक खरीद करें। धान की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा क्रय नीति में वर्णित तथा निर्गत निर्देशों का पालन प्रत्येक दशा में करें। मण्डी परिसर में विपणन शाखा के मण्डी द्वितीय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जहां अब तक 363.76 मीट्रिक टन धान 62 कृषकों से क्रय किया गया तथा निरीक्षण के समय कृषक की धान तौल एक कांटा पर की जा रही थी। डीएम ने निर्देशित किया कि क्रय केन्द्र पर कृषकों के धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो। केन्द्र पर नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से गुणवत्तायुक्त धान का क्रय कराकर धान कुटाई की व्यवस्था करें। पूर्व के वर्षों में विक्रेता कृषकों से सम्पर्क भी करें। विपणन शाखा केन्द्र बाबाबेलखरनाथधाम के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी संजय कुमार शुक्ल, विपणन निरीक्षक उपस्थित मिलें। जिलाधिकारी द्वारा बॉट रखवाकर कांटे का सत्यापन किया गया। बैनर एवं बोरों की उपलब्धता के सम्बन्ध में केन्द्र प्रभारी से पूछा गया। खरीद हेतु उपयोगी बोरों की आपूर्ति मिलर द्वारा किया जा रहा है। केन्द्र पर वॉल पेंटिंग न पाये जाने पर डीएम द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा अब तक वॉल पेंटिंग न कराये जाने के सम्बन्ध में कारण भी पूछा गया। केन्द्र प्रभारी को केन्द्र की दीवार पर जानकारियां अंकित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# कोडीन कफ सिरप कांड में नया मोड़

## फरार सिपाही का नाम पूर्व सांसद धनंजय सिंह के मकान नंबर से जुड़ा, जांच की मांग तेज




120 XLD234966
: आलोक प्रताप सिंह
ा का नाम: विरेन्द्र प्रताप सिंह
ान संख्या : 17
ु : 46 लिंग : पुरुष
फोटो उपलब्ध है

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

कोडीन कफ सिरप तस्करी मामले में एक नया खुलासा सामने आने के बाद जिले की सियासत और पुलिस विभाग में हलचल मच गई है। फरार चल रहे एसटीएफ के बर्खास्त सिपाही का नाम मतदाता सूची में पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह के मकान नंबर से जुड़े होने का दावा किया जा रहा है, जिससे पूरे प्रकरण में नई चर्चाओं को हवा मिल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मलहनी विधानसभा क्षेत्र के बनसफा गांव स्थित मकान नंबर 17 के क्रमांक 118 पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह का नाम दर्ज है। वहीं इसी मकान पर क्रमांक संख्या 120 पर आलोक प्रताप सिंह पुत्र बिरेंद्र प्रताप सिंह का नाम सूचीबद्ध है। आरोप है कि कोडीन कफ सिरप केस में फरार बताया जा रहा बर्खास्त सिपाही भी इसी पते पर मतदाता के रूप में दर्ज है।

मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने प्रमुख सचिव (गृह) और डीजीपी यूपी को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की मांग की। उनका कहना है कि आरोपी के पते और मतदाता सूची में दर्ज विवरण मामले की सच्चाई उजागर करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

अमिताभ ठाकुर ने कहा कि कोडीन कफ सिरप तस्करी मामले में लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं, लेकिन फरार आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोपी के वास्तविक पते, उससे जुड़े व्यक्तियों और पूरे नेटवर्क की गहन जांच कराने की मांग की है। उधर,

यह मामला राजनीतिक गलियारों में पहुंचने के बाद जिले में चर्चाओं का केंद्र बन गया है। प्रशासनिक स्तर पर भी इस खुलासे को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अभिलेखों की प्राथमिक जांच शुरू किए जाने की चर्चाएं तेज हैं।

### जलालपुर में 'महीना राज' का खुलासा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र में पुलिस संरक्षण में फल-फूल रही अवैध गतिविधियों के खिलाफ रिटायर्ड आईपीएस व आज़ाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने यूपी डीजीपी को पत्र भेजकर सख़्त कार्रवाई की मांग की है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में जुआ अवैध शराब और अनैतिक कारोबार खुलेआम चल रहा है जिसकी पुष्टि हाल ही में किए गए पत्रकारों के स्टिंग ऑपरेशन से भी हुई है। ठाकुर ने अपने पत्र में बताया कि जलालपुर के आठ प्रमुख बाज़ार जलालपुर, सिरकोनी, चौरी बाज़ार, पराउगंज, परेव, राजेपुर, सितमसराय और त्रिलोचन अवैध गतिविधियों का अड्डा बने हुए हैं। स्टिंग ऑपरेशन में सामने आए वीडियो में संबंधित लोगों ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि थाने पर महीना जाता है मेरा मालिक थाना प्रभारी को नोटों के बंडल से तोलता है यहाँ तक कि 20,000 रुपये थाने पर फेंक देंगे जैसी चौंकाने वाली बातें कही गईं।

# विश्व एड्स दिवस पर निकली जागरूकता रैली, डीएम ने बढाया परेड का हौसला

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना ने शास्त्री चौक कचहरी, से हरी झंडी दिखाकर विश्व एड्स दिवस परेड को रवाना किया। रैली के दौरान छात्रों, 47 यूपी बटालियन एनसीसी बस्ती के कैडेट्स और समुदाय के लोगों ने एचआईवी/एड्स जागरूकता से जुड़े स्लोगन एवं पोस्टरों के माध्यम से जनमानस को संदेश दिया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजीव निगम एवं कलस्टर प्रोग्राम मैनेजर दिशा बस्ती कलस्टर के अखिलेश सिंह ने जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजीव निगम ने बताया कि एच0आई0वी0 जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संस्थाओं की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण विकास सेवा समिति को एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता, लिंक वर्कर स्कीम कार्यक्रम, समुदाय आधारित सेवाओं तथा एआरटी, ओएसटी, आईसीटीसी, एसएसके नेटवर्क के सहयोग में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी कड़ी में एआरटी सेंटर जिला चिकित्सालय में प्रमुख अधीक्षक की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम एवं रेलवे स्टेशन, बस्ती पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का संचालन रेलवे अधीक्षक नसीम अहमद एवं आई ए खान चिकित्सक रेलवे स्टेशन बस्ती एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति एवं ग्रामीण विकास सेवा समिति और कोआर्डिनेटर संदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रैली में एनसीसी के सैकड़ों कैडेट्स तथा एनएसएस मुख्य आकर्षण रहे साथ ही महिला पीजी कालेज, एपीएनपीजी कालेज, शिव हर्ष किसान पीजी एवं इन्टर कालेज, राम सहाय सिंह डिग्री कालेज, ए.एस.एच. एंड जी.आर.एस. इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा एआरटी, ओएसटी, आईसीटीसी, एसएसके, सीएससी 2.0, लक्षित हस्तक्षेप परियोजना, लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का बेहद उत्साहपूर्ण योगदान रहा।

# UPPCL लेकर आया वर्ष की सबसे बड़ी राहत बिजली बिल माफी का सुनहरा मौका

## बिजली बिल राहत योजना 2025-26 कम भुगतान, ज्यादा राहत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा घरेलू (2 चड्ढ तक) और वाणिज्यिक (1 चड्ढ तक) नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल राहत योजना 2025-26 शुरू कर दी गई है यह योजना तीन चरणों में चलेगी 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक। उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ पहले चरण में मिलेगा, इसलिए समय पर पंजीकरण करना बेहद फायदेमंद रहेगा। योजना की शुरुआत मात्र 2000 के पंजीकरण शुल्क से होगी। पंजीकरण कराने वाले सभी उपभोक्ताओं को योजना अवधि में लेट पेमेंट सरचार्ज पूरी तरह माफ मिलेगा। एकमुश्त भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को चरण के अनुसार 25त्न, 20त्न और 15त्न तक की अतिरिक्त छूट दी जाएगी लंबे समय से बकाया रखें उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बकाया और वर्तमान बिल को अलग कर दिया गया है, ताकि भुगतान आसान और व्यवस्थित हो सके। इतना ही नहीं, उपभोक्ता अपने पुराने बकाये को 750 और 500 की मासिक आसान किश्तों में भी जमा कर सकते हैं। किश्तों पर भी चरण के अनुसार 10त्न और 5त्न तक की राहत उपलब्ध है। जिन उपभोक्ताओं का बिल असामान्य रूप से अधिक आया है, उन्हें औसत बिल जमा करने की सुविधा दी गई है। बिजली चोरी के मामलों में पंजीकरण कराने पर राजस्व निर्धारण में 50त्न तक की छूट और मुकदमों से राहत का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। एएसडीओ मोहम्मद रौशन जमीर ने बताया कि यह योजना उपभोक्ताओं के आर्थिक बोझ को कम करने का एक अभूतपूर्व अवसर है। उन्होंने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की कि वे जल्द से जल्द पंजीकरण कर पहले चरण की अधिकतम छूट का लाभ उठाएँ। पंजीकरण 222.ह्वश्चश्चष्द्य.शह्द्द पर, अथवा विद्युत सखी, मीटर रीडर और जन सेवा केंद्रों के माध्यम से किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु टोल-फ्री 1921 पर संपर्क करें। जल्दी भुगतान करें, ज्यादा लाभ पाएं।

# विश्व एड्स दिवस पर एड्स से बचाव के लिये किया जागरूक, दिया सुझाव



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अनंता हॉस्पिटल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल के डायरेक्टर राहुल चौधरी और डा. अजय चौधरी ने लोगों को एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आग्रह किया। जागरूकता कार्यक्रम में डा. अजय चौधरी ने कहा कि ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) का संक्रमण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को इतना कमजोर कर देता है कि रोगी के लिए बीमारियों से मुकाबला कर पाना कठिन हो जाता है। एचआईवी संक्रमण के कारण एड्स यानी एक्वायर्ड इम्यूनोडिफिशिएंसी सिंड्रोम का खतरा होता है। कैंसर हो या हृदय रोग, डायबिटीज हो या फेफड़ों की बीमारी, इन सभी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ा है। इन बीमारियों के साथ एचआईवी का बढ़ता संक्रमण भी स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण है, इससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ऐसे में लोगों को समय-समय पर जांच, सावधानी के साथ ही चिकित्सकों की राय लेते रहना चाहिये। उन्होंने जागरूक रहने, अफवाहों से दूर रहने और जरूरत पड़ने पर निसंकोच जांच कराने की सलाह दी। हॉस्पिटल की ओर से मरीजों और आगंतुकों को एड्स से संबंधित जानकारी, रोकथाम के उपाय और आधुनिक उपचार सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में मेडिकल टीम ने हेपेटाइटिस, यौन रोगों व सुरक्षित जीवनशैली पर भी सुझाव दिए।

# भागवत कथा के पांचवें दिन मनाया गया श्रीकृष्ण जन्म, जयघोष से गूंज उठा भद्रेश्वरनाथ

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




जिले के भदेश्वर नाथ धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म कथा का संगीतमय वर्णन किया गया। कथा व्यास श्याम गिरि जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की लीला को प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। जैसे ही श्रीकृष्ण के अवतार का प्रसंग आया, पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की÷ के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्याम गिरि जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धरती पर अधर्म, अत्याचार और असत्य के नाश तथा धर्म की स्थापना के लिए हुआ। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक ऐतिहासिक पुरुष नहीं बल्कि युग-युगांतर के लिए मानवता के मार्गदर्शक हैं। कथा में कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव का कारावास, योगमाया का प्राकट्य, अर्धरात्रि में श्रीकृष्ण का जन्म और वासुदेव द्वारा उन्हें गोकुल पहुँचाने की लीला का अत्यंत रोचक वर्णन किया गया। इस अवसर पर आचार्य राकेश पाण्डेय और पं0 संजय पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण और मधुर भजनों के माध्यम से वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की आरती हुई, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उत्सव मनाया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बाउंड्रीवाल, वाटर चिलर का फर्जी फोटो अपलोड कर किया लाखों का गबन

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। पटेहरा।** गढ़वा कंपोजिट विद्यालय के बाउंड्रीवाल और वाटर चिलर का फर्जी फोटो अपलोड कर लाखों रुपये का बंदरबाट कर लिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से यह फर्जीवाड़ा किया गया है। इसमें ब्लॉक के कई अधिकारी भी इनका साथ देते हैं।

# बरसठी में भीषण सड़क हादसा, ङ्कङ्क में बैठी 6 वर्षीय बच्ची की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर बरसठी थाना क्षेत्र के अचानकनगर पेट्रोल पंप से लगभग 50 मीटर दूर सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार निगोह की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार ङ्कङ्क अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे मोटरसाइकिल से टकरा गई।

हादसे में सबसे दर्दनाक घटना यह रही कि ङ्कङ्क में बैठी करीब 6 वर्षीय बच्ची टक्कर के समय गाड़ी का दरवाजा खुलने से बाहर जा गिरी। बाहर फेंके जाने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार महिला और बाइक चालक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उठाकर अस्पताल भेजा गया है।

सूचना मिलते ही बरसठी पुलिस मौके पर पहुंच गई है और घटनास्थल की जांच कर रही है।

हादसे के कारणों में वाहन की तेज रफ्तार और अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी हुई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी है।

### स्थापना दिवस पर साइकिल रैली निकाली

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** बथुआ राजकीय पॉलिटेक्निक में एनसीसी 101 बटालियन ने 78वें स्थापना दिवस पर सुबह साइकिल रैली निकाली। इसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कर्नल राकेश उपाध्याय, सूबेदार बलदेव ने हरी झंडी दिखाई। सुबह 10 बजे साइकिल रैली मिर्जापुर से चुनार के लिए निकली। इसमें 20 पुरुष कैडेट और 10 महिला कैडेट रहीं। चुनार से रैली वापस बटालियन पहुंचकर समाप्त हुई। एनसीसी में दोपहर में आयोजित रक्तदान शिविर में डॉक्टर विनोद कन्नौजिया ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। 20 लोगों ने पंजीकरण कराया। 15 लोगों ने रक्तदान किया। जनसंपर्क अधिकारी राम कुमार गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। एनसीसी के कैडेट्स में अमीषा बरनवाल, ऋषभ तिवारी, सुमित कुमार पाठक, प्रियांशु चौधरी, योगेश्वर चक्रवाल, शिवम दुबे, अरूण कुमार आदि ने रक्तदान किया।

# केराकत में वार रूम का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण, डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का जायज़ा लेने के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने तहसील केराकत स्थित सभागार में बनाए गए वार रूम का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन से जुड़े कार्यों की जानकारी ली और निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी कर्मचारी अपने आवंटित कार्य समय पर पूरा करें।

जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के आदेशानुसार जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है। कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए तहसील केराकत के सभागार में शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। पंचायत सहायकों और बीएलओ के साथ-साथ शिक्षक, लेखपाल और अमीन को भी डिजिटाइजेशन कार्य में लगाया गया है।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित सुपरवाइजरों से प्रगति की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिया कि मैपिंग के बाद ही डिजिटाइजेशन का कार्य किया जाए।

बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को उन्होंने सराहा भी। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा बढ़ाई गई अवधि का सदुपयोग करते हुए सभी कर्मचारी गुणवत्तापूर्ण और तेज़ी से कार्य पूरा करें।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया के बारे में जिलाधिकारी ने विस्तार से जानकारी भी साझा की।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जौनपुर के युवक की खंडवा में ट्रेन से गिरकर मौत, परिवार में कोहराम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के कौरहा गांव निवासी 30 वर्षीय राजेश गौतम की मध्यप्रदेश के खंडवा में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजन शव लेने के लिए तत्काल रवाना हो गए। राजेश करीब एक सप्ताह पहले बिना बताए मुंबई अपनी बड़ी बहन के घर गया था। तीन दिन पहले उसने फोन कर परिजनों को अपने मुंबई पहुंचने की जानकारी दी थी। हालांकि, वह वहां से भी बिना बताए घर लौटने के लिए ट्रेन पर सवार हो गया। खंडवा के पास सफर के दौरान गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजनों को हादसे की सूचना देर से मिली। परिवार के अनुसार, राजेश पांच बहनों में इकलौता भाई था और गांव में पेंटिंग व मजदूरी का काम करता था। पिता भी मजदूरी करते हैं, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उसकी शादी हो चुकी थी, लेकिन पत्नी से संबंध नहीं थे। शुरुआती सूचना कटनी की बताई गई थी, परिजनों के वहां पहुंचने पर पता चला कि हादसा खंडवा में हुआ है। इसके बाद पिता, चाचा और चचेरे भाई शनिवार रात रत्नागिरी सुपरफास्ट ट्रेन से खंडवा रवाना हुए। वे रविवार दोपहर खंडवा पहुंचकर अंतिम संस्कार करेंगे। ग्राम प्रधान पप्पू यादव ने बताया कि कोतवाली से जानकारी मिलने पर परिवार से संपर्क किया गया और आर्थिक स्थिति को देखते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

# कफ सिरप तस्करी कांड में चार और फर्मों पर केस दर्ज, कुल संख्या पहुँची 18

## जौनपुर प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप की तस्करी मामले में

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




जौनपुर में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं जिला औषधि निरीक्षक की चल रही जांच में रविवार को चार और नई फर्मों के नाम सामने आए, जिनके खिलाफ थाना कोतवाली में केस दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसी के साथ तस्करी में शामिल फर्मों की कुल संख्या अब 18 हो गई है।

जांच में सामने आया है कि सभी फर्में दिल्ली की मेसर्स वान्या इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर विशाल उपाध्याय (निवासी–अशोक विहार कॉलोनी, सरसावा देहात, सहारनपुर) से जुड़कर करोड़ों रुपये का प्रतिबंधित कफ सिरप का लेन-देन कर रही थीं। औषधि विभाग को वान्या इंटरप्राइजेज की एक्सेल शीट में ऐसे पुख्ता प्रमाण मिले हैं, जिनसे स्पष्ट है कि इन फर्मों ने 1.86 लाख से अधिक कोडिनयुक्त कफ सिरप की शीशियों का अवैध व्यापार किया।

जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने जांच रिपोर्ट के आधार पर चारों फर्मों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु एएसपी को तहरीर सौंप दी है। जिन फर्मों के नाम नए सिरे से सामने आए प्रोपराइटर शिवम कुमार मौर्य, पुत्र जय कुमार मौर्य, निवासी विशेषरपुर, चौकिया समेत अन्य तीन फर्मों के नाम औषधि विभाग ने विस्तृत रिपोर्ट में शामिल किए हैं।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद ने कहा कि जिन लोगों की भूमिका इस तस्करी में पाई जा रही है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और की जाएगी।

उधर औषधि निरीक्षक रजत पांडे ने बताया कि चार नई फर्में जांच के दायरे में आई हैं, इनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। अब तक 18 फर्मों पर कार्रवाई हो चुकी है। यह भी जांच की जा रही है कि इस नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं।

जांच एजेंसियों का मानना है कि यह एक राज्यव्यापी स्तर का बड़ा रैकेट है, जिसमें स्थानीय मेडिकल एजेंसियों, सप्लायरों और बड़ी फर्मों की मिलीभगत सामने आ रही है।

जौनपुर पुलिस ने भी तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए विशेष टीम गठित कर दी है। मामला लगातार गहराता जा रहा है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# ऑनलाइन उपस्थिति का सचिवों ने किया विरोध

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर खुटहन 1 दिसंबर ब्लॉक मुख्यालय पर सोमवार को ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली का सचिवों ने एक सुर में विरोध किया। वे काली पट्टी बांधकर अपना आक्रोश प्रकट करते हुए अपना काम किए। उनकी मांग थी कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। इससे कार्यों के संचालन में अनावश्यक कठिनाइयाँ बढ़ रही हैं। उनका मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण समय पर उपस्थिति दर्ज करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जिससे अनावश्यक दबाव और कार्य प्रभावित होने की संभावना बढ़ती है। विरोध प्रदर्शन के दौरान सचिवों ने कहा कि सरकार को आनलाइन प्रणाली लागू करने से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी जुटा लेनी चाहिए। रास्ता, नेटवर्क आदि व्यस्था चुस्त दुरुस्त होने के बाद ही प्रणाली लागू किया जाना चाहिए। इस मौके पर अजय मिश्रा, सिम्मी सिंह, प्रमोद यादव, अखिलेश वर्मा, कृष्ण कुमार यादव, उमेश यादव, अमित यादव आदि उपस्थित रहे।

# सभासद ने डीएम को सौंपा मांग पत्र, निर्मली कुण्ड क्षेत्र के समग्र विकास की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

नगर पालिका परिषद वार्ड नम्बर 7 सुर्तीहट्टा के सभासद रविन्द्र कुमार ने सोमवार को वार्ड की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग किया कि सुर्तीहट्टा मोहल्ला निर्मलीकुण्ड, राजाबाजार सुर्तीहट्टा में जल निकासी की समुचित स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा ऋतु में वार्ड पुरी तरह से जलमग्न हो जाता है, जिससे जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । जनमानस के आस्था का केंद्र पवित्र धार्मिक स्थल श्रीराम जानकी मन्दिर निर्मलीकुण्ड धाम परिसर में जलभराव तथा पवित्र कुण्ड में दूषित जल भराव होने के कारण जनमानस में आक्रोश है,। नई बाजार तिराहे से सुर्तीहट्टा होकर बस्ती रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क व नाली जो वर्षों पूर्व बना था पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ला निर्मली कुण्ड में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा स्थल का सुन्दीकरण कराकर पार्क नहीं बनवाये जाने तथा श्रीराम जानकी मन्दिर निर्मली कुण्ड धाम का पुनरुत्थान कराकर धाम का धार्मिक व पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित नहीं किये जाने के कारण जनमानस के आस्था पर गहरा चोट पहुंच रहा है।

डीएम को दिये मांग पत्र में सभासद रविन्द्र कुमार ने कहा है कि समस्याओं के समाधान हेतु उनके द्वारा लगातार बोर्ड की बैठको में लिखित रूप से पत्र देकर आवाज उठाने के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी से मिलकर सिफारिश किया गया किन्तु नगर पालिका परिषद द्वारा आजतक समस्या का समाधान हेतु कोई ठोस योजना नहीं बनाया गया नगर पालिका परिषद द्वारा विकास की दृष्टि से वाडों में भेदभावपूर्ण धनराशि का आवंटन किया जाता है।

उन्होने मांग किया कि जनसमस्याओं के समुचित समाधान हेतु अपने स्तर से ठोस पहल सुनिश्चित कर जनमानस को समस्याओं से मुक्ति दिलवाया जाय।

डीएम को मांग पत्र देने के दौरान सभासद के साथ भाजपा नेता विकास बरनवाल भी शामिल रहे।

# गूंजा यूपी-112 का संदेश, मदद बस एक कॉल दूर

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



उत्तर प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी-112 ने सोमवार को जनपद में तीन स्थानों पर जन जागरूकता की बात, जन जन के साथ अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं और छात्राओं को सुरक्षित रहने, साइबर अपराध से बचाव और आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराना था। पुलिस महानिदेशक यूपी-112 श्रीमती नीरा रावत के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में 112 की टीम ने कन्नौज के लोगों से संवाद कर जागरूक किया।

### आशा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सौरिख

अभियान की शुरुआत आशा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सौरिख से हुई। यहां यूपी-112 की टीम ने छात्राओं को 112 की त्वरित सहायता प्रणाली, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930 और रोड सेफ्टी के बारे में बताया। एलईडी स्क्रीन वैन के माध्यम से सुरक्षा संदेश और वास्तविक घटनाओं पर आधारित वीडियो दिखाए गए। टीम ने छात्राओं को सलाह दी कि किसी भी आपात स्थिति में बिना हिचकिचाहट तुरंत 112 डायल करें।

### महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, तिर्वा

दूसरे चरण में टीम महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, तिर्वा पहुंची। यहां टीम ने छात्राओं को बताया कि किसी भी संकट जैसे छेड़छाड़, पीछा करना, घरेलू हिंसा या संदिग्ध व्यक्ति की स्थिति में 112 डायल करने पर पुलिस सहायता तुरंत उपलब्ध होती है। इस दौरान यूपी-112 कर्मियों ने छात्र-छात्राओं से सीधे बातचीत की, उनके सवालों का जवाब दिया और उन्हें 112 की त्वरित प्रतिक्रिया और इसके काम करने के तरीके का लाइव डेमो भी दिखाया। डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर गर्वमेंट मेडिकल कॉलेज, तिर्वा में यूपी-112 टीम ने मेडिकल इमरजेंसी पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया। टीम ने बताया कि सड़क दुर्घटना, बेहोशी, आग या अचानक गिरने जैसी स्थितियों में 112 पर की गई कॉल तुरंत पुलिस, एम्बुलेंस और फायर सर्विस को एक साथ सक्रिय कर देती है, जिससे सहायता समय पर पहुंचती है। एलईडी स्क्रीन वैन पर रेस्क्यू वीडियो दिखाए गए और लाइव डेमो के माध्यम से पीआरवी की भूमिका समझाई गई। डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और छात्रों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताया।

## बगुलियायी के बजरंगबली मन्दिर में जीर्णोद्धार कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खंड तालग्राम के ग्राम सकरवारा वागुलियाई, स्थित बजरंग बली मंदिर पर चल रहे पर्यटन विकास कार्यो निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल की खिड़कियों में कांच का शीशा लगाए जाने के स्थान पर पॉलीकॉरबोन की शीट लगायी जाए। उन्होंने पूर्व में निर्मित सुलभ प्रसाधन के संचालन की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ही नवीन शौचालय का निर्माण कराए जाने और बचत के पैसे से जरूरत की अनुरूप अतिरिक्त कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में लगे बरगद आदि के पेड़ पर मिट्टी भराई/ट्री गार्ड बनाए जाने के जिला पर्यटन अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था पर्यटन विकास निगम को दिए।
इस दौरान जिला पर्यटन सूचना अधिकारी डा0 एम0 मकबूल, पर्यटन विकास निगम के जेई निशांत शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीस हजार मीट्रिक टन के सापेक्ष अब तक खरीदा गया 1212 मीट्रिक टन धान

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर धान क्रय की अवधि 01नवम्बर से दिनांक 28 फरवरी तक है। जनपद में धान क्रय हेतु 27 (खाद्य विभाग के 16. पी0सी0एफ0 के 10 व भारतीय खाद्य निगम का 01) तहसील कन्नौज में 05, तहसील तिर्वा में 06 एवं तहसील छिबरामऊ में 16 धान क्रय केन्द्र स्थापित कराये गये हैं। शासन द्वारा जनपद में और धान क्रय केन्द्रों को संचालित करने के निर्देश प्राप्त हुये है। जिलाधिकारी द्वारा 01 धान क्रय केन्द्र को विकास खण्ड हसेरन स्थानान्तरित कराया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य कामन-2369 रु. प्रति कु. व धान ग्रेड ए-2389 रू. प्रति कु (अतिरिक्त रू.-20 उतराई, छनाई के मद में) निर्धारित किया गया है।
उन्होंने कहा कि जनपद का धान क्रय लक्ष्य 30000.00 मी0टन है। जनपद में धान की उत्पादकता-39.24 कु0 प्रति हेक्टेअर है। जनपद में 12 चावल मिलें स्थापित है, जिनका भौतिक सत्यापन कराया जा चुका है तथा 07 मिलों का 22 केन्द्रों से सम्बद्धीकरण हो चुका है। जनपद में 992 किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है तथा 631 किसानों के पंजीकरण का सत्यापन हो चुका है। सीमान्त कृषको की भूमि का सत्यापन लेखपाल द्वारा, लघु कृषक एवं अन्य कृषको के तीन हेक्टेअर तक की भूमि का तहसीलदार, तीन हेक्टेअर से ऊपर तथा पाँच हेक्टेअर तक की भूमि का उप जिलाधिकारी एवं पॉच हेक्टेअर से ऊपर की भूमि का सत्यापन अपर जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। चकबन्दी ग्रामों से सम्बन्धित भूमि का सत्यापन चकबन्दी लेखपालों द्वारा किया जायेगा फिर चकबन्दी अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जायेगा। जनपद में 30 नवम्बर तक कुल 220 किसानों से 1212.98 मी0टन धान क्रय किया जा चुका है। जिनमें से 205 किसानों को रू0-268.08 लाख का भुगतान हो चुका है।
धान विक्रय करने वाले किसानों का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में पी0एफ0एफ0एस0 के माध्यम से 24 घण्टे में करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर प्रतिदिन 300 कु0 से कम खरीद न हो तथा जनपद में धान खरीद की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जाये। किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे अपने धान को सुखाकर एवं साफ सफाई करके ही क्रय केन्द्र पर लाये,
जिससे उनको धान विक्रय में असुविधा न हो। धान खरीद में किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9956199399 पर सम्पर्क कर सकते है।

# सहकारिता विभाग के अफसरों ने किया समितियों का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



ए.आर. कोऑपरेटिव राजीव लोचन शर्मा, अपर जिला सहकारी अधिकारी तिर्वा सुभाष चंद्र यादव, अपर जिला सहकारी अधिकारी छिबरामऊ मनीष कुमार गौड़ तथा अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर कन्नौज आर.एन. राणा द्वारा जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों-बलनपुर, रामपुर मझिला, नादेमऊ, ज़्देपुर्वा, प्रेमपुर, जलालाबाद, तालग्राम एवं बदलेपूर्वा का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा समितियों पर कृषकों को उर्वरक वितरण कराना सुनिश्चित किया गया तथा सभी सचिवों को निर्देशित किया गया कि टोकन व्यवस्था के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता, सुव्यवस्था एवं बिना किसी असुविधा के उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। अधिकारियों ने कृषकों से सीधी वार्ता कर उन्हें आश्वस्त किया कि जनपद में यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। कृषकों को सलाह दी गई कि वे फसलों की आवश्यकता एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा निर्धारित मानक मात्रा के अनुसार ही उर्वरक का उपयोग करें।
वर्तमान में जनपद के 56 सहकारी बिक्री केदो पर कुल 524 मेट्रिक टन यूरिया, 896 मेट्रिक टन डीएपी एवं 770 मेट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है तथा जनपद के बफर स्टॉक में भी पर्याप्त मात्रा में समस्त उर्वरक उपलब्ध हैं। कृषकगण अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सहकारी बिक्री केंद्रों पर जाकर नियमानुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

# खाटू श्याम खाद भंडार का उर्वरक बिक्री लायसेंस निलम्बित

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने अपर जिला सहकारी अधिकारी, छिबरामऊ एवं आदित्य कुमार सहायक विकास अधिकारी (कृषि) छिबरामऊ के साथ साधन सहकारी समिति, प्रेमपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सचिव ब्रजेश कुमार एवं अध्यक्ष राम बक्स लोधी मौके पर उपस्थित थे। समिति पर यूरिया 1049 बोरी की उपलब्धता पायी गयी, जिसमे से 100 बोरी यूरिया का वितरण मौके पर उपस्थित कृषक कमलेश कुमार पुत्र छक्कू लाल निवासी ग्राम ठिपारी, सत्यप्रकाश निवासी ग्राम जमामर्दपुर, नारायण सिंह निवासी ग्राम मानपुर आदि को नियमानुसार उनकी जोत एवं फसल मानक के अनुसार कराया गया। जिला कृषि अधिकारी ने मैं0 खाटू श्याम खाद भण्डार, शंकरपुर रोड छिबरामऊ के प्रतिष्ठान का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान पर 162 बोरी यूरिया मौके पर पायी गयी। जिसे उपस्थित कृषकों में आधार एवं जोत के अनुसार लाइन लगवाकर वितरण कराया गया। मैं0 खाटू श्याम खाद भण्डार के प्रतिष्ठान पर स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड एवं वैनर आदि में कमियां पायी गयी। जिसके कारण उक्त प्रतिष्ठान का उर्वरक लाइसेन्स निलंबित किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि किसान भाई आधार एवं खतौनी ले जा कर सम्बन्धित सहकारी एवं निजी उर्वरक केन्द्रों से आवश्यकतानुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। जनपद में यूरिया 9404.48 मी0टन, डी0ए0पी0 6485.40 मी0टन, एन0पी0के0 8178.04 मी0टन, पोटास 1488.02 मी0टन एवं एस0एस0पी0 3198.71 मी0टन उर्वरकों की उपलब्धता है।

## यातायात को लेकर उप महानिरीक्षक ने की बैठक, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। यातायात एवं सड़क सुरक्षा के पुलिस उप महानिरीक्षक अरविन्द मौर्य ने पुलिस लाइन सभागार में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से गठित क्रिटिकल कारिडोर टीम के कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनपदीय स्टेक होल्डर्स एन.एच.ए.आई., पी.डब्लू.डी, स्वास्थ्य विभाग एवं एन.आई.सी. के नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा ब्लैक स्पॉट चिह्नीकरण और सुधार, जन जागरूकता अभियान, यातायात उपकरणों की समीक्षा, प्रवर्तन कार्रवाई जैसे ओवरस्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग, और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करने, बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे सड़कों पर चेतावनी संकेतों, रोड मार्किंग, और आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई तथा सभी स्टेक होल्डर्स एवं सीसी टीमों को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जनपद को सुरक्षित बनाने में सक्रिय रहकर समन्वित रूप से कार्य करने के दिशा निर्देश दिये गये।

# पी.एम. पोषण योजना में प्रत्येक सोमवार को दिए जा रहे मौसमी फल



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। जनपद के सभी विद्यालयों में प्रत्येक सोमवार को विद्यार्थियों को ताजे, स्वच्छ और पौष्टिक मौसमी फल वितरित किए जा रहे हैं। यह बच्चों के समग्र शारीरिक विकास, कुपोषण उन्मूलन, और स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जनपद के कुल 1576 शिक्षण संस्थानों में से 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, 60 इंटर कॉलेज,13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय तथा 01 संस्कृत विद्यालय में नियमित रूप से मौसमी फल वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि पी.एम. पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अंतर्गत प्रदान किए जा रहे निर्धारित मेनू के साथ फल वितरण शामिल होने से बच्चों के पोषण मानकों में बेहतर सुधार देखने को मिलेगा। यह कदम विद्यालयों में पोषण समृद्ध वातावरण तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।
उन्होंने यह भी बताया कि यह पहल न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में सहायक होगी, बल्कि उन्हें फल खाने की अच्छी आदत विकसित करने और स्वस्थ भविष्य की नींव रखने में भी मददगार होगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ग्राम विकास अधिकारी और पंचायत अधिकारियों का सत्याग्रह आंदोलन शुरू

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारी और पंचायत अधिकारियों ने विकासखंड कार्यालय में सोमवार को काली पट्टी बांधकर सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया। उनका विरोध शासन द्वारा एफआरएस प्रणाली में दिन में तीन बार उपस्थिति देने के निर्देश एवं अतिरिक्त विभागीय कार्यों के खिलाफ है। कार्यालय में गठित ब्लॉक समन्वय समिति में दिलीप कुमार मिश्र को अध्यक्ष और आशीष पटेल को मंत्री चुना गया। दिलीप मिश्र ने बताया कि सत्याग्रह के दौरान सरकारी कार्य नहीं रोके जाएंगे और आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा, जबकि 5 दिसंबर को विकासखंड कार्यालय में सांकेतिक धरना होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। कर्मचारियों ने 10 दिसंबर से इंजन चालित वाहनों का उपयोग बंद करने तथा क्षेत्र भ्रमण के लिए साइकिल या सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने का संकल्प लिया है। 15 दिसंबर से ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर भुगतान के लिए उपलब्ध डोंगल भी वापस करने की बात कही। समिति की मांग है कि उपस्थिति प्रणाली को सरल, एकसमान और सभी के लिए सहूलियत वाला बनाया जाए। वे जटिल भुगतान प्रक्रिया की जगह राजस्व विभाग जैसी आसान भुगतान प्रणाली चाहते हैं। साथ ही फील्ड कार्य के लिए यात्राभत्ते की बजाय मोटरसाइकिल भत्ता और सरकारी मोबाइल, डाटा और रिचार्ज की सुविधा देने की भी मांग की गई है। इस दौरान आदित्य शुक्ला, आशीष पटेल, धीरज यादव, सुशील कुमार, राव विक्रम सिंह, शिव दत्त तिवारी, सर्वेश बाजपेई, राकेश यादव, सुब्रत कुमार, कविता गौतम एवं प्रदीप यादव मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह और सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार भी आंदोलन का समर्थन करते हुए उपस्थित थे।

### डिवाइडर से टकरायी बाइक, युवक गम्भीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। कोतवाली बड्डूपुर के सामने सोमवार दोपहर को मोटरसाइकिल सवार डिवाइडर से टकरा गया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली बड्डूपुर वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अब्दुल हसीब उम्र करीब (35) वर्ष पुत्र मोहम्मद शफीक ग्राम भटपुरवा कोतवाली थानगांव जिला सीतापुर निवासी सोमवार दोपहर बाइक से किसी कार्य से लखनऊ को जा रहा था। बाइक की स्पीड काफी तेज होने से कस्बा बड्डूपुर में थाने के सामने बने डिवाइडर में उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज आवाज के साथ डिवाइडर से टकरा गई। बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि अब्दुल हसीब सड़क पर डिवाइडर के दूसरी पटरी के बाहर जा कर गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोहम्मद हबीब को अपनी सरकारी गाड़ी में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया। वहां पर उपस्थित डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए। इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### गोप के आवास पर बैठक, हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सोमवार को सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप के आवास पर एक बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज ने की। बैठक में एसआईआर फार्म के भरने को लेकर कार्यकर्ताओं को जागरुक किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा, नगर पंचायत सतरिख के चेयरमैन रेहान कामिल के अलावा अन्य नगर पंचायतो के पदाधिकारी व नगर के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। राष्ट्रीय सचिव ने एसआईआर फार्म भरने में नागरिकों की सहायता करने की बात कही। इस मौके पर नगर पंचायत बेलहारा चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज खान, मुन्ना राईन, अजय वर्मा बबलू, जफरुल इस्लाम, सलमान, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

### अधीक्षक ने किया बूथों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने महमूदाबाद पंचायत भवन पर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ, आशा बहुओं और सीएचओ को एसआईआर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सोमवार को डॉ. सिंह मौलाबाद पंचायत भवन पहुंचे। उन्होंने वहां कार्यरत बीएलओ से एसआईआर कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। अधीक्षक ने कहा कि कार्य तेजी से चल रहा है और सभी को इसे और गति देनी चाहिए। उन्होंने डिजिटाइजेशन और मैपिंग का कार्य समय पर पूरा करने तथा किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने पर जोर दिया।

# गौ वंश की देखभाल ठीक ढंग से हो

**पशुओं को भूसे के साथ हरा चारा खली चोकर पशु आहार मिलाकर अवश्य दिया जाए- जिलाधिकारी**



- जिलाधिकारी ने नगर पालिका उन्नाव गौशाला का निरीक्षण कर देखा, गौशाला में पशुओं को ठंड से बचाव के इंतजाम, हरा चारा, खली चोकर, पशु आहार भूसा की उपलब्धता का निरीक्षण कर गौ वंश के बेहतर देख भाल के प्रति अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उन्नाव को चेताया
- गौशाला में हो को गौवंश को ठंढ़ से बचाव के बेहतर इंतजाम, न हो कोई लापरवाही,ठंढ़ से बचाव के लिए गौशाला को तिरपाल से ढक कर रखें - जिलाधिकारी
- गौ वंश की देखभाल ठीक ढंग से हो,पशुओं को भूसे के साथ हरा चारा खली चोकर पशु आहार मिलाकर अवश्य दिया जाए- जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सोमवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा नगर पालिका परिषद उन्नाव गौशाला का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर गौशाला में पशुओं को ठंड से बचाव के इंतजाम, हरा चारा, खली चोकर, पशु आहार, भूसा पानी सहित अन्य गौशाला की आवश्यक व्यवस्थाओं का मौके पर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव को निर्देशित करते हुए कहा कि ठंड के अभाव में पशुओं को कोई भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए चारों ओर से गौशाला को तिरपाल से ढक कर रखा जाए। पशुओं को ठंड के अभाव में कोई भी दिक्कत हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बीमार पशुओं का इलाज समय से हो जाए यह विशेष ध्यान दिया जाए। कहा गौशाला में खली चोकर भूसा पर्याप्त मात्रा में हो साथ ही भूसा के साथ पशुओं को हरा चारा खली चोकर पशु आहार मिलाकर अवश्य दिया जाए। कहा कि गौ वंश की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो या विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित पेड़ काट ले गए लकड़कट्टे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर वन रेंज में शीशम के हरे-भरे के पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आया है। जिले के सुढ़ियामऊ क्षेत्र में लकड़कट्टे ने वन क्षेत्र बिलौली मजरे मीरपुर में प्रतिबंधित हरे-भरे शीशम के पेड़ खुलेआम काटकर गायब कर दिया। हैरानी की बात यह कि पेड़ के ठूंठ पर पुआल जलाकर सबूत तक मिटाने की कोशिश की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम निवासी एक व्यक्ति की बाग में लगे तीन हरे शीशम के पेड़ों को बीती रात लकड़ी ठेकेदार द्वारा काटकर ठिकाने लगा दिया गया। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहां आए दिन लकड़ी कटती है, लेकिन विभाग को भनक भी नहीं लगती... या फिर अनदेखी की जाती है। मामले में वन क्षेत्राधिकारी पी.के. सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है जांच करवा कर कार्रवही की जाएगी। बड़ा सवाल यह है कि आखिर लकड़ी ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए कि प्रतिबंधित शीशम के पेड़ काटकर न सिर्फ लकड़ी गायब कर दी।

## आशा बहुओं की कलम बंद हड़ताल समाप्त

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। विकासखंड में कार्यरत आशा बहू मानदेय, भुगतान न होने की दशा में नवम्बर में कलम बंद हड़ताल पर चल रही थी। नेशनल हेल्थ मिशन के उच्च अधिकारियों के साथ हुई बातचीत में सकारात्मक सहमति के बाद आशा बहू कल्याण समिति ने हड़ताल को वापस लेने का लिखित पत्र अधीक्षक को सौंपा है। नवाबगंज विकासखंड में कार्यरत आशा बहू ने मानदेय वृद्धि, लंबित भुगतान आदि समस्याओं के लिए आशा बहू कल्याण समिति के बैनर तले बीते 29 अक्टूबर को 1 नवंबर से कलम बंद हड़ताल की घोषणा की थी। आशा बहू कल्याण समिति की नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष उमा देवी ने बताया कि आशा बहुओं के लंबित भुगतान, मानदेय वृद्धि समेत अन्य समस्याओं के समाधान के लिए वह सभी 1 नवम्बर से कलम बंद हड़ताल पर थी। बताया कि बीते 28 नवम्बर को नेशनल हेल्थ मिशन के महानिदेशक समेत अन्य अधिकारियों के साथ आशा बहुओं की मांगों पर वार्ता हुई। जिसमे लंबित भुगतान, मानदेय वृद्धि समेत अन्य समस्याओं पर सकारात्मक सहमति बनी है। बताया कि जिसके बाद आशा बहू कल्याण समिति ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा की है। सोमवार को नवाबगंज सीएचसी में आशा बहुओं ने अधीक्षक डॉ.पंकज वर्मा को हड़ताल समाप्ति का सहमति पत्र सौंपा। इस दौरान बीसीपीएम संगीता गौतम, समिति उपाध्यक्ष कमलेश कुमारी, कोषाध्यक्ष शैली सिह, उपसचिव अनीता, मांडवी, श्रीमती देवी, गायत्री, शीलम तिवारी, रूपरानी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया बिजली बिल राहत योजना शिविर रोहली का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खंड तालग्राम के ग्राम रोहली में आयोजित बिजली बिल राहत योजना-2025-26 कैम्प का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली बिल राहत योजना आज एक दिसंबर से प्रारंभ हो गई है। बकायेदारों को एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसमें मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी दी गई है। कहा कि यह छूट तीन चरणों में दी जाएगी। 01 दिसम्बर से 31 दिसंबर 2025 तक पंजीकरण कराने पर मूलधन में 25 प्रतिशत, 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक पंजीकरण कराने पर 20 प्रतिशत तथा 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पंजीकरण कराने में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होनें निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बकायेदारों को इस योजना का लाभ दिया जाए।
इस दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत अशोक ने बताया कि जनपद में 139166 बकायेदार उपभोक्ता हैं, जिन पर 437.025 करोड़ रूपये बकाया है। जनपद में कनेक्शन के बाद बिल न जमा करने वाले कुल 57472 उपभोक्ता है जिन पर रूपये 207.44 करोड़ रूपये बकाया है। इसी प्रकार जनपद में लम्बे समय से बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 81694 है, जिन पर रूपये 229.81 करोड़ बकाया है। छूट योजना में उपभोक्ता यदि एक बार में पूरा बकाया जमा करते हैं तो उन्हें बकाये पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट व मूलधन में भी 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में राजस्व निर्धारण धनराशि पर भी छूट देने का प्रावधान किया गया है। यह योजना 2 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं और 01 किलोवाट तक वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए है।

## उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत, हजारों का बकाया हुआ माफ

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज सोहरामऊ प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई विद्युत बिल राहत योजना 2025-26 के अंतर्गत सोहरामऊ उपकेंद्र से संबद्ध विशेष कैंप का आयोजन शुक्रवार को सोहरामऊ मार्केट में किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने हिस्सा लिया और अपने बकाया बिलों पर मिलने वाली छूट का लाभ उठाया।कैंप का निरीक्षण मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ के नोडल अधिकारी इंजीनियर आनंद कुमार कनौजिया ने किया। उन्होंने कैंप की व्यवस्थाओं, उपभोक्ताओं के पंजीकरण कार्य तथा बिल निस्तारण की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी पहुँचाई जाए, ताकि पात्र उपभोक्ता समय पर अपनी छूट प्राप्त कर सकें।कैंप में कुल 15 उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिलों की जाँच की गई। इन उपभोक्ताओं पर कुल देयक 3,48,588 था। सरकार की राहत योजना के तहत इन्हें 2,42,655 की बड़ी छूट प्रदान की गई, जिसके बाद उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कर अपना शेष बिल जमा किया। उपभोक्ताओं ने बताया कि योजना से उन्हें काफी राहत मिली है और पुराने बिल जमा करना संभव हो सका है।उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप अजगैन उन्नाव ने सभी बकाया उपभोक्ताओं, नेवर-पेड तथा लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का प्रतिदिन संचालित कैंपों में पहुँचकर लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही यह सुविधा सीमित समय के लिए है, इसलिए अधिक से अधिक लोग लाभ लेकर अपने बिजली बिलों का भार कम करें। स्थानीय लोगों ने कैंप आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी और लोग बिजली बिल जमा करने के प्रति अधिक जिम्मेदार होंगे। अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में भी ऐसे कैंपों का आयोजन जारी रहेगा।

# प्रधानमंत्री सबसे बड़े ड्रामेबाज

## पीएम के बयान पर मल्लिकार्जुन खरगे का पलटवार, असल मुद्दों पर चर्चा करें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की।



### 'खुद नारे लगा रहे और हमें नारे न लगाने की सलाह दे रहे'

प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, जब भी आप कोई बयान दें तो कम से कम ये सोचकर बोलें कि आप लोग क्या कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नारेबाजी की बात करते हैं, लेकिन मोदी-मोदी के नारे लगाकर भाजपा ने ही शुरू की। जब पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेता प्रधानमंत्री थे, क्या तब ऐसी चीजें होती थीं? क्या लोग सदन में घुसते समय उनके नाम के नारे लगाते थे? विपक्ष का काम सरकार की नीतियों की आलोचना करना है। लेकिन सरकार नारे लगा रही है और फिर हमें नारे न लगाने की सलाह दे रही है।

### 'संसद में जनता के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं'

पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, चुनाव की स्थिति, एसआईआर, प्रदूषण बड़े मुद्दे हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। संसद फिर किसलिए हैं? ये कोई ड्रामा नहीं है। मुद्दों को उठाना और उन पर बात करना ड्रामा नहीं है। जनता के लिए अहम मुद्दों पर लोकतांत्रिक चर्चा कोई ड्रामा नहीं है।

### खरगे बोले, ड्रामा खत्म करके असल मुद्दों पर चर्चा करें

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है। खरगे ने कहा कि सरकार बीते 11 वर्षों से लगातार संसदीय मर्यादा और व्यवस्था को रौंद रही है और ऐसी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त मौजूद है। खरगे ने लिखा, भाजपा को अब लोगों का ध्यान भटकाने वाले इस ड्रामे को खत्म करके संसद में असल मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए और लोगों का सामना करना चाहिए।

### बोझ के कारण बीएलओ लगातार जान दे रहे: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आम आदमी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता और देश के संसाधनों की लूट से जूझ रहा है। जो लोग सत्ता में हैं, वे ड्रामेबाजी का खेल खेल रहे हैं और सत्ता के अहंकार से भरे हैं। खरगे ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया में काम के बोझ के कारण बीएलओ लगातार जान दे रहे हैं। विपक्ष, वोट चोरी सहित अन्य मुद्दों को प्राथमिकता देना चाहता है और संसद में हम इसे लगातार उठाएंगे।

### पीएम मोदी के इस बयान से बिफरी कांग्रेस

संसद सत्र की शुरुआत में मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरा आग्रह रहेगा कि संसद में चर्चा को गंभीरता से लें, ड्रामा करने के लिए बहुत जगह होती है, जिसे करना है करता रहे, यहां ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। नारे के लिए पूरा देश पड़ा है, जहां हारे वहां बोल चुके और जहां हारने जा रहे हैं, वहां भी बोल लेना। यहां नारे नहीं नीति पर बात होनी चाहिए। हो सकता है कि राजनीति में नकारात्मकता कुछ काम आती होगी लेकिन राष्ट्र निर्माण की सोच भी होनी चाहिए। नकारात्मकता को मर्यादा में रखकर राष्ट्र निर्माण पर ध्यान दें।

# वित्तीय राजधानी भी प्रदूषण की चपेट में

## दिल्ली के बाद अब मुंबई में भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते देश की वित्तीय राजधानी मुंबई की भी सांसें फूल रही हैं। ऐसे में सरकार ने मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके साथ ही मुंबई भी दिल्ली के साथ उन शहरों की सूची में शामिल हो गया है, जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं।

### प्रदूषण वाले इलाकों में निर्माण कार्यों पर लगी रोक

बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है। 50 से ज्यादा निर्माण स्थलों को काम रोकने के नोटिस जारी किए गए हैं। बेकरी और मार्बल कटिंग यूनिट्स समेत छोटे उद्योगों को साफ प्रक्रिया अपनाने या फिर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के तरीकों को लागू करने और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए हैं। इन स्क्वॉड में इंजीनियर, पुलिसकर्मी और जीपीएस-ट्रैक गाड़ियां शामिल हैं और ये प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं। प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसमें चार चरण हैं। इनमें प्रदूषण को कम करने के लिए उपाय किए जाते हैं, जिसमें कई तरह की पाबंदियां लगाई जाती हैं। ग्रेप का चौथा चरण लागू होने के बाद सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी जाती है। 10वीं और 12वीं के स्कूलों को छोड़कर सभी स्कूलों पर बंद कर दिया जाता है। साथ ही सरकारी और प्राइवेट कार्यालयों में घर से काम करने के निर्देश दे दिए जाते हैं। ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर भी रोक लगा दी जाती है। पिछले कुछ हफ्तों में, मुंबई के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता इंडेक्स बहुत खराब और गंभीर कैटेगरी में रिकॉर्ड किया गया है। दिल्ली के लोगों की तरह ही, मुंबई में भी लोगों ने आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और गले में खराश की शिकायत की है। कई सेलिब्रिटी भी मुंबई की खराब वायु गुणवत्ता को लेकर अपनी नाराजगी जता चुके हैं और सरकार से प्रदूषण से निपटने के लिए कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियां भी इस मुद्दे पर सरकार को घेर रही है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी बढ़ते प्रदूषण पर जताई चिंता

बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर चिंता जाहिर की। बीते हफ्ते उच्च न्यायालय की पीठ ने एक पांच सदस्यीय टीम के गठन का निर्देश दिया, जो शहर के चुने हुए इलाकों में जाकर निर्माण स्थलों की जांच करेगी और यह जांचेगी कि बीएमसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन हो रहा है या नहीं। हाईकोर्ट ने दस दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया है। हाईकोर्ट द्वारा गठित टीम में बीएमसी, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल, राज्य के स्वास्थ्य विभाग और नागरिक समाज के सदस्य शामिल होंगे। यही टीम तय करेगी कि किन जगहों की जांच की जानी है।

# एसआईआर के मुद्दे पर भाजपा को घेरने की तैयारी चुनावी मोड में धड़ाधड़ रैलियां कर रहीं ममता बनर्जी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

बंगाल में जारी एसआईआर का ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी द्वारा विरोध किया जा रहा है। हालांकि विरोध के बावजूद एसआईआर की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। ऐसे में अब ममता बनर्जी ने एसआईआर की धार को कुंद करने के लिए जनमत जुटाने का फैसला किया है। इसी के तहत ममता बनर्जी चुनावी मोड में लगातार रैलियां करने जा रही हैं। इस हफ्ते ममता बनर्जी मालदा और मुर्शिदाबाद में विशाल रैलियां करेंगी और फिर अगले हफ्ते कूच बिहार में एक बड़ी रैली को संबोधित कर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश करेंगी।

### एसआईआर के मुद्दे पर भाजपा को घेरने की तैयारी

गौरतलब है कि इससे पहले ममता बनर्जी ने बीते हफ्ते बोनगांव में एसआईआर के खिलाफ रैली की थी। यह रैली मतुआ समुदाय के प्रभाव वाले इलाके में की गई, जो एसआईआर को लेकर डरे हुए हैं। रैली के दौरान ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि एसआईआर का इस्तेमाल परिवारों को डराने के लिए किया जा रहा है। टीएमसी ने जिला स्तर पर भी एसआईआर के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। टीएमसी नेताओं ने बताया कि ममता बनर्जी 3 और 4 दिसंबर को मालदा और मुर्शिदाबाद में रैलियों को संबोधित करेंगी। वहीं 9 दिसंबर को कूच बिहार में रैली करेंगी। ये तीनों ही जिले सीमावर्ती है और यहां पर बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय, प्रवासी और विस्थापित लोग रहते हैं। इन समुदायों में एसआईआर को लेकर ज्यादा आशंकाएं हैं। यही वजह है कि टीएमसी लोगों के इस डर और आशंका को भुनाने और 2026 के विधानसभा चुनाव में फायदा लेने की कोशिश कर रही है। इन रैलियों को टीएमसी के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है।

### संगठन के स्तर पर भी सक्रिय हुई टीएमसी

मालदा की रैली गजोले में और मुर्शिदाबाद की बेहरामपुर स्टेडियम में होनी है। वहीं 9 दिसंबर को ऐतिहासिक रास मेला मैदान में होने वाली कूच बिहार रैली को ममता बनर्जी की सबसे बड़ी लामबंदी के तौर पर पेश किया जा रहा है। तैयारियों की घोषणा करते हुए, जिला टीएमसी अध्यक्ष अभिजीत डे भौमिक ने बताया कि 1 दिसंबर को ब्लॉक अध्यक्षों के साथ एक आपात बैठक होगी, जिसके बाद 2 दिसंबर को रवींद्र भवन में जिला स्तर पर तैयारी का सत्र आयोजित होगा, जिसमें मंत्री, पार्टी सांसद और विधायकों के साथ ही पार्षद और पंचायत अधिकारी मुख्यमंत्री की रैली की योजना पर चर्चा की जाएगी।



# कमजोर हुआ 'दित्वाह'

## श्रीलंका में फंसे भारतीयों का आखिरी बेड़ा सुरक्षित वापस आया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दित्वाह अब कमजोर होकर गहरे दबाव में बदल गया है और उत्तर दिशा में 10 किमी/घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार रात दो बजे जारी अपडेट के अनुसार, गहरे दबाव का केंद्र तमिलनाडु और पुडुचेरी तट से करीब 50 किमी दूर था। इस बीच उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। वहीं आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने बताया कि तमिलनाडु में बारिश से जुड़ी तीन मौतें हुई हैं।

### कोलंबो से फंसे भारतीय घर लौटे

इसी बीच श्रीलंका के कोलंबो के बंदरनाइक इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों का अंतिम बेड़ा आज भारत पहुंच गया। भारतीय वायु सेना के विमान से 104 भारतीय यात्री सुबह करीब 6.30 बजे त्रिवेंद्रम (तिरुवनंतपुरम) पहुंचे। यह वापसी ऑपरेशन सागर बंधु के तहत की गई, जिसका उद्देश्य विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित घर लाना है।

### तमिलनाडु और पुडुचेरी में स्कूल बंद हैं या नहीं?

अपडेट के अनुसार तमिलनाडु के कुछ जिलों में पहले ही स्कूल-कॉलेज बंद किए गए थे, लेकिन एक दिसंबर के बाद की स्थिति को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। छात्रों को अपने स्कूलों से सीधे जानकारी लेने को कहा गया है। पुडुचेरी में सभी निजी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल-कॉलेज सोमवार (1 दिसंबर) को बंद रहेंगे। यह जानकारी पुडुचेरी के गृह एवं शिक्षा मंत्री ए नमशिवायम ने दी।

# दवा मार्केटेड कंपनियों पर सख्ती: बिना लाइसेंस उत्पाद बेचने पर रोक की तैयारी, हर कंपनी को लेना होगा अलग परमिट



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। पहली बार दवा मार्केटिंग कंपनियों पर भी लाइसेंस का नियम लागू होगा। ये वही कंपनियां हैं जो अपनी दवाइयों को मार्केटेड वाय शब्द का इस्तेमाल करते हुए बेचती हैं। औषधि परामर्शदात्री समिति ने सिफारिश की है कि अब कोई भी मार्केटर बिना लाइसेंस दवा बाजार में नहीं बेच सकेगा। मार्केटर मतलब वह कंपनी जो खुद दवा नहीं बनाती, लेकिन अपने नाम से बाजार में बेचती है। अभी तक सिर्फ निर्माण कंपनियों पर सीधा नियमन होता है लेकिन दवा को मार्केट करने वाली कंपनियां किसी नियंत्रण ढांचे में नहीं आती। ये खुद दवा नहीं बनातीं, लेकिन उनके नाम से हजारों ब्रांड बाजार में उपलब्ध हैं। सरकार के पास इनका कोई केंद्रीकृत रिकॉर्ड नहीं है।

### ऐसे बदलेगा सिस्टम

समिति के वरिष्ठ सदस्य ने नए प्रावधानों के बारे में बताया कि अब हर दवा मार्केटिंग कंपनी को अलग लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। लाइसेंस में कंपनी का पता, बोर्ड, जिम्मेदार अधिकारी जैसी पूरी जानकारी देनी होगी। कंपनी को अपने सभी मार्केटेड ब्रांडों की सूची सरकार को देनी होगी। इससे ट्रेसिंग आसान होगी। इससे दवा में गुणवत्ता गड़बड़ी हो तो जिम्मेदारी तय की जा सकेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि समिति की सिफारिश के आधार पर जल्द ही केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ड्राफ्ट नोटिफिकेशन तैयार करेगा जिसे राज्यों और उद्योग संगठनों के साथ साझा किया जाएगा। अंतिम मंजूरी के बाद यह नियम पूरे देश में लागू हो जाएगा।

# कोलकाता में बीएलओ का भारी विरोध प्रदर्शन, निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर हुआ खूब हंगामा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। बूथ लेवल अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के चलते उन्हें अमानवीय तनाव झेलना पड़ रहा है।

# अधिग्रहित जमीन पर एक समान मुआवजा नीति हो लागू



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट हरंदीपुरम इन दिनों गाज़ियाबाद में विकास की नई कहानी लिखने जा रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित इस मेगा प्रोजेक्ट में प्रथम चरण में पाँच गांव नगला फिरोज, मोहनपुर, चंपत नगर, शमशेरगढ़ और भनेड़ा की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। द्वितीय चरम में 3 गांव अधिग्रहण किए जायेंगे। लेकिन विकास की इस दौड़ के बीच गांवों की आवाज भी बुलंद होती जा रही है। किसानों द्वारा सरकार से मुआवजा पॉलिसी एक समान हो, सबको बराबर दर मिले ऐसी मांग उठने लगी है। गाजियाबाद के हरनंदीपुरम योजना के आने वाले गांवों के किसानों ने कहा कि गांव के लोग अपनी ज़मीन देकर शहर के विस्तार में योगदान तो देना चाहते हैं, लेकिन उनका कहना है कि अधिग्रहण मुआवजा दरें स्पष्ट, न्यायसंगत और एक समान होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही प्रोजेक्ट के लिए अलग अलग गांवों में मुआवजे की दर अलग नहीं होनी चाहिए। जिन किसानों की ज़मीन मुख्य सड़क या विकसित इलाके के पास है, उन्हें कम दर पर भुगतान मिल रहा है, जबकि दूसरी तरफ के गांवों को अलग रेट्स बताए जा रहे हैं। एक किसान की बात में दर्द साफ झलका उन्होंने रोए स्वर में कहा हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन हमें भी हमारी ज़मीन का सही मूल्य मिलना चाहिए। एक ही प्रोजेक्ट है, तो मुआवजा भी एक जैसा होना चाहिए।

### क्यों जरूरी है एक समान मुआवजा नीति?

- **भरोसा कायम होता है:** ग्रामीणों में असमानता की भावना समाप्त होती है।
- **विवाद कम होते हैं:** अधिग्रहण प्रक्रिया सरल और तेजी से पूरी होती है।
- **कानूनी बाधाएँ घटती हैं:** कोर्ट में जाने की नौबत कम पड़ती है।
- **प्रोजेक्ट डेडलाइन प्रभावित नहीं होती:** काम समय पर पूरा किया जा सकता है।
- **सरकार की छवि मजबूत होती है:** समान विकास का संदेश जाता है।

### ग्रामीणों की मांगें

**गांवों की संयुक्त समिति ने निम्न मांगें रखी हैं...**

- हर गांव के लिए भूमि का एक समान रेट घोषित किया जाए
- वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप उचित अधिग्रहण मुआवजा दिया जाए
- विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास नीति में सुधार किया जाए
- हर प्रभावित गांव में जीडीए द्वारा जन-सुनवाई कर स्पष्ट जानकारी साझा की जाए
- मुआवजा भुगतान की समयसीमा तय की जाए।

# अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार कार रेलिंग तोड़ते हुए हुई दुर्घटना ग्रस्त, पिता की मौत पुत्र की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

सिहानी गेट थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए भयावह सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। रात करीब तीन बजे तेज रफ्तार से जा रही एक कार अचानक फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 50 फीट नीचे जा गिरी। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े, जहां कार क्षत-विक्षत हालत में पड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में दो लोग सवार थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। दोनों को गंभीर अवस्था में तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जागृति विहार, संजय नगर



सेक्टर-23 निवासी राकेश के रूप में हुई है। हादसे में उनका बेटा प्रिंस गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है । प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि कार प्रिंस चला रहा था। देर रात ड्राइविंग के दौरान शायद उसे नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी। पुलिस के अनुसार वाहन की स्पीड काफी अधिक थी, जिस कारण टक्कर का असर बेहद घातक रहा। फ्लाईओवर से नीचे गिरने के बाद कार बुरी तरह टूट चुकी थी। लोहे की रेलिंग करीब 20 मीटर तक उखड़ गई। हादसे के बाद फ्लाईओवर के ऊपर और नीचे लंबी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने वाहन को क्रेन से हटवाकर कब्जे में ले लिया है। घटनास्थल का मुआयना कर दुर्घटना के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। थाना सिहानी गेट प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नींद की झपकी और तेज रफ्तार इसकी वजह है। घायल का उपचार कराया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में पर्यटन



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

बुंदेलखंड अपनी ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। कुछ वर्ष पहले तक यहां का पर्यटन अपेक्षित था। पानी का संकट यहां की स्थाई पहचान जैसा हो गया था। अब इस नकारात्मक चर्चा से बुंदेलखंड मुक्त हो चुका है। सकारात्मक माहौल में पर्यटन का विकास हो रहा है। झांसी, ललितपुर,महोबा, चित्रकूट,हमीरपुर, जालौन और बांदा पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध हैं। झांसी का किला तो ऐतिहासिक गौरव का स्थल है। सभी प्रकार के पर्यटन स्थलों का विकास हो रहा है। कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि विकास के विविध आयाम होते है। इसमें जन समस्याओं का समाधान भी समाहित है। जन सूचना अधिकारियों को इसके प्रति पूरी जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं पर क्रियान्वयन हो रहा है। एडवेंचर स्पोर्ट्स जंगल सफारी वॉटर स्पोर्ट्स तक नाइट सफारी को विकसित किया जा रहा है। ललितपुर का माताटीला, राजघाट शजनम, रोहणी,शहजाद, जामनी, गोविंद सागर बांध पर्यटन की दृष्टि से आकर्षक हैं। गुप्त काल से अठाहरवीं सदी के ऐतिहासिक व पुरातात्विक स्थल भी है। बुंदेलखंड में पानी के संकट को दूर करने के लिए कई बांधों का निर्माण करवाया गया। झांसी में बेतवा नदी पर सुकवां डुकवां बांध बनाया गया। बांदा जिले में रक्सी बांध और मडौली झील है। केन नदी किनारे छेहराव गांव में पक्षी विहार है। चित्रकूट का धार्मिक पर्यटन प्रसिद्ध है। हमीरपुर जिले में ब्रह्मानंद बांध। महोबा जिला अर्जुन सागर बांध, ककरामाठ मंदिर, सूर्य कुंड मंदिर, विजय सागर पक्षी विहार सहित अनेक पर्यटन स्थल हैं।

# राज्य निर्वाचन आयोग पर भड़के सीएम फडणवीस, बोले, पता नहीं किससे सलाह ले रहा आयोग?

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर आगामी निकाय चुनाव स्थगित होने पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग का चुनाव स्थगित करने का फैसला पूरी तरह से गलत है। पैठण में मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि अंतिम समय में चुनाव स्थगित करना उन उम्मीदवारों के साथ अन्याय है, जो नामांकन की पूरी प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं।

### निर्वाचन आयोग के फैसले से सीएम ने जताई नाराजगी

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, विचाराधीन याचिकाओं के चलते कुछ जगहों पर निकाय चुनाव स्थगित करने का फैसला अन्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग के चुनाव स्थगित करने के फैसले की वैधानिकता पर सवाल खड़े किए। सीएम ने कहा, मुझे नहीं पता कि निर्वाचन आयोग किससे सलाह ले रहा है, लेकिन जहां तक मुझे कानून का पता है, अगर कोई अदालत गया है तो इसके चलते चुनाव स्थगित नहीं किए जा सकते। राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को होने वाले निकाय चुनाव को कुछ जगहों पर स्थगित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, कोई उम्मीदवार अगर नामांकन खारिज होने के चलते अगर अदालत गया है तो आखिरी समय पर चुनाव को ही स्थगित कर देना अन्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र निकाय है और ये फैसला लेना उसका अधिकार है, लेकिन चुनाव को स्थगित करना पूरी तरह से गलत है। फडणवीस ने इस मामले को चुनाव आयोग के सामने उठाने की बात भी कही। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी राज्य निर्वाचन आयोग के फैसले की आलोचना की और कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कभी भी चुनाव स्थगित नहीं किए गए हैं।



### 'पिछली सरकारों ने शहरों को नजरअंदाज किया'

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को दावा किया कि पिछली सरकारों ने शहरों के विकास को नजरअंदाज किया, और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरी इलाकों के लिए योजनाएं शुरू कीं, क्योंकि देश की जीडीपी का 65 प्रतिशत वहीं से आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 65 वर्षों से शहरों के लिए कोई स्कीम नहीं थी, और इस वजह से अतिक्रमण और झुग्गियां बनीं, और पानी की समस्याएं और कचरे की समस्याएं हुईं।

# बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार होंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ही होंगे। इस पद को लेकर जनता दल यूनाईटेड और भारतीय जनता पार्टी के अंदर कोई गतिरोध नहीं है। सोमवार को बिहार विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर के सामने तेजस्वी यादव के पहले और मंत्रियों के बाद विधायक के रूप में डॉ. प्रेम कुमार ने शपथ ली थी। और, अब उन्होंने बिहार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चयन के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है। इसके साथ ही सभी तरह की अफवाहों पर विराम लग गया है।

### नामांकन के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने क्या कहा?

विधानसभा अध्यक्ष पद पर नामांकन करने के बाद गया टाउन के भारतीय जनता पार्टी विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एनडीए नेतृत्व और पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है। उनके आदेश के बाद मैंने अपना नामांकन कर दिया है।